हकीकत किताबेवी प्रकाशन न० : 9

## इस्पात उन नब्बुवा

# नबुव्वत का सबूत

उन्नीसवाँ संस्करण

हकीकत किताबेवी

दारूश्शफेका कैड 53 पी.के : 35 34083

फोन: 90.212.523 4556 - 532 5843 फैक्स: 90.212.523 3693

http://www.hakikatkitabevi.com
e-mail: info@hakikatkitabevi.com

फातिह-इस्तानबुल/तुर्की

# हुसैन हिल्मी इशिक
## ‘रहमतुल्लाह अलैहि’

हुसैन हिलमी इशिक ‘रहमतुल्लाह अलैहि’ हकीकत किताबेवी के प्रकाशन के प्रकाशक है, यह अय्युब सुल्तान, इस्तानबुल 1329 (A.D. 1911) में पैदा हुए थे। इन्होंने 144 किताबों को प्रकाशित किया, 60 अरबी, 25 फारसी, 14 तुर्की और बची हुई किताबों को फ्रेन्च, जर्मन इंग्लिश, रशिया और दूसरी भाषाओं में किया।

हुसैन हिलमी इशिक ‘रहमतुल्लाह अलैहि’ (सय्यद अब्दुल **हा**किम अरावासी रहमतुल्लाह अलैहि के ज़रिये सिखाए गए) इस्लाम के एक अच्छे आलिम और तस्व्वुफ के फज़ाईल के बेहतर और मुरीदो को पक्के तरीके से राह दिखाने के काबिल, गौरव की बात और अक़्लमंदी के हाकिम, ऐसे मिजाज़ के थे, इस्लाम के महान आलिम खुशियों के राह दिखाने के काबिल थे, इन्होंने 25 अक्तूबर सन 2001 की बीच रात के दौरान को वफात पाई (8 शाबान 1422) और 26 अक्तूबर 2001 (9 शाबान 1422) इन्हे अय्युब सुल्तान में दफनाया गया, जहाँ यह पैदा हुए थे।

---

**पब्लिशर नोट:**

अगर कोई इस किताब को इसकी असली शक्ल मे छपवाना चाहे या किसी और ज़बान मे तर्जुमा करके छपवाना चाहे तो उसको हमारी तरफ से इसकी इजाज़त है। जो लोग इस किताब को तर्जुमा या छपवाके आगे देंगे हम अल्लाह ताला से उनके लिये दुआ करेंगे और उनके शुकगुज़ार है। हमारी यह

इलतीजा है कि अगर कोई इस किताब को छपवाएँ तो इसके पेजों की क्वालीटी अच्छी हो, बिल्कुल सही तरीके से और बिना ग़लती के छपवाएँ जायें।

---

**चेतावनी:** ईसाई मिशनरी अपनी बातों को फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, यहुदी लोग भी अपनी बातों को फैलाने की कोशिश में लगे हुऐ हैं।हकीकत किताबेवी जोकि इस्तानबुल में हैं इस्लाम को फैलाने की जद्दोजहद कर रहे हैं।जबकि बहुत लोग इस्लाम को नुकसान पहुँचाने में लगे हुऐ है जो इन्सान अक़्ल रखता है जानकारी रखता है और दिल से सही रास्ते की तलब करता हैं तो वह यकीनन सीधी राह को पा लेगा।जितनी भी राह उसे मिले वह उनमे से वो राह चुनेगा जो इंसानियत की निजात (उद्दार) के लिये हो।और कोई भी राह इंसानियत की निजात से बढ़कर नही हो सकती।इस्लाम किसी एक के लिये नही है बल्कि पूरी इन्सानियत के लिये है और हमारा मकसद इन्सानियत की भलाई के लिये ही हैं।

**TYPEST AND PRINTED IN TURKEY BY :**

IHLAS GAZETECILIK A.S.

29 Ekim Cad.No.23 YENIBOSNA-ISTANBUL/TURKEY

TEL: 90.212.454.3000

# बिस्मिल्लाहि र्रहमानि-र्रहीम

# प्रस्तावना

अल्लाह तआला ज़मीन के सारे बन्दों पर रहम करता है, कारगर चीज़ें ख़ल्क करता है और भेजता है। आख़िरत में भी वो अपने चुने गुनाहगार बन्दों को माफ करेगा जो जहन्नम के हकदार होंगे और उन्हे सीधा जन्नत में भेजेगा। वो अकेला है जो हर जानदार चीज़ को बनाता है, और सारी चीज़ों को वुजूद में रखता है और उन सबको ख़तरे और डर से बचाता है। अल्लाह पर भरोसा करते हुए हम इस किताब का तर्जुमा शुरू करते हैं।

हम्द हो अल्लाह की! उसके नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर दुरूद व सलाम हो! उस प्यारे नबी के प्यारे अहले बैत और सहाबाओं पर दुआ हो!

अल्लाह तआला अपने सारे इन्सानी बन्दों पर रहम करता है और चाहता है कि वो इस दुनिया में अमन और सुकून से रहें और आख़िरत में अबदी सुख पायें। इसके लिए उसने इन्सानों में से ही सबसे बेहतर को नबी बनाये और उन पर आसमानी किताबें नाज़िल की और उन्हे ख़ुशी और अमन का रास्ता दिखाया। उसने पहले ही ऐलान कर दिया है कि अबदी ख़ुशियाँ पाने के लिए पहले उसपे और उसके नबियों पर यकीन करना और उसकी पाक किताबों के हुक्मों पर अमल करना लाज़िम है। जिस शख़्स के पास यह यकीन है और वो हुक्मों को कुबूल करता है उसे **मोमिन** और **मुस्लिम** कहते हैं।

अल्लाह तआला का वाहिद होना और मौजूदगी समझाने के लिए इस्लामी आलिमों ने लगभग हर ज़बान में किताबें लिखी है। उनमें से एक किताब जो एक मुख़्तसर, साफ और समझने लायक अन्दाज़ में लिखी गई है,

शक शुबो को दूर करने के लिए अरबी ज़बान में **इस्पातु न नुबुव्वा** है जो बहुत कीमती है। महान आलिम इमामे रब्बानी अहमद अल फारूक़ी (कुद्दीसा सिरूह) ने यह किताब तब लिखी जब वो 18 साल के थे। इसमें उनके जोड़ और **शरहे मवाकिफ** किताब के आख़िरी हिस्से की वज़ाहत है। यह पहली दफ़ा अपने उर्दु तर्जुमे के साथ पाकिस्तान में छपी और शाय हुई। इमामे रब्बानी का जन्म 971 हिजरी (1564 A.D.) में हिन्दुस्तान के सरहिन्द में हुआ और वफ़ात 1034 हिजरी (1625 A.D.) में ही हुई।

हम दुआ करते है कि लोग इस किताब को पढ़े, समझे और गलत चीज़ों के असर से बचे और इस दुनिया के अमन और ख़ुशी के साथ-साथ आख़िरत में अबदी सुख पायें।

लेख में, कुरान करीम की तर्जुमा की हुई आयतें माल-ए-शरीफ से है (मुफस्सिरों के ज़रिए निकाले गए मायने), जोकि हो सकता है कि अल्लाह तआला के कहे हुए मतलब के मुताबिक़ हो भी या न भी हों। आख़िर में कुछ अंग्रेज़ी और ग़ैर अंग्रेज़ी लफ्जों के मायने भी दिए हुए है।

| मिलादी | हिजरी शम्सी | हिजरी कमरी |
|---|---|---|
| **2001** | **1380** | **1422** |

# पहला हिस्सा:
# इस्पातु-न-नुबुव्वा
## (नबुव्वत का सबूत)

सारी तारीफ़ें अल्लाह के लिए, जिसने नबियों को भेजा बन्दों को बन्दगी सिखाने के लिए और चार आसमानी किताबें उनपर नाज़िल की; इन किताबों में कोई शक शुबा नहीं है।आख़िरी किताब **कुरानुल करीम** उसने आख़िरी नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर नाज़िल की, जिसमें इन्सानी बन्दों के लिए ज़रूरी चीज़ों को बताया, काफिरों को जहन्नम के अज़ाब से आगाह किया जबकि ईमान वाले जो इस्लाम को मान रहे है उनके लिए जन्नत की ख़ुशख़बरी दी।मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को भेज कर अल्लाह तआला ने अपने इन्सानी बन्दों पर दीन मुकम्मल किया।उसने ऐलान किया कि जो इस्लाम मज़हब में है वो उनसे राज़ी होगा।अपने पहले के बन्दों के लिए भी उसने नबी भेजे और मोजिज़ा दिखाये।उसने कुरान पाक में साफ ऐलान कर दिया है कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के बाद कोई नबी न आयेगा।उसने फरमाया कि जैसे एक अन्धा इन्सान उनपर भरोसा करता है जो उसे रास्ता दिखाता है या एक बीमार मरीज ख़ुद को डाक्टरों के भरोसे पर छोड़ देता है, ऐसे ही सभी इन्सानों को उसके भेजे हुए नबियों पर भरोसा करना है जो इन्सानों को उसके भेजे हुए नबियों पर भरोसा करना है जो इन्सानों को बरबादी से बचाने और अपने दिमाग से ज़्यादा दिलवाने आये हैं।उसने मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को सबसे आला नबी बनाया और उसकी उम्मत को सम्यिक बनाया।अल्लाह ने आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की उम्मत को सबसे आला दरजा दिया।उसने अपनी किताब में ऐलान किया है कि

मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) में कोई कमी पेशी नहीं है, वो सबसे आला है और सारी मख़्लूक के नबी हैं। अपने आख़िरी नबी को भेजा यह बताने के लिए कि अल्लाह एक है और वो अपने बन्दों के बीमार दिलों को ठीक करेगा। दुरूद व सलाम हो आप पर और आपकी आल पर और सहाबाओं पर दिन व रात। यह सही रास्ता दिखाने वाले तारे है और अंधेरे का उजाला है।

यह भी देखा जाये कि यह बन्दा [इमामे रब्बानी मुजदिद अलफसानी] अहमद इब्ने 'अब्दुल अहद, जो अल्लाह की रहमत का तलबगार है, और सलामती के लिए दुआ करता है, ताकि उसके गुरू, शिष्य और पूर्वज रोजे महशर में परेशानी से बचे रहें, उन्होने देखा कि आप के ज़माने के लोग नबियों के आने की ज़रूरत में कमज़ोर हो रहे है, जिन **25** नबियों का नाम कुरान करीम में दिया हुआ है और आख़िरी नबी के ज़रिए लाया गये दीन पर। यहाँ तक कि हिन्दुस्तान के कुछ ताकतवर बड़े ओहदे वाले लोगों ने मेहनत से इस्लाम पर चलने वाले नेक मुसलमानों पर ज़ुल्म कर रखा है। और ऐसा भी हो रहा है कि लोग मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का नाम जो उनके माँ-बाप ने उनका रखा है, उसका मज़ाक बना रहे है और अपने नाम को बदल कर बेतुका नाम बना रहे है। ईदुल अज़हा में गाय को कुर्बान करना जो वाजिब है उसपर भी रोक लगा दी गई है। मस्जिदे या तो गिरा दी जा रही है या उन्हे म्यूज़ियम या दुकानों में तब्दील किया जा रहा है। कब्रिस्तान को या तो खेल का मैदान या कूड़ाघर बनाया जा रहा है। काफिरों के गिरजाघरों को ऐतिहासिक इमरत कहकर दुबारा संवारा जा रहा है। उनके त्यौहार और तरीके मुसलमान भी अपना रहे है। मुख़्तसिर तौर पर इस्लाम के तरीके को घिनौना समझा जा रहा है और छोड़ा जा रहा है। उन्हे "उन्नति रोधक" कहा जा रहा है। काफिरों के तरीके गलत मज़हब, बेजान और शर्मसार चीज़ों की तारीफ़ की जा रही है। उनको फैलाने के लिए कोशिशे की जा रही है। हिन्दुस्तान काफिरो की गंदी

व घिनौनी किताबें, गाने और नॉविलें मुसलमानों की ज़बान में छापी और बेची जा रही हैं।मुसलमानों के ईमान को कमज़ोर करने के लिए, और इस्लाम के ख़ूबसूरत अरकानों को तोड़ने और ख़राब करने के लिए, काफिरों के इन कामों की तादाद बढ़ती जा रही है।यहाँ तक की मज़हब के जानकार, जो कुफ्र की बीमारी का इलाज है वो भी इसमें पड़ कर बर्बादी की तरफ जा रहे है।

मैने मुसलमान बच्चों में फैले हुए इस कुफ्र को पढ़ा और जांचा कि इसकी शुरूआत कहा से है।मैने जाना कि उनके ईमान में बस एक कमज़ोरी है।इसकी वजह यह है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के जाने के बाद, और उसी वक़्त कुछ झूठे, छोठी सोच वाले, लामज़हबी जाहिल जिन्होने ख़ुद को सांईन्टिस्ट बना लिया, उन्होने मज़हबी मुद्दो पर बात की और लोगों ने उनके अल्फाज़ों को सच समझ लिया।मैने ऐसे कई लोगों से बात की है जिन्होने ऐसे झूठे सांईन्टिस्ट की बात लिखी हुई बातों पर यकीन कर लिया और वे ख़ुद को नूरानी और मॉर्डन कहते है।मैने देखा है कि उनमें से कई ख़ुद को नबुव्वत के दर्जे के बराबर समझने लगे हैं।मैने कई लोगों को कहते सुना है कि, “नबियों ने लोगों को एक साथ जोड़ने और अच्छी आदतें सिखाने की कोशिशे की है।इससे दूसरी दुनिया की ज़िन्दगी का कोई ताल्लुक नहीं है।फिलोस्फी की किताबें भी अच्छी आदतें सिखाने और लोगों को एक साथ जोड़ने का काम करती है।इमाम मुहम्मद ग़ज़ाली ने अपनी किताब **इहया उलूमुद्दी** को चार भागों में बांटा।पहले भाग में आपने ख़ूबसूरत आदतों की वज़ाहत, की जिसका नाम उन्होने **मुनजियत** (चीज़ें जो बचाती है) रखा।बाकी तीन भागों में उन्होने सलात, रोज़ा और दूसरी इबादतों के बारे में लिखा।यह किताब फिलोस्फी की किताबों से मिलती है।और इससे साबित होता है कि इबादत मुन्जी (बचाने वाली) नहीं है और बन्दगी अच्छी आदतों पर निर्भर करती है। “दूसरो ने कहा, उसने जिसने नबी की बात को, आयत को और मोजिज़ों को सुना हो पर इस पर ईमान न लाया हो, वो इस तरह है जैसे कोई शख़्स जो पहाड़ों पर या

रेगिस्तान में रहता है और उसने नबी के बारे में कभी नहीं सुना हो। इसकी तरह उसके पास भी ईमान नहीं है।"

इसके जवाब में हम कहेंगे कि अल्लाह रहमान है और सारे बन्दों पर रहम करता है और उसने चाहा कि वो बन्दों को सही करने और उनके दिलों की बीमारी को दूर करने के लिए नबी भेजे। उसका यह फर्ज़ पूरा करने के लिए नबियों का नाफरमान इन्सानों को डराना और फरमाबरदारों को आख़िरत के ईनाम के बारे में बताना लाज़िम था। इन्सान अपने फायदे की हर चीज़ लेना चाहता है। उन्हे पाने के लिए वो गुमराही, गुनाह और दूसरो को नुकसान पहुँचाता है। नबियों को भेजने की ज़रूरत यह थी ताकि इन्सान को गलत करने से बचाया जाये और उन्हे राहत की व अमन की ज़िन्दगी मिले इस दुनिया में और आख़िरत में भी। इस दुनिया की ज़िन्दगी छोटी है। दूसरी दुनिया की ज़िन्दगी अबदी है। इसी वजह से उस दुनिया की ज़िन्दगी को तरजीह दी गई है। कुछ फिलोस्फरों ने अपनी किताबों को ज़्यादा बेचने की ख़ातिर कुछ अपने ख़्याल उसमें डाले और उन्हे अच्छे अख़्लाक और किसी की ज़रूरी कामों के शक्ल में डाला, जोकि उन्होने उन लोगों की आसमानी किताबों से पढ़े जिनपर वो यकीन करते हो। हमाम मुहम्मद ग़ज़ाली (रहमतुल्लाही तआला अलैह) की किताब हुज्जतु-ल-इस्लाम इबादत की वज़ाहत करती है; फिक के आलिमों ने बताया कि इबादत कैसे की जाती है, पर उन्होने उसके खुसूसी छोटी चीज़ें नहीं बताई क्योंकि उनका मकसद था सही इबादत करने की शर्तो को और तरीकों को समझाना। उन्होने आदमी के दिल और रूह को नहीं देखा था। इमामे ग़ज़ाली काम तसव्वुफ के आलिमों का था। इमामे ग़ज़ाली ने मज़हब के इल्म को इकट्ठा किया जोकि जिस्मानी तौर पर और बाहरी कामों में तसव्वुफ के इल्म के साथ जानकारी देता था, जिससे अन्दरूनी पाकी भी मिलती है। आपने अपनी किताब में दोनों की वज़ाहत की। उन्होने दूसरी किताब का नाम **मुनजिय्यत** रखा, यानि वो इल्म जो बर्बादी से बचाता हो, पर उन्होने यह भी कहा कि इबादत भी

मुन्जी है।इबादत का तरीका जोकि एक बन्दगी है उसे फिक़ की किताबों से नहीं सीखा जा सकता।

यह उस महान इमाम की वज़ाहत पढ़ कर ही समझा जा सकता है।बन्दगी का वो इल्म जिससे दिल मुतालिक हो फिक की किताबों से नहीं सीखा जा सकता।

हम मेडिकल सांईन्टिस्ट कैलिनोस या ग़रामैरियन अमर सिबावैह को नहीं देख सकते।हम कैसे जाने फिर कि वो उन चीज़ों में उस्ताद थे? हम जानते है सांईन्स क्या है और दवाईयाँ क्या है।हमने कैलोनोस की किताबें पढ़ी और बयान सुने।हमने सीखा कि उसने बीमारों को दवा दी और ठीक किया।तब हम यह यकीन करते है कि वो एक डॉक्टर था।इसी तरह जब कोई गरामर का सांईन्सदान सिबावैह की किताब पढ़ता है या उसके कुछ लफ्ज़ सुनता है तो वो उसके गरामैरियन होने पर यकीन करता है।ठीक उसी तरह से जब कोई नबुव्वत का जानकार शख़्स कुरान करीम और हदीस शरीफ पढ़ता है तब वो पूरी तरह से जान जाता है कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) नबुव्वत में सबसे ऊँचे दर्जे पर थे।जैसे उपर लिखे गये आलिमों किसी का ई मान नहीं परेशान होगा, तो बदनामी और जाहिलों की गालियाँ या भटके हुए लोग किसी का ईमान कमज़ोर नहीं कर सकते मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की तरफ से, क्योंकि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की सारी सीख और आदतें इन्सान के सुधार की तरफ ले जाती है।उनके ईमान और अख़्लाक को पाक और कारगर बनाती है और उनके दिलों को नूरानी करती है जिससे उसका दिल बीमारी से ठीक हो जाता है और बुरी आदतों से मुक्त हो जाता है।

एक शख़्स जो पहाड़ों में या रेगिस्तान [या कम्यूनिस्ट देख] में रहता है और जिसने नबियों के बारे में नहीं सुना उसे **शाहिके जबल** कहते है।ऐसे लोगों

के लिए नबुव्वत और नबी के भेजे जाने पर यकीन करना नामुमकिन है। यह ऐसा है जैसे कोई नबी आया ही न हो उनके लिए। यह लोग माफी लायक है। [इनके मरने के बाद हिसाब के बाद, इनको जानवरों की तरह ही मिटा दिया जायेगा बिना जन्नत या जहन्नम में दाख़िल करे। ऐसा ही काफिर किशोर बच्चों के साथ भी किया जाएगा।] उनको नबियों पर ईमान लाने हुक्म नहीं था। उनको ध्यान में रखते हुए सूरह इसरा ऐलान करती है: **"हम तब तक अज़ाब न देंगे जबतक पहले हम नबी न भेजदे!"**

उन लोगों के शक को दूर करने की नीयत से जिन्होने अपनी मज़हबी तालीम जाहिल लोगों की किताबों से ली है और मज़हब के दुश्मनों के गलत कलम से सीखा है, मैने सोचा कि मैं वो लिखूँ जो मैं जानता हूँ। असल में मैने इसे अपना काम बना लिया है, एक कर्ज़ जो मुझे इन्सानियत को चुकाना है। मैने नबुव्वत को समझाने की कोशिश करी है यह साबित करने के लिए कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पूरी नबुव्वत के काबिज़ थे, काफिरों के दिमाग से इस शक को निकालने के लिए, और सांईन्स के कट्टर लोगों की शैतानी और नुकसान दिखाने के लिए जो इस सच को अपने ख़्यालों और राय से दबाना चाहते है। इस्लामी आलिमों की किताबों का हवाला देते हुए और अपने नेक ख़्याल डालते हुए, मैने उनके ख़्यालों को गलत साबित करा है। इस किताब में एक परिचय और दो लेख है। और परिचय दो भागों में बटा है। अल्लाह पर यकीन रखते हुए, मैं लिखना शुरू करता हूँ।

हिजरी 990 मिलादी 1582

अहमद इब्ने अब्दुल अहद
सरहिन्दी

## विषय सूची

### पहला हिस्सा

इस्पातु उन नुबुव्वा
(नबुव्वत का सबूत)

किरदार 3

प्रस्तावना........................................................ 4

दिबाचा........................................................ 6

1. नबुव्वत क्या है? .................................................. 14

2. मोजिज़ा क्या है? ..................................................16

3. बीधात: नबियों को भेजना और उसकी ज़रूरत .............. 21

4. मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की नबुव्वत का सबूत... 33

### दूसरा हिस्सा

दूसरे उनवान

5. एक मज़हबी जाहिल को जवाब ................................ 55

6. कम्युनिज़म और कम्यूनिस्ट की मज़हब के ख़िलाफ दुश्मनी ...89

7. सच्चा मुसलमान कैसा है? ...................................... 115

**8.** एक यूनिवर्सिटी तालिब को जवाब ........................... **118**

## तीसरा हिस्सा

सवानिह उमरी

**9.** सय्यद अब्दुल हाकिम अरवासी की सवानिह उमरी ......... **130**

**10.** सय्यद फहीम अरवासी की सवानिह उमरी .................. **146**

**11.** सय्यद ताहा उल हक्कारी की सवानिह उमरी ............... **158**

**12.** हुसैन हिल्मी बिन सईद अफेंदी की सवानिह उमरी ......... **166**

## चौथा हिस्सा

शब्दकोष

**13.** शब्दकोश ........................................................ **198**

# परिचय - I

# 1 - नबुव्वत क्या है?

**शरह-ए-मवाकिफ**, सय्यद शरीफ उल जुरजानी की किताब के आख़िरी हिस्से में लिखा है कि, कलाम के आलिमों के मुताबिक, एक शख़्स जिसे अल्लाह तआला कहे, "मैने तुम्हे फला-फला लोगों के लिए और फला मुल्क या पूरी इन्सानियत के लिए भेजा है," या "मेरे बन्दों पर ज़ाहिर करो।" या ऐसा ही कोई हुक्म दे, उस "नबी" या "पैग़म्बर" (पैगाम देने वाला या रसूल) कहते है। नबी होने के लिए ज़रूरी नहीं है कि रियादा या मुजाहदा जैसी शर्ते हों या नबुव्वत के मुताबिक खुसूसियत लेकर पैदा होना। अल्लाह तआला जिसे चुनता है उसपर यह तोहफ़ा नाज़िल फरमाता है। वो सब जानता है और जो वो करता है अफज़ल है। वो जो चाहता है वो करता है। वो सबसे ताकतवर है। कलाम के आलिमों के मुताबिक नबी को **मोजिज़ा** दिखाना लाज़िम नहीं है। यह कहा गया था कि उसे मोजिज़ा दिखाना पड़ता है ताकि लोग यकीन करे कि वो नबी है। पुराने ग्रीक फिलोस्फरों के मुताबिक नबी होने के लिए तीन शर्ते है: पहली **गैब** (गैर मालूम, इसरार) को ज़ाहिर करना, यानि गुज़रे हुए और आने वाले ज़माने के वाक्या बताना, ग़ैर मामूली चीज़ें करना, यानि वो काम जो दिमागी और सांईन्सी तौर पर नामुमकिन हों, तीसरा, किसी जिस्म या चीज़ में फरिश्ते को देखना और अल्लाह तआला की वही फरिश्ते से सुनना।

ना हमारे लिए और ना ही उनके (फिलोस्फरों) के लिए, एक नबी के लिए हर नामालूम को जानना ज़रूरी है। और उनमें से कुछ को जानना सिर्फ नबी के लिए ख़ास नहीं है। यह भी फिलोस्फरों के ज़रिए माना गया है कि जो **रियादा** से गुज़रते है, यानी, जो ख़ुद को एक कमरे में अलग कर लेते है, और

ज़िन्दा रहने लायक ही खाते है, कुछ लोग जिन्होने समझ खो दी है, और कुछ लोग जो सोते में राज़ खोल देते है। इस मामले में ऐसे लोग नबी से अलग नहीं है। शायद, जिसे फिलोस्फर 'गैब' कहते है वो ग़ैर मामूली चीज़ें नहीं है। एक या दो बार उन्हे जानना या बताने का यह मतलब नहीं है मामूली पार करना। यह बात दूसरो को नबियों से अलग करती है। कलाम के आलिमों ने यह भी रिवायत करी है कि अल्लाह तआला की तरफ़ से नाज़िल की हुई राज़ को नबी जानेंगे। पर उन्होने कहा कि राज़ को जानना कोई शर्त नहीं है नबी होने के लिए। और ऊपर लिखी हुई फिलोस्फी की बात ग़ैर मालूम को जानना गलत है। यह इस्लाम की बुनियादों के मुकाबिल नहीं है। और ऐसी बिना पर गैरमालूम को जानना एक अलग मौजू है। यह ग़ैरमामूली अजूबे है। इनपर ध्यान लगाने का कोई फायदा नहीं।

ग़ैर मामूली घटनाएं जैसे, किसी चीज़ पर असर डालना ख़ुद की मर्जी से, हवा पर असर डालना, ज़लज़ला या आग जब वो चाहे या जहाज़ का डूबना; आदमी का मरना या किसी तानाशाह का उसके नाश पर आना किसी की ख़्वाहिश से, यह सच इन्सान की रूह का असर है किसी माद्दे पर। असल में अल्लाह तआला अकेला है जो माद्दों पर असर डालता है। अल्लाह तआला यह असर जब चाहे, और जिसपर चाहे डाल सकता है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि ग़ैर मामूली चीज़ें या अजूबे सिर्फ नबियों के लिये ख़ास है। यह फिलोस्फरों के ज़रिए भी कुबूल कर लिया गया है। तब, यह नबी और दूसरो को अलग करने वाला कैसे हो सकता है?

हालांकि ग्रीक फिलोस्फरों ने कहा है कि ग़ैर नबी भी जादू कर सकता है, पर उन्होने उस जादू की ताकत को **इजाज़** की ताकत के बराबर नहीं माना। उन्होने कहा कि ऐसी ग़ैर मामूली चीज़ें नबियों के ज़रिए होती है इसलिए नबी औरों से अलग है।

फिलोस्फर बयान करते है कि एक फरिश्ता नबी पर ख़ुद को ज़ाहिर करता है और अल्लाह तआला की वही नाज़िल करता है नबुव्वत के लिए शर्त है, यह बयान उनकी ख़ुदकी फिलोस्फी पर इख़्तलाफ रखता है।इनकी यह बातों का मकसद ईमान वालों को गुमराह करना है, उनके मुताबिक फरिश्तें ग़ैर माद्दे और गूंगे है।वो कहते है कि आवाज़ निकालने के लिए माद्दे की ज़रूरत होती है।आवाज़ हवा की लहरों से आती है।इन शर्तो फिलोस्फरों कि यह कहना चाहते है कि फरिश्तें खुद को दिखा सकते है पर बोलने के लिए माद्दे की शक्ल लेते हैं।

# परिचय – II
# मोजिज़ा से क्या मुराद है?

हमारे लिए **मोजिज़ा** किसी शख़्स की सच्चाई का सबूत है जो दावा कर रहा हो कि वो एक नबी है।मोजिज़ा की शर्ते होती है:

**1-** अल्लाह तआला इसे मामूली चीज़ों के अभाव में बनाता है, जिससे उसका नबी साबित होता है।

**2-** इसे ग़ैर मामूली होना चाहिए।मामूली चीज़ें जैसे सूरज का पूर्व से निकलना हर दिन या बहार में फूलों का खिलना मोजिज़ा नही है।

**3-** दूसरो का उसे करने में असमर्थ हो पाना।

**4-** यह तभी होना चाहिए जब वो शख़्स जो अपनी नबुव्वत का ऐलान कर रहा हो, खुद चाहे।

**5-** उसे उसकी चाह के मुताबिक होना चाहिए। मसलन, अगर वो कहे कि मैं किसी मुर्दे को ज़िन्दा कर सकता हूँ पर उस मुर्दे की जगह कुछ दूसरा करिशमा हो जाये, मसलन अगर एक पहाड़ दो हिस्सों में टूट जाये। तो वो मोजिज़ा नहीं होगा।

**6-** जो मोजिज़ा उसकी मर्ज़ी से हुआ हो उसे उससे झूठ नहीं बोलना चाहिए। मसलन अगर वो अजूबे से किसी दैत्य से बात कर रहा हो और वो दैत्य बोल पड़े; "यह आदमी झूठा है," यह मोजिज़ा नहीं होगा।

**7-** उसके ख़ुद को नबी कहने से पहले मोजिज़ा के साथ नहीं है। मसलन जन्नत का टुकड़ों में टूट जाना, तारों का बिख़र जाना और पहाड़ों का तबहा हो जाना तब होगा जब दुनिया ख़त्म होगी, आख़िरत के दिन। यह मोजिज़ा हर नबी ने बताया है। पर जो उन्हे सुनते है उनके लिए ज़रूरी नहीं कि वो उसे मोजिज़ा जाने। तो यही बात वली की करामत की है जो नबी का मोजिज़ा बनी हो, हालांकि इसका नबी से कोई तालुक्क न हो। अब तक जो हमने बयान किया वो सय्यद शरीफुल जुरजानी की किताब **शरहे मवाकिफ** में वज़ाहत से बयान है।

कई उलेमाओं के मुताबिक, हालांकि खुली **तहद्दी** (चुनौती) जो कहता हो, "जाओ और उसी तरह करो! पर तुम नहीं कर पाते!" यह मोजिज़ा की शर्त नहीं है, मोजिज़ा का मायने में तहद्दी है। क्योंकि तहद्दी इस रिवायत में मुद्दे का सवाल नहीं है जिसमें आख़िरत के वक़्त की बातें है या वाक्या है, यह चीज़ें काफिर के लिए मोजिज़ा नहीं है। औलियाओं की करामात मौजिज़ा नहीं है क्योंकि उन्होने नबुव्वत का ऐलान नहीं किया और उसमें कोई तहद्दी नहीं थी। सच यह है कि ऐसे बिना चुनौती के अजूबे किसी शख़्स जो नबी होने का ऐलान कर रहा हो, उसकी नबुव्वत की सच्चाई को साबित नहीं करते, का यह मतलब नहीं कि मोजिज़ा साबित नहीं कर सकते। इसके बरअकस यह वो है जो

मोजिज़ा से उम्मीद रखी जाती है। नहीं होना चाहिए। अजूबे जो पहाले होते है [नबी होने के ऐलान से पहले] जैसे ईसा (अलैहिस्सलाम) [जेसस] बात करते थे पालने में, जब एक सूखे पेड़ से आपने खजूर मांगे तो हाथों में खजूर का आजाना, और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के बचपन में, आपके सीने का खुल जाना और धोकर आपके दिल का साफ किया जाना, आपके सिर के ऊपर हमेशा एक बादल का रहना और पेड़ों और पत्थरों का आपको सलाम कहना मोजिज़ा नहीं थे पर करामात थी। इन्हे **इशारा** कहते है। (नबी होने की निशानी) यह नबुव्वत पर ज़ोर देते है। ऐसी करामातों का वलियों के ज़रिए होना भी मुमकिन है। अपनी नबुव्वत का ऐलान करने से पहले नबियों का रूत्बा औलियों से नीचा नहीं होता। उनसे करामात देखी गई। एक मोजिज़ा नबी की नबुव्वत का ऐलान करने के फौरन बाद हो सकता है। मसलन अगर वो कहे कि एक महीने बाद फला-फला वाक्या होगा, तो अगर एक महीने बाद वो वाक्या हो जाता है तो वो मोजिज़ा है। पर उसके होने से पहले नबुव्वत पर यकीन करना ज़रूरी नहीं।

एक मोजिज़ा जो नबी की नबुव्वत को दिखाने सिर्फ वो एक ज़रूरत नहीं एक अकलमन्द के लिए। यानि, यह उस मसले से अलग है जहाँ कोई काम अपने करने वाले को बता रहा है। अक्लमन्दों के लिए किसी चीज़ का सबूत होना मानने के उन दो चीज़ों में राब्ता चाहिये होता है। जब सबूत देख लिया जाये, जुड़ी हुई चीज़ का वजूद किसी और का वुजूद नहीं है, यकीन है। यह मामला

सवाल: मोजिज़ा उस शख़्स की सच्चाई का सबूत देते है जो यह दावा करता है कि वो एक नबी है चूकि वो अजूबे होते हैं। क्या एक मोजिज़े में नबुव्वत साबित करने की अलग कुव्वत होती है?

जवाब: यह असल मसला नहीं है। एक मोजिज़ा किसी नबी के दावे को साबित करता है इस सच्चाई को जानते हुए कि दूसरे वो नहीं कर सकते, जिसका मतलब है कि मोजिज़ा में एक अलग कुव्वत है। और यह सच्चा सबूत है।

सवाल: **शहरे मवाकिफ** में सयैद शरीफ उल जुरजानी कहते है, नक्ल खुद में एक सबूत नहीं हो सकती बल्कि जो शख़्स यह कह रहा है कि वो नबी है उसकी सच्चाई पर भी यकीन होना चाहिए, और यह एक अक्लमन्द इन्सान के कुबूल करने से होता है। मोजिज़ा देखने के बाद एक अक्लमंद इन्सान यकीन करता है कि नबी ने सच कहा है, जबकि कुछ देर पहले उसने कहा कि यह एक अक्लमंद नही कर पाता। क्या ये दोनों बातें एक दूसरे से मुख़ालिफ नहीं है?

जवाब: इससे ठीक ऊपर की बात यह कहनी है कि अक्लमंद दो मोजिज़ा पढ़ता है जो नबी की सच्चाई को साबित करता है। वह ये नहीं कहता कि अक्लमन्द को मोजिज़ा की सच्चाई साबित करने पर ख़ुद पर कोई असर पड़ता है। चाहे हमे यह मानना पड़े कि यह कहता है कि इसका कुछ असर है फिर भी यह ये नहीं कहता है कि इसे किसी अक्लमंद के ज़रिए आका जा सकता है। अब जब कोई नहीं कहता कि इस मसले का अक्लमंद पर कोई असर नही पड़ता तो यह मुख़ालिफत बेबुनियाद है। सय्यिदुल जुरजानी का बयान एक रिवायती मोजिज़े की वज़ाहत पर था, जिसके लिए ऐसा बयान माकूल था।

एक मोजिज़ा जो नबी की सच्चाई बयान करता है वो सुनने पर यकीनी भी नहीं होता। यह एक कायनाती निशानी है। यानि, जब कोई मोजिज़ा देखा जाता है, अल्लाह तआला देखने वाले को यह इल्म देता है कि नबुव्वत का ऐलान करने वाला सच बोल रहा है। यह अल्लाह का कानून है। यह

इसलिए कि, हालांकि एक झूठे के लिए मोजिज़ा दिखाना मुमकिन हो सकता है, ऐसा कभी नहीं हुआ। अगर कोई शख़्स अपनी नबुव्वत का ऐलान करता है और एक पहाड़ उठा कर कहता है, “अगर तुम मुझपर भरोसा करते हो तो यह पहाड़ अपनी जगह पर वापस चला जायेगा। अगर तुम मुझपर ईमान नहीं लाते तो यह तुम्हारे सिरों पर गिरेगा।”, अगर वो देखे कि ईमान लाने पर वो पहाड़ वापस अपनी जगह पर जा रहा है या ईमान न लाने पर उनकी तरफ आ रहा है तो इलाही के कानून से यह समझ आ जाता है कि वो सच बोल रहा है हाँ, पर एक अक्लमंद के विचार से यह मोजिज़ा एक झूठे के ज़रिए भी मुमकिन है। पर यह इलाही, अल्लाह तआला का कानून नहीं है। यानि ऐसा कभी नहीं देखा गया। [एक अक्लमंद, झूठे इन्सान के मोजिज़े को पहचान लेता है और कहता है, “अल्लाह सबसे बड़ा है, यह तो वो भी कर सकता है।” यह हल जो इलाही कानून के अनुकूल नहीं है, या इस हल के बहुत कम वाक्या है, यह हमारे इल्म को कोई नुकसान न पहुंचायेगे अल्लाह तआला के कानून से मुताल्लिक। मसलन, दज्जाल, एक झूठा जो कयामत के दिन आयेगा और लोगों को मारेगा फिर ज़िन्दा करेगा, वो सब हमारा इल्म नहीं बदलेगा उसके झूठा होने के मुताल्लिक। नमरूद की आग का इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) को न जलाना, अल्लाह के कानून को नहीं बदलता जो आग को जलाने की कुव्वत देता है। हालांकि, वाक्यों के होने वाली मुख्तिलफ जानकारी जो एक दूसरे में इख़्तिलाफ रखती हो जिसे एक अक्लमंद ने जान्चा सबूतों के ज़रिए, इस मालूमात को नुकसान पहुंचाती है।] इसकी मिसाल इस तरह है: अगर कोई शख़्स बादशाह का पैग़म्बर होने का दावा करता है और कहता है, “अगर तुम मुझपर यकीन नहीं करते, तो यह मेरा ख़त बादशाह के पास ले जाओ।” ख़त में लिखा हो; “अगर यह सच है कि मैं आपका पैग़म्बर हूँ तो तख़्त से उतर कर ज़मीन पर बैठ जाओ।” वो ख़त को बादशाह के पास ले जाते हैं और वो पढ़ता है और वैसे ही करता है जैसे लिखा है। जिन्होने यह देखा उन्होने यकीन किया कि वो सच बोल रहा था। यह ईमान उस तरह नहीं है जैसे ग़ैर मालूम को

पसन्द करता गवाह की तरह" यानि किसी और चीज़ को देखकर अन्देखी चीज़ पर यकीन करना। एक मोजिज़ा यकीनी तौर पर सच्चाई का सबूत देता है। मुताज़िला के मुताबिक, एक झूठे के लिये मोजिज़ा दिखाना मुमकिन नहीं है।

जादू या ऐसी चीज़ें किसी वाक्या में होती है यानि करने से वो होती है या कभी-कभी यह धोखा होता है आंखों का जो किसी के ख़्यालातों को पढ़ कर किया जाता है जबकि यह असल में नहीं होते। यह अजूबे नहीं है।

# 3– नबियों को भेजना और उसकी ज़रूरत

इन्सान अपने खल्क किये वक़्त पर कुछ नहीं जानता था। उसके आस-पास की मख़लूक जो इतनी वसीअ है कि सिर्फ अल्लाह तआला इसकी हद जानता है। यह रिवायत सूसह मुज़स्सिर [...और कोई अल्लाह की ताकत को नहीं जानता सिवाये उसके... **(74-31)**] की **31**वीं आयत में है। एक छोटा बच्चा अपने अहसास के आजूओ से अपनी पढ़ाई शुरू कर देता है। चीज़ों की हर तालीम को **आलम** कहते है।" इन्सान में महसूस करने की कुव्वत सबसे पहले बनी; छूने की कुव्वत से इन्सान ठंडे, गर्म, सूखा, गीला, नर्म, सख़्त और ऐसी चीज़ों को पहचान लेता है। महसूस करने के आजऊ रंग और आवाज़ को नहीं पहचान सकते और इन्हे ग़ैर वजूदी समझा जाता। तब उसके देखने के आजऊ बनाये गये, और उससे रंग और आकार को पहचाना गया। इस आज़ऊ से पहचानी गई दुनिया में महसूस करने वाले आज़ऊ से पहचानी गई ज़्यादा चीज़ें थी। अगला उसका सुनने से मुतालिक आजऊ। इस आजऊ से आवाज़ और तरंगे पहचानी। फिर उसकी स्वाद की और सूंघने की कुव्वत बनाई

।तो यह पांच आजअू जो दुनिया को समझने की अनुभूति दिलाते थे पूरे हो गए।ज़िन्दगी के सांतवे साल में, उसको तमीज़ (विवेक) बनाया गया, उन चीज़ों से जो महसूसी आजअू नहीं समझ सकते थे।यह ताकत महसूस आजअू के ज़रिए पहचानी गई चीज़ों को एक दूसरे से अलग करती है।फिर उसकी अक्ल और बुद्धिमता बनाई गई।क्या अच्छा है कारगर है, बुरा है, नुकसानदेह है, अक्ल की ताकत से निर्धारित होता है बुद्धिमता, ज़रूरी, ग़ैर ज़रूरी, मुमकिन, नामुमकिन को एक दूसरे से अलग करती है।बुद्धिमता उन चीज़ों को समझाती है जिन्हे अनुभूति और अक्ल की ताकतें नहीं समझा सकती।बुद्धिमानता के अलावा अल्लाह तआला ने अपने कुछ चुनिन्दा बन्दों में एक और ताकत ने अपने कुछ चुनिन्दा बन्दों में एक और ताकत बनाई।इससे वो चीज़ें भी समझी जा सकती है जिन्हें बुद्धिमनता नहीं समझ सकती या जो आगे होने वाली होती है।इसे कहते है **नुबुव्वत** की ताकत।चूंकि बुद्धिमानता की ताकत अक्ल के दायरे को नहीं समझ सकती, यह लाज़िम सी बात है उनके लिए।और चूंकि अक्ल, नबुव्वत की करी हुई चीज़ों को समझ नहीं पाती तो वो ईमान नहीं लाती और उसे नकारती है।जिस चीज़ को नहीं समझ पाते उसे नकारने का नतीजा है नासमझना और ना जानना।वैसे ही जैसे कोई शख़्स अन्धा पैदा हुआ हो उसे रंग और आकार की कोई समझ न होगी अगर उसने इनके बारे में सुना न हो तो।वो उनके वुजूद पर यकीन नहीं करेगा।अपने बन्दों को यकीन दिलाने के लिए अल्लाह तआला ने इन्सान में ख़्वाब बनाये इसी ताकत से मिलते जुलते।ख़्वाब में इन्सान साफ देख सकता है कि आगे क्या होने वाला है या अपने आपको आमाले मिसाल में देख सकता है।एक शख़्स जो नहीं जानता कि ख़्वाब क्या होते है, उससे कहा गया कि, "जब इन्सान का दिमाग बन्द हो जाता है और सोच और समझ चली जाती है जैसे वो मर गया हो तो वो अनजानी चीज़ें देखता है जोकि दिमाग की पहुंच से बाहर होती है।" तो वो इन्कार कर देगा।यहाँ तक कि वो इस बात को नामुमकिन साबित कर देगा यह कहकर कि, "इन्सान अपने आजअू से आस-पास की चीज़ें महसूस

करता है।जब उसके यह आजअू काम नहीं करेंगे तो वो कुछ नहीं पहचानेगा।" और वो इसकी वजहे बड़े अकड़ कर बताता है।जैसे महसूस करने वाले आजअू, अक्ल मसलों को नहीं समझ सकते उसी तरह, अक्ल भी नबुव्वत उन चीज़ों को नहीं पहचान सकती जिन्हे नबुव्वत जानती है।

वो जो नुबुव्वत के वुजूद पर शक करते है, वो शक करते है इसके मुमकिन होने पर या अगर इसका मुमकिन होना कुबूल है वो उसके होने पर शक करते है।इसका होना और वुजूद होने का सबूत है कि नबी वो बातें बताते है जो अक्लमन्द की कुव्वत से बाहर हैं।यह जानकारी, जो किसी अक्लमंद से नहीं ली जा सकती, हिसाब या प्रयोग सिर्फ अल्लाह के **इहलाम** से लिए गए थे।(अल्लाह तआला या उसके फरिश्तों के ज़रिए दिल में रखी गई प्रेरणा, यानि नबुव्वत की ताकत के ज़रिए) नबुव्वत की ताकत की और भी खुसूसियात है।ख़्वाब इसकी एक ताकत से मिलते जुलते है, इन्सान में है, हमने इसे एक मिसाल के तौर पर बताया है।इसकी दूसरी ख़ासियत जौक़ (चखने, संवेदनशीलता) के ज़रिए उन लोगों पर नाज़िल होती है जो तसव्वुफ के रास्ते पर कोशिशे करते है।जो ख़ासियतें हमने बताई है वो काफी है एक शख़्स को नबुव्वत के में यकीन कराने के लिए।इमाम मुहम्मद गज़ाली, भी अपनी किताब **अल मुनकिद मिनद दलाल** में इस ख़ासियत को नबुव्वत पर यकीन के मुताबिक सबूत के तौर पर लिखते हैं।

पुराने ग्रीक फिलोस्फरों के मुताबिक, नबुव्वत में यकीन रखना फायदेमन्द है।वो कहते है, "नबुव्वत में यकीन रखना अक्ल में मदद करता है।वुजूद में ध्यान लगाना, अल्लाह की ताकत और इल्म इससे मिलता जुलता है।साथ ही अक्लमन्द की कुव्वत से बाहर की कई चीज़ें इन्सान नबी से सीखता है।इसकी मिसाल है आख़िरत, दूसरी दुनिया का इल्म, अच्छी बुरी चीज़ों का खुलासा, और जानना कि कुछ खाने और दवाईयां नुकसानदेह है या नहीं।"

वो जो नबुव्वत में यकीन नहीं रखते कहते है:

**1-** वो शख़्स जिसे नबी बनाकर भेजा गया है उसे पता होना चाहिए और यह कहने वाला, "मैने जिसे तुम्हारे पास भेजा है वो नबी है। मेरा पैगाम फैलाओ।" वो अल्लाह है। और उस बारी में अल्लाह को जानना मुमकिन नहीं है। यह लफ्ज़ बोलने वाला जिन भी हो सकता है। हर मज़हब के लोग जिनों में यकीन करते है।

**जवाब:** जो शख़्स नबी के तौर पर भेजा गया है उसके मोजिज़ात उसको साबित करते है। अल्लाह तआला वाहिद है जो मोजिज़ा बना सकता है। जिन ऐसा नहीं कर सकते। और न ही कोई और मख़्लूक।

**2-** "वो फरिश्ता जो नबी के पास वही लेकर आता था अगर एक माद्दा था तो जो लोग वहाँ मौजूद थे वो उन्हे भी दिखाई देना लाज़िम था। आप भी यही कहते है कि उसे देखा नहीं गया। अगर वो एक माद्दा नहीं सिर्फ रूह थी तो उसे सुनना या देखना नामुमकिन था। अगर आपका जवाब है: जो फरिश्ता नबी के पास अल्लाह की वही लाता था वो एक माद्दा था। अल्लाह ने चाहा कि वो न देखा जाये, जोकि उसकी ताकत में है, तो यह ज़रूरी नहीं कि हम हमारे सामने किसी पहाड़ को देखे या हमारे बराबर में बज रहा कोई ढोल सुने, जो कि दकयानूसी बात है।"

**जवाब:** जो वही लाता था वो एक फरिश्ता था। एक फरिश्ता साफ, पारदर्शी शय है। यह अल्लाह का कानून नहीं है कि वो रंगहीन और पारदर्शी चीज़ों को ज़ाहिर करे। तो वो रंगहीन और पारदर्शी था इसलिए उन्हे नहीं देखा गया। यह दक्यानूसी बात होगी अगर हम कहें कि ठोस चीज़ों को नहीं देखा जाता। किसी रूह के लिए दिखने लायक शक्ल इख़्तियार करना मुमकिन है, बोलना और सुनाई देना भी, जोकि कई बार हुआ है।

**3-** “नबी पर ईमान रखने के लिए यह समझना ज़रूरी है कि वो एक नबी है।और यह एक लम्बी जांच परख के बाद ही मुमकिन है।उसे उसी वक़्त मानने की ज़िम्मेदारी बेतुका भी है।”

**जवाब:** नबी के मोजिज़ा देखने के बाद उसके सच पर भरोसा न करना नामुमकिन हो जाता है।जिन्होने इसे देखा या सुना हो उन्हे यह सच फौरन मान लेना चाहिए।

**4-** “यह एक नबी का काम है कि अच्छी चीज़ों का हुक्म देना और नुकसानदेह चीज़ों से बचाना।और यह इन्सान के लिए मजबूरी और ज़बरदस्ती का सबब बनती है। ‘अल्लाह ने इंसान हरकत बनाई है; आदमी का इन हरकतों में कोई हाथ नहीं है।’ यानि इसका मतलब है इन्सान को वो करने पर मजबूर करना जो वो नहीं कर सकता।”

**जवाब:** बन्दे की ताकत का, अपनी हरकत की मख़्लूक पर कोई असर नहीं पड़ता, पर वो अपनी मख़्लूक की कामना कर सकता और बना सकता है।इसे **कस्ब** कहते है।इन्सान अपनी कस्ब कुव्वत को इस्तेमाल करने का हुक्म दिया हो।

**5-** हुक्म को मानना इन्सान को थका देता है और न मानने से वो अज़ाब में रहेगा।बन्दे के लिए दोनों चोर नुकसानदेह है।अल्लाह हाकिम है, दो नुकसानदेह चीज़ें नहीं करता।

**जवाब:** इसपर हमारा जवाब यह होगा कि सारे हुक्म इस दुनिया और आख़िरत दोनों के लिए फायदेमन्द है।जितनी मेहनत इन्हे करने में लगती है उससे कई गुना ज़्यादा इसके फायदे हैं।थोड़ी सी मेहनत करके कई फायदों को खो देना कमअक्ली है।

**6-** "अगर थकन के बदले में जो ऐसा हुक्म को पूरा करने में हुई हो कुछ फायदा न मिले तो ऐसा हुक्म देना बेतुकी बात है। अगर उसमें फायदे है और वो सारी अल्लाह के लिए ज़रूरी है, तो इसका मतलब है कि उसे अपने बन्दों की ज़रूरत है, जोकि सच के बिल्कुल उल्टे है। अगर वो इन्सान के लिए फायदेमन्द है तो यह उनका हुक्म देना और उसे न पूरा करने वालों को अज़ाब देना सही नहीं है। यानि इसका मतलब ये हुआ, या तो वो करो जो तुम्हारे लिए फायदेमन्द है या मैं तुम्हे हमेशा अज़ाब में रखूँगा।"

**जवाब:** अक्ल जिसे ख़ूबसूरती, बुरा या बेतुका समझती है वो हमेशा वैसा नहीं होता। और न ही यह कहना सही है कि अल्लाह की हर मख़्लूक फायदेमन्द है। हम इसे आगे साबित करेंगे। अबदी अज़ाब इसलिए नहीं दिया जायेगा क्योंकि किसी फायदेमन्द चीज़ को नहीं अपनाया बल्कि इसलिए दिया जायेगा क्योंकि बन्दे ने अपने ख़ालिक अपने मालिक का हुक्म नहीं माना। उसका न मानना कुफ्र, नापाकी और उसके प्रति अपमान है।

**7-** "जबकि अल्लाह तआला जानता है कि उसका बन्दा यह नहीं कर सकेगा या करना नहीं चाहेगा जो कि उसके लिए फायदेमन्द हो? ऐसा हुक्म क्या उसके बन्दे के लिए बुरा और नुकसानदेह न होगा?

**जवाब:** जैसा हमने ऊपर लिखा है कि अगर हम मान भी ले कि ऐसे हुक्म को मानना बन्दे के लिए नुकसानदेह हो सकता है पर बड़े ईनाम हासिल करने के लिए चाहिए होता है छोटी परेशानियों को पार किया जाये। मुताज़िला के मुताबिक, इस्लाम के **72** फिरकों में से एक, किसी काफिर का अल्लाह तआला के हुक्म और मनाहियों को मानने के लिए समझाने पर कुछ ईनाम है। उसे हिम्मत देकर सवाब कमाने के लिए कहना भी अहम है। सवाब वो रहमत है जो उस बन्दे के लिए होती है जो पूरे तजवीज़ के साथ अल्लाह के हुक्मों को पूरा करे। यह रहमत तजवीज़ से नहीं आता। मसलन, कोई बन्दा

किसी को खाने पर बुलाता है पर वो उसे दावत नहीं देगा तो अपनी नीयत ज़ाहिर नहीं कर पायेंगा। इस मसले पर मैं मुसलमान सोचने वालो के बयानों की रिवायत करना ज़रूरी समझता हूँ:

अल्लाह तआला ने इन्सान को कमज़ोर और ज़रूरतमन्द बनाया है। उसे खाना, कपड़े, रिहाइश, अपने दुश्मनों से हिफाज़त और भी कई चीज़ों की ज़रूरत होती है। एक आदमी अपनी ज़रूरतें ख़ुद पूरी नहीं कर सकता। इसके लिए उसकी ज़िन्दगी बहुत छोटी है। उसे दूसरे से साझेदारी बनानी होगी और साथ रहना होता है। एक आदमी अपनी बनाई हुई चीज़ दूसरे को देता है और दूसरा उसके बदले में उसे वो चीज़ देता है जिसकी उसे ज़रूरत होती है। यह साथ की ज़रूरत को ऐसा कहा जाता है कि "इन्सान को सभ्य बनाया गया है।" सभ्यता में रहने की एक ज़रूरत इंसाफ भी है। हर कोई वो चाहता है जिसकी उसको ज़रूरत होती है। इस चाहत को 'शहवा' कहते है। वो गुस्सा होता है अगर कोई उसका फायदा उठाता है। चीख पुकार, जुल्म और बुराई उनमें पैदा होती है। सभ्यता टूट जाती है। एक सभ्यता में तिजारत जारी रखने और इंसाफ कायम रखने के लिए कई सिधांतों का जानना ज़रूरी है, और हर एक सिधांत कानून बनता है। उन्हे एक सही तरीके से समझना ज़रूरी है। अगर इन्हे बनाने में इन्सान एक राय नहीं होते तो झगड़ा फिर शुरू हो जाता है। इसलिए इन्सानियत को सबसे आला शख़्स को इसे बनाना चाहिए। उसके फैसलों को कुबूल करवाने के लिए उसका ताक़तवर होना ज़रूरी है और यह जानना ज़रूरी है कि वो फैसलें उसकी तरफ से ही आये है। मोजिज़ा इसी तरह के सबूत है। वो जो अपनी ख़्वाहिशातों और शहवा के पीछे भागते है उन्हे इस्लाम पसन्द नहीं आता। वो इसके कानूनों का पालन नहीं करना चाहते। यह दूसरो का हक तोड़ते है और गुनाह करते है। जो इस्लाम का पालन करेगे उन्हे सवाब मिलेगा और जो नहीं करेगा उसे अज़ाब, यह ऐलान इस्लाम को और मज़बूत बनाता है। इसके लिए जिसने यह हुक्म दिया है और जो सज़ा देगा उसे

जानना ज़रूरी है। इसलिए इबादत का हुक्म दिया गया। हर दिन इबादत करके वो याद रहता है। इबादत की शुरूआत होती है मानने से और उसके वुजूद पर ईमान लाने से, उसके नबियों और बरकत और दूसरी दुनिया के अज़ाब पर ईमान लाने से।

इबादत करने और ईमान लाने से तीन चीज़ें निकलती है: बन्दा खुद की हवस से निजात पाता है; दिल और रूह पाक होती है, और बन्दे को गुस्सा नहीं आता; हवस और गुस्सा, बनाने वाले को याद करने में बाधा डालते है। दूसरे बन्दों को महसूस करने वाले आजअू के अलावा के अलग-अलग एहसास होता है माद्दो के ज़रिए। तीसरा, जैसा कि पता है कि अच्छे काम करने वाले को सवाब और बुरा करने वाले को अज़ाब मिलेगा इससे इन्सानों में इन्साफ कायम होता है। यह बयान मुसलमानों का मुताजिला के बयान से मिलता है कि, "मसलों का फायदेमन्द होना सही है।"

**8-** "अगर बहुत पहले ही किसी फर्ज़ का होना अल्लाह ने लिख दिया है, जैसे हिदायत नामुनासिब बेतुका और बेतर्क होगी। तो किसी फर्ज की हिदायत देना जो अटल है बेकार है। दूसरी तरफ, जो फर्ज पहले नहीं लिखे गए उनको कराना सताने वाली बात होगी। इसका मतलब हुआ, "नामुमकिन को करो!"

**जवाब:** अगर इन्सान वो फर्ज पूरा कर सकता है तो यह सताना या तकलीफ देना नही हुआ उस हुक्म को पूरा करना। अल्लाह तआला ने इन्सान की कुव्वत के मुताबिक ही हुक्म दिए है। इस सवाल पर हमारा जवाब, हुक्मों को मद्दे नज़र रखते हुए उसी तरह होगा जैसा कि अल्लाह तआला के बनाने पर सवाल था। यानि, यह नहीं कहा जा सकता कि अल्लाह तआला को वो बनाना पड़ेगा जो बहुत पहले लिखा जा चुका है। और न ही यह कहा जा सकता है कि अल्लाह तआला वो नहीं बना सकता जो बहुत पहले लिखा जा चुका है।

**9-** "हुक्म जो जिस्म के लिए मुश्किल है वो इन्सान को अल्लाह के वुजूद को जानने से रोकता है।और इससे इन्सान का बाकी काम करने के लिए वक्त नही मिलता।

**जवाब:** हुक्म के फायदों से इन्सान अल्लाह के वुजूद और ज़िन्दगी के तरीकों को जानता है।हमने इसका जवाब वज़ाहत से ऊपर सातवे सवाल में दिया है।[हुक्मों का मानना इस्लाम में लाज़िम है यानि, हुक्म पूरा करने की ज़रूरत को जानना और मनाहियों से बचना।अगर कोई सारे हुक्म मानता है और सिर्फ एक हुक्म नहीं मानता और उसका अपमान करता है तो उसने मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर ईमान खो दिया।वो एक काफिर हो गया।मुसलमान होने के लिए सारे हुक्मों पर ईमान लाना ज़रूरी है।अगर कोई मुसलमान, हालांकि वो हुक्मों पर ईमान रखता है पर नाफरमानी करता है मसलन, सुस्ती की वजह से नमाज़ न पढ़ना, या अपने बुरे दोस्तों के साथ देना या नफ्स का शराब पीना, लड़कियों और औरतों के मामले में बिना अपने सिर और हाथ ठके घर से बाहर जाना, तो वो अपना ईमान नहीं खोते और न काफिर बनते है।ऐसा इन्सान एक नाफरमान और गुनाहगार मुस्लिम होता है।अगर वो जानकर एक भी हुक्म को पूरा नहीं करना चाहता यानि कुबूल नहीं करता और उसे अपना फर्ज़ नहीं समझता तो वो ईमान खोकर **मुरतद** हो जाता है।ऐसे बयान जैसे, "क्या होगा अगर मैं नमाज़ नहीं पढ़ँगा और नंगे सिर बाहर जाऊंगी? लोगों के साथ रहना और उनके लिए अच्छे काम करना माफ़ से बरतर है," का मतलब है कुछ हुक्मों को मानना और कुछ को नकारना।हर मुसलमान को इस बात पर ज़रूर ग़ौर करना चाहिए, और वो जो हुक्मों का पालन नहीं करते वो अपना ईमान खोने से होशियार रहे।किसी हुक्म को नज़रअन्दाज़ करना अलग बात है उसे न करना चाहने से।इन दोनों में भरमाना नही चाहिए।]

**10-** "एक अक्लमन्द वो काम करता है जो उसे फायदेमन्द लगता है और उस काम से बचना है जो उसे लगता है नुकसानदेह है। जब उसे इसमें फर्क नहीं पता चलता वो चीज़ फायदेमन्द है या नुकसानदेह तो वो उसे करता है अगर उसकी ज़रूरत होती है। अक्लमन्द के इस काम को देखते हुए नबियों को भेजना ज़रूरी नहीं था।"

**जवाब:** ऐसी कई चीज़ें है जो या तो एक अक्लमन्द समझ नहीं सकता या गलत समझता है और उन्हे नबियों के ज़रिए सिखाना ज़रूरी है। एक नबी एक खास डॉक्टर की तरह होता है। वो दवाईयों के असर को अच्छी तरह जानता है। हो सकता है कि किसी आम आदमी ने कई सालों के तजुर्बे के बाद और अपनी अक्ल से कुछ दवाईयां बना ली हो पर उस अक्लमन्द आदमी ने हो सकता है इसे सीखने में कई नुकसान झेले हो, और इसमें काफी वक़्त और काम करना पड़ा होगा। उनके पास अपनी अक्ल से दूसरे ज़रूरी काम करने का वक़्त नहीं बचा होगा। डॉक्टर को थोड़े से पैसे देकर वो दवाईयों को फायदा ले सकता है और अपनी बीमारी ठीक कर सकता है। नबियों को ग़ैर ज़रूरी कहना, डॉक्टरों को ग़ैर ज़रूरी कहने जैसा है। चूंकि नबियों के ज़रिए सिखाये गए हुक्म अल्लाह तआला की नाज़िल की हुई वही है जोकि सब सच और फायदेमन्द है। एक डॉक्टर का इल्म जो काफी तजुर्बे और काम के बाद आता है उसे भी पूरी तरह सच्चा नहीं कहा जा सकता।

**11-** "मोजिज़ा का वजूद काबिले कुबूल नहीं है। चूंकि यह एक मामूली हादसों से अलग है, यह ऐसा नहीं है जिसे एक अक्लमंद कुबूल कर सके। इसी वजह से नबुव्वत का भी कोई तुक नहीं है।"

**जवाब:** एक मोजिज़ा से ज़्यादा बड़ी हैरत है ज़मीन और आसमान का ख़ल्क होना। अगर किसी चीज़ का कुदरती कानून से हट कर होना नामुमकिन है तो इसका मतलब यह नहीं कि चमत्कार भी इन कानूनों से हटकर नहीं हो

सकते। औलियाओं और नबियों के ज़रिए सदियों से चमत्कार होते आ रहे है। एक अक्लमन्द आदमी इसे नहीं नकार सकता। एक मोजिज़ा को दिखाने का मकसद होता है नबी की सच्चाई साबित करना। यह एक चमत्कार होना चाहिए; कुदरती कानूनों के ज़रिए हुई चीज़ों को मोजिजा नहीं कहते।

**12-** "एक मोजिज़ा नहीं बता सकता कि नबी सच बोल रहा है। यह पक्का नहीं है कि मोजिज़ा अल्लाह की तरफ से किया गया है या नबी की तरफ से ख़ुद। जादू भी एक चमत्कार है। आप भी जादू में यकीन करते हो।"

**जवाब:** अक्लमंद अलग-अलग मुमकिनात सामने रख रहा है जैसे, थ्योरी और हायपोथीसिस, तजुर्बे और आजओ के ज़रिए महसीस करे गये इल्म को झूठा नहीं कह सकते। किसी चीज़ का होना हमें उसे ग़ैरवजूदी होने पर सोचने से नहीं रोक सकता। अल्लाह तआला अकेला हर चीज़ को वजूद में लाता है जैसे ऊपर वज़ाहत की गई है। दूसरे लफ्ज़ों में एक मोजिज़ा अल्लाह बनाता है नबी नहीं। चूंकि हर कोई जादू नहीं कर सकता, वो नबी का समुंद्र को दो टुकड़ों में बांट देना, एक मुर्दे को ज़िन्दा करना, अन्धे को आंख की रौशनी वापस लाना, और एक लाइलाज बीमारी का इलाज करने को इससे नहीं मिलाते। इसलिए वो मोजिज़ा जो चमत्कार है उसमें उलझे हुए है।

**13-** किसी मोजिज़ा का पता लगना या तो उसे देख कर होता है या तवातुर (**तवातुर** एक ऐसी फैली हुई रिवायत होती है या ऐसे सबूत के साथ दस्तावेज़ होते है जिसे नकारा नहीं जा सकता) की रिवायतों से सुनी गई हो। एक रिवायत को सच्चा नहीं माना जा सकता चाहे वो तवातुर ही क्यूँ न हो। तो जिन लोगों ने मोजिज़ा नहीं देखा वो नहीं जानेगे कि नबी क्या है क्योंकि उनमें झूठे होते है जो झूठा तवातुर फैला देते है, जिसे सब जानते है।

**जवाब:** दुनियावी सभी मसले जो भी तवातुर के ज़रिए पता चले है उनपे यकीन किया गया है। जैसा कि एक सच है कि एक शहर है जिसका नाम दिल्ली है, जैसे ज़मीन, चांद से बड़ी है और सूरज से छोटी, जैसे मुहम्मद ने इस्तानबुल पर फतह हासिल की थी ग्रीक से में सब दूसरो से सुन कर यकीन किया गया है।

**14-** हमने मज़हब पढ़े है। हमने कुछ चीज़ें पाई जो सांईस से इस्तिलाफ रखती है। तो हम इस नतीजे पर पहुंचे है कि यह अल्लाह की तरफ से नाज़िल नहीं हुई। इसकी मिसाले है किसी जानवर को तकलीफ पहुँचाना उसे खाने के लिए इसकी इजाज़त देना, कुछ वक़्तों पर रोज़ा रखना, कुछ लज्ज़तदार चीज़ों को खाने पीने की मनाही, कुछ जगहो पर जाने का हुक्म जबरदस्ती, साये और तवाफ करना और पागल लोगो और बच्चों की तरह बिना किसी लक्ष्य के पत्थर मारना, एक बिना कीमती पत्थर को चूमना, एक आज़ाद और भद्दी लड़की की तरफ देखने से मनाही पर एक खूबसूरत जारिया को देखने की इजाज़त।

**जवाब:** चाहे अक्लमन्द अच्छे बुरे का फर्क कर पाता और हमें यह मानना पड़ता कि अल्लाह तआला को अपने इन्सानी बन्दों को फायदेमन्द चीज़ें करने का हुक्म देना चाहिए, यह ज़ाहिर है कि उस अक्लमन्द के पास उस काम के फायदे को पहचानने की कुव्वत नहीं जो उस सवाल में है। अक्लमन्द की यह न पहचानने की नाकामी का यह मतलब नहीं कि उस काम में फायदा नहीं। अल्लाह तआला ने यह हुक्म दिए है चूंकि वो इसके फायदे जानता है। जैसा हम पहले कह चुके है कि ऐसी कई चीज़ें है जो एक अक्लमन्द के ज़रिए नहीं समझी जा सकती पर नबुव्वत के ज़रिए समझाई जा सकती है। हम दूसरे निबन्ध में इस बात की वज़ाहत करेगें।

# परिचय - II

# 4- मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की नुबुव्वत का सबूत

नेकी और वाक्ये ऐसे कई फायदे रखते है जोकि एक अक्लमन्द की समझ से परे है, तो कई दफा वो इसके फायदों को नकार देता है। हमें इन फायदों के वुजूद को साबित करने के लिए सबूत के साथ बात करनी है। कुछ दवाईयाँ कुछ इन्सानों को मार देती है जब उन्हे कम मिकदार में दिया जाये, पर वो कुछ लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाती हत्ता कि उन्हे ज़्यादा मिकदार में दी जाये। [इसकी मिसाले **सआदते अबदिया** में दी गई है, सनक और एलर्जी के मामले में] कई लोग इस पर यकीन नहीं करते, हालांकि यह तजुर्बे से बनी है। वो हत्ता कि इसके उल्टे, साबित करने की कोशिश करते है। जैसा कि पुराने ग्रीक फिलोस्फरों और माद्दो की इबादत करने वाले ने किया, उन्होने नबियों के वुजूद से इन्कार किया और अपने कुफ्र के लिए वजहे सामने रखी। यह मानते हुए कि अल्लाहु तआला, नबी, जिन, फरिश्ते, जन्नत और जहन्नम उनकी अक्ल से समझे जा सकते है, उन्होने अपने दिमाग से बनाई हुई इन चीज़ों को भी नकार दिया। अगर, कोई शख़्स जिसने कभी ख़्वाब नहीं देखा, उससे कहा जाये कि ख़्वाब में, "इन्सान एक ऐसी स्थिति में आ जाता है जिसमें उसके आजअू, तर्क और सोच में ख़लल पैदा हो जाता है, और इस स्थिति में इन्सान वो चीज़ देखता है जो उसकी अक्ल से परे होती है," तो उसपे यकीन नहीं करेगा; वो कहेगा यह नामुमकिन है। अगर उससे कहा जाये कि इस दुनिया में एक छोटी चीज़ है, जिसे अगर किसी शहर में रख दिया जाये तो वो पूरे शहर

को तबाह कर देगी। फिर वो ख़ुद को तबाह कर देगी। वो जवाब देगा कि यह नामुमकिन है। जबकि, यह लफ़्ज़ आग के बारे में बताते है। वो जो आसमानी मज़हबों और आख़िरत की ज़िन्दगी को नकारते है वो इसके जैसे है। वो शक के अमानती साईन्सदानों पर यकीन करते है और ज़रूरी सावधानी बरतते है जब वो कहते है अनुमान और शक से हटकर, कि तबाही नज़दीक है, पर वो नबियों के ज़रिये बताई गई इस दुनिया के ख़तरे और आख़िरत पर यकीन नहीं करते, जिनकी सच्चाई को सब अच्छी तरह जानते है और जिन्होने कई मोजिज़ा दिखाये है। पर वो जहन्नम के अबदी और नाकाबिले बयान अज़ाब के लिये कोई तय्यारी नहीं करते। वो इबादत को बच्चो का खेल और पागलपन समझते है, जिसकी कीमत नबियों ने समझाई है।

सवाल: नखरी चीज़ें जिनके बारे में फिलोस्फरों ने बताया है जैसे मद्दियत और डॉक्टर पर यकीन किया गया है क्योंकि यह खोजी और आज़माई हुई है। इबादत पर यकीन नहीं किया गया क्योंकि इसके फायदों का तर्जुबी नहीं हुआ है।

जवाब: साईन्सदान के तर्जुबों (प्रयोग) को तबू माना गया जब उन्हे सुना गया। औलियों के तर्जुबा की हुई और हम तक पहुँचाई हुई रिवायते भी इसी तरह है। और इस्लाम से जुड़ी चीज़ों के फायदों को देखा और तर्जुबा भी किया गया है। [इसके अलावा, दवाईयों की तैयारियों में साईन्सदान और डॉक्टरों की कुछ चीज़ें फायदेमन्द भी लगी और तर्जुबा करने के लिए पैसा इकट्ठा करके उसपे लगाया भी गया पर बाद में पता चला कि वो नुक्सानदेह है। ऐसी दवाईयों की फहरिस्त स्वास्थ विभाग के ज़रिए जारी की जाती है और दवाईयों की दुकानों पर दी जाती है और इनपर न इस्तेमाल करने का लेबल लगाकर। ऐसी दवाईयाँ बनाने वाली फैक्ट्रीयों को हुक्मतों ने बन्द करवा दिया है। यह हर रोज़ अख़बार की ख़बर बन गई है कि जो दवा भले के लिए बनी थी नुकसान देने वाली साबित हो रही है। दुबारा रोज़ाना अख़बारों में साबित हो

रहा है कि एंटिबायटिक दवा से दिल की बीमारी और कैन्सर हो रहा है और कुछ डिटरनैन्ट सेहत के लिए ख़तरनाक साबित हो रहे है।] अगर इस्लाम के कानूनों के फायदे तर्जुबा (प्रयोग) करने से ज़ाहिर नही भी होता तब भी उन्हे मानना और उसकी ज़रूरत को पूरा करना सही होगा।मिसाल के तौर पर किसी चिकित्सक का अक्लमंद बेटा जिसे दवाईयों के बारे में कुछ नहीं पता बीमार हो जाता है।उसने अपने वालिद के बारे में कई लोगों से सुना है और अख़बार में उनकी कामयाबी के बारे में पढ़ा है और जानता है कि वो उससे बहुत प्यार करते है।और वालिद उसे दवा देकर कहता है कि यह दवा अगर लेते हो तो फौरन ठीक हो जाओगे।क्योंकि उसने उसे कई बार आज़मा रखा है।पर जब वो देखे कि दवा का इन्फेक्शन लगाया जायेगा और उसे दर्द होगा, तो क्या उसका अपने वालिद से यह कहना नहीं सही होगा कि, “मैने यह दवा कभी इस्तेमाल नहीं करी।मैं नहीं जानता कि यह मेरे लिए सही भी है या नहीं।मैं यकीन नहीं कर सकता कि आपके अल्फाज़ सही है।” दुनिया में कौन ऐसे जवाब को मानेगा?

सवाल: कैसे यकीन किया जाये कि एक नबी अपनी उम्मत को अपने बेटे की तरह चाहता है और इसके हुक्म और मानाहिया फायदेमन्द है?

जवाब: एक बाप की अपने बेटे के लिए मुहब्बत को कैसे जाना जाता है? यह मुहब्बत खुद में ज़ाहिर और हकीकी नहीं है।यह सिर्फ उसका उसके बेटे से बर्ताव, रवय्यै और बातों से पता चलता है अगर एक समझदार इन्सान रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की बातों पर ध्यान देता है और रिवायतें पढ़ता है जो आपके इन्सानों को सही राह पर लाने की मेहनत को बताती है।आपका सख़्ती लोगों के हक़ को बचाने के लिए, और आपके उदार और शफक्कत से अख़्लाक की मेहनत देखे तो वो साफ देखेगा कि आपने अपनी उम्मत से एक बाप अपने बेटे से जितनी मुहब्बत करता है उससे कई

गुना ज़्यादा की है।एक शख़्स जो आपकी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) हैरान करने वाली कामयाबी का एहसास करता है।कुरआन करीम में आपकी हैरत अंगेज़ रिवायत पढ़ता है।जोकि आपकी ज़बान से ज़ाहिर हुई थी, और आपके बयान आख़िरत के ख़तरनाक मंज़र के बारे में, यह दिखाती है कि आपको किसी भी अक्लमंद की कुव्वत से ज़्यादा ऊँचा दर्जा हासिल था और बताये गए और ऐसे समझदार सच है जोकि किसी अक्लमंद की अक्ल से बाहर है।तो ये साफ है कि उनके सारे लफ्ज़ सही है।एक सही इन्सान जो सीखे और कुरआन करीम के इल्म पर ध्यान दे जो आपकी ज़िन्दगी पढ़े वो ख़ुद सच जान लेगा।इमाम मुहम्मद गज़ाली (रहमतुल्लाही तआला अलैह) ने फरमाया, "एक शख़्स जिसे शक है कि कोई नबी है या नहीं वो उनकी ज़िन्दगी के बारे में पढ़े या उनकी ज़िन्दगी से जुड़ी रिवायतों के बारे में।एक शख़्स जो दवाईयों का इल्म जानता हो या फिक का, वो दवाईयों या फिक के आलिमों की ज़िन्दगी या रिवायतों से जानकारी हासिल करता है।मसलन अगर पता लगाना है कि ईमाम शाफी (रहमतुल्लाही तआला अलैह) फिक के आलिम थे या नहीं, या केलीनोस एक भौतिज्ञ था या नहीं इसके लिए उनसे जुड़ी शाखाओं की जानकारी लेनी ज़रूरी है और फिर उन शाखाओं में उनकी किताबें पढ़नी पढ़ेगी।उसी तरह एक शख़्स जिसके पास नबुव्वत का इल्म हो और फिर वो कुरआन करीम और हदीस शरीफ पढ़े तो उसे समझ आ जायेगा कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) एक नबी है और नबुव्वत का सबसे आला दर्जा आपके पास है।और अगर के आपकी बातों के असर को सीखे जो दिल को पाक करती है और आपकी नाज़िल की हुई बातों पर अमल करे, जिससे उसका ख़ुद का दिल सच देखने लग जायेगा और उसका ईमान नबुव्वत पर पूरा यकीनी तौर पर हो जायेगा।वो लगातार सच के अहसास को पायेगा जैसा कि हदीस शरीफ में हैं कि, **"अगर कोई शख़्स अपने इल्म पर रहता है, अल्लाह तआला उसे सिखाता है जो वो नहीं जनता; "जो बुरे की मदद करता है उससे नुकसान पाता है; और जो शख़्स हर सुबह अल्लाह तआला का प्यार पाने की सोचता है।उसकी**

**इस दुनिया और आख़िरत की ख़्वाहिशात अल्लाह तआला पूरी करता है।"** तो उसका इल्म और ईमान मज़बूत रहता है।ईमान को ज़ौकी बनाने के लिए यानि उस दर्जा तक उठाने जहाँ वो महसूस करे जैसे वो सच देख रहा हो, उसके लिए तसव्वुत का रास्ता अपनाने की कोशिश करनी पड़ती है।

इस्लाम के आलिमों ने कई तरीकों से मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को अल्लाह का नबी साबित किया है।हम उनमें से कुछ की वज़ाहत करेंगे:

मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने ऐलान किया कि वो नबी है और मोजिज़ा दिखाये इसे साबित करने के लिए।यह सच इस वक़्त में तवातुर के ज़रिए पहुंचा है यानि एक मद से।सबसे बड़ा मोजिज़ा कुरान करीम है।

कुरान करीम **मोजिज़ा** है यानि उसकी बराबरी का कोई कुछ नहीं पैदा कर सकता है।वो चुनौती देता है: **"आगे बढ़ो और इसके पैस कहो!"** अरब के मशहूर शायरों ने कोशिश की, पर उसके जैसा नहीं कह पाये।सूरह तूर की 34वीं आयत ऐलान करती है। **"तो कहो इसके जैसा"** सूरह हूद की 13वीं आयत ऐलान करती है। **"कह दीजिए उनसे: "कुरान की दस सूरतों की तरह सूरह कह कर बताओ, तुम कहते हो मैने ख़ुद से कही है** सूरह बक़रा की 23वीं आयत ऐलान करती है: **"अगर तुम्हे कुरान में बयान की हुई बातों पर शक है जोकि हमने बन्दे मुहम्मद** (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) **पर नाज़िल किये तुम भी इसके जैसी एक सूरह कहने की कोशिश करो! इसे करने में उन सब की मदद लो जिनपर तुमको भरोसा है।तुम उसके जैसी एक भी सूरह नहीं कह पाओगे!"** उन दिनों अरब के लोगों को शायरी में बहुत दिलचस्पी हुआ करती थी।उनमें से कई शायर भी थे।वो शायरी के मुकाबले करते थे और विजेता पर गर्व करते थे।वो लोग एक जगह इकट्ठा हुए कुरान करीम की एक आयत के जैसी आयत तैयार करने के लिए।काफी कोशिश की अपनी नमाज़ों को मौहम्मद

(सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास ले जाने से पहले उन्होने उन्हे कुरान करीम की आयतों से मिलाया।क्योंकि वो सूरा में एक सच्चाई देख सकते थे।उन्हे अपनी ख़ुद की शायरी पर शर्म आई और उसे रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास नहीं ले जा सके।आख़िरकार उनके पास कोई चारा नहीं बचा इल्म की बिना परदार मानने के अलावा।तो उन्होने तलवारे निकाली और मुसलमानों पर हमला बोल दिया।उन्होने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को कत्ल करने का फैसला किया।उन्होने पूरी साज़िश के साथ तैय्यारी की अपनी तरफ़ से पर जैसा इतिहास गवाह है।उन्हे शर्मनाक हार हासिल हुई।अगर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की खुली चुनौती के बाद और कई कोशिशों के बाद वो सूरह की कोई छोटी और फसीह आयत बना देते तो उसे पढ़ते और शोर मचा देते।इनका यह काम एक बातचीत का मुद्दा बन जाता और तारीख में शामिल हो जाता।यह इतना मशहूर हो जाता जैसे भाषण देने वाले को प्लैटफार्म पर ही मार दिया गया हो।उनकी नाकामी साफ ज़ाहिर करती है कि कुरान करीम एक मोजिज़ा है और वो इन्सान के लफ्ज़ नहीं है।

**सवाल:** मक्का के बाहर के शायरों ने शायद से ऐलान न सुना हो कि आयत कहती है: **"तुम भी इसके जैसा कहने की कोशिश करो"** या इसके जैसी कोई चुनौती मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के ज़रिए।या शायद उन्होने किसी फायदे के लिए ख़ुद की अलग रख दो या किसी और मकसद के लिए जो हम नहीं जानते।मसलन हो सकता हो उन्होने आपको कोई वादा किया हो मदद का।या शुरू में ही उनके ऐलान पर ग़ौर करा हो और जवाब न देने की गुज़ारिश की हो; पर बाद में जब उन्होने देखा कि उनकी ताकत बढ़ रही है और उनके मानने वालों की तादाद बढ़ रही है और उनके मानने वालो की तादाद बढ़ रही है तब उन्होने जवाब देने की हिम्मत नहीं की।या उस दर्जे के पास उस वक़्त, वक़्त नहीं था और वो अपनी रोज़ी रोटी कमाने में मशगूल

थे। और यह भी हो सकता है कि जवाब दिए गये हो पर उनके आगे के लोग उसे भूल गए और उसे अगली नसल तक नहीं पहुंचा सके किसी वजह से मसलन, ताकतवर और तादाद में ज़्यादा होने और तीन महाद्वीपों पर मुसलमानों की हुकूमत होने के बाद उन्होने इन कामयाबी के सबूतों को मिटा दिया हो। या ऐसी रिवायतें खो गई हो लम्बे वक़्त के गुज़रने के साथ।

**जवाब:** पिछले लेख में ऐसे कई शको के जवाब वज़ाहत से दिये गये है। मैने बयान किया है कि अगर अपने कानून के अन्दर अगर अल्लाह कुछ बनाता है यानि महसूसी के आज़अू के ज़रिए जो इल्म मिलता है और तर्जुबा लिया जाता है। वो वजहो का उल्टा होता है। वो उन्हे सिखाने से नहीं रोकते। मैने लिखा है कि आज़अू के ज़रिए सीखा गया इल्म वैसा ही है। अब हम ऊपर लिखे गये सवालों के जवाब वज़ाहत से और अलग-अलग देंगे। पहले तो यह कि जो शख़्स यह ऐलान करता है कि वो नबी है और मोजिज़ा दिखाता है और दूसरो को भी वैसा करके दिखाने की चुनौती देता है, और कोई वैसा नहीं कर पाता उससे नतीजा निकलना चाहिए। यानि उस पर भरोसा करना ज़रूरी है। बाद में उनके बाद कुछ कहना बेतुका अमान्य और बेकार है। यह भी कहना सही नहीं होगा कि हमने जवाब इसलिए नहीं दिया क्योंकि शुरू में हम उसे छोटा समझते थे और बाद में डरने लगे। क्योंकि यह एक बड़ी बात मानी जाती है कि कोई चुनौती दे और उसे पूरा करके भी दिखाये, ऐसे शख़्स को प्यार किया जाता है उसके काम के लिए और दुनिया में हर कोई उसकी तारीफ करता है। दुनिया में कौन होगा जो उसे पसन्द नहीं करेगा? अगर कोई शख़्स कोई चीज़ कर सकता है पर करता नहीं है तो इसका यह दिखायगा कि उसका दुश्मन सही और सच्चा था तीसरे शक के लिए, यह सब जानते है कि वो शख़्स जिसकी काबीलियत है उसे सिर्फ जवाब देना काफी नहीं बल्कि दिखाना भी ज़रूरी है; करके दिखाने से ही मसले का हल हासिल होगा। कुछ हालत की मौजूदगी जो किसी शख़्स को उस वक़्त के लिए महदूद

रखती है उसका मतलब यह नहीं कि वो हालत हमेशा वैसे रहेंगे। असल में खुला सबूत है कि लिखित जवाब को हमेशा छुपा कर रखना नामुम्किन है। तो सवालों में पूछा गया शक बेबुनियाद है।

इस्लामिक आथोरिटी ने कुरान करीम के **ईजाज़** होने पर मुख्तिलफ वज़ाहत दी है। उन्होने कहा कि कुरान करीम की शायरी हैरत अंगेज़ और निराली है; यह मोजिज़ा है क्योंकि इसका तरीका और अन्दाज़ अरब के शायरों से नहीं मिलता। शुरूआत सज की तरह है। [सज यानि लगातार कबूतर की कूक इस बात में इसका मतलब जुम्ले के आख़िर में तुक का मिलना] कुरान करीम में लफ़्ज़ी मायनों की जो अल्फाज़ है वो अरबी बोली से अलग है। जोकि वो कुरान करीम में नहीं दिखा सकते। जो शख़्स अरबी जानता है वो साफ देखता है कि वो ईज़ाज़ है। काज़ी बाकिल्लानी [अबू बकर बाकिल्लानी की वफ़ात 400 A.H. में हुई] ने कहा कि इसका ईज़ाज़ की शाखा इसकी बुलन्द सच्चे लफ्ज़ और हैरत अंगेज़ शायरी है। दूसरे लफ्ज़ों में इसकी शायरी थोड़ी अलग है। कुछ कहते है कि इसके ईज़ाज़ का होना इसके ग़ैब की बातों के बताने से पता लगता है। मसलन सूरह खम की तीसरी आयत **"हालांकि वो जीत गये है पर 10 सालों में हराये जायेगे"** बताती है कि फुस्तनतुनिया का बादशाह हरक्यूलिस [हरक्यलिस ने 20 A.H. में वफात पाई] दस साल बाद इरानी शाह हुसरौ परवेज़ को हरायेगा। और वैसाा ही हुआ जैसा लिखा था। कुछ उलेमाओं के मुताबिक कुरान का ईज़ाज़ इसके तज़ाद और बेजोड़पन से है हत्ता कि यह बहुत लम्बा और दोहराया हुआ है। इसी वजह से सूरह निसा की 81वीं आयत ऐलान करती है कि **"अगर कुरान करीम अल्लाह का कलाम नहीं होता तो इसमें कई गलतिया होती"** कुछ के मुताबिक कुरान करीम का ई ज़ाज़ उसके मायनों में है। हमारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से पहले अरब के लोग कुरान करीम के जैसे बयानात लिख सकते थे पर अल्लाह ने उन्हे कुरान करीम जैसा लिखने से बचा रखा। कैसे उसने बचाया यह कई तरह

से वाज़िज है।अबू इशाक इब्राहिम अल-इस्फारा ईनी [इब्राहिम निशबूरी का इन्तिकाल हिजरत के 400 के बाद हुआ] अहले सुन्नत के एक उस्ताद और अबू इशाक निज़ाम अल बसरी मुताजिल के कहते है कि दुनियावी फ़ायदा को खाने के डर ने उन्हे रोके रखा।

वो जो ये नहीं मानते के कुरआन अल-करीम मुजिज़ है कहते हैं एजाज़ ज़ाहिर हो गया है।ये हक़ीक़त है के वहाँ पर एजाज़ की बहुत सारी वज़ाहते हैं जो पक्की तौर पर बताती हैं के इसका मतलब नहीं जानता।इसके जवाब में, उलेमा कहते हैं के इस लिहाज़ से ये वज़ाहतें ये नहीं ज़ाहिर करती के कुरआन अल-करीम मुजिज़ नहीं हैं।कुरआन अल-करीम की फ़साहत, उसकी नहमवार शायरी, वो जानकारी जो किसी नमालूम का ज़िक्र करे और अक़ल जो रखी हुई है ईल्म और महारत के और दूसरे बहुत से अजज़ा एजाज़ के, जो ऊपर बताए गए हैं उनकी तरह, वो पूरी तरह अयॉ/ज़ाहिर है।मुख़्तलिफ़ वज़ाहतें, जो पैदा हुई हैं आदमियों के ख़यालात और समझने में इख़्तिलाफ होने की वजह से, इससे ये पता नहीं लगता के ये मुजिज़ नही है।अगर ऊपर बताई गई ख़ासियतों में से जो हमने बताई हैं कोई एक किसी के ज़रिए नहीं मिल पाती तो वो मुजिज़ होने का सबब बनती है, इसका मतलब ये नहीं होता के सबका मतलब ये नहीं है के वो मुजिज़ हैं।बहुत से शायरों इंतहाई फ़सीह नसर और नज़म पैदा की हैं, लेकिन दूसरे दिए गए वक़्त में वो ऐसा नहीं कर पाए।वो ये, एक बार हासिल करने का मतलब ये नहीं है के कोई इसे हर वक़्त कर सकता है।एक समूह के लिए ज़रूरी नहीं है के वो हर ईकाई की अपने अंदर ख़ासियत रखे।ये जवाब इस बात की दलील है के कुरआन अल-करीम पूरे तौर पर मुजिज़ है लेकिन इसकी छोटी सूरतें हो सकता है मुजिज़ न हो।लेकिन ये सही नहीं है; जैसा के हम पहले भी समझा चुके हैं, इसकी सबसे छोटी सूरह भी मुजिज़ हो सकती है।इस तरह कहा जा सकता है के इस जवाब का मतलब है के हर लिहाज़ से पूरा कुरआन अल-करीम मुजिज़

है लेकिन इसकी सूरतें सिर्फ़ कुछ लिहाज़ से मुजिज़ हैं। बरहाल, ये ऊपर पूछे गए सवाल का जवाब नहीं हो सकता। ये सवाल इसका एजाज़ होने की वजह का साफ़ वज़ाहत माँग रहा है। इसलिए, ऐसे तर्जुमा इस जवाब का एजाज़ के सबब को खोलता नहीं है।

उनका दूसरा मज़मून के ख़िलाफ़ इर्शाद है: "वो सहाबा कुरआन अल-करीम के कुछ हिस्सों के बारे में शक़ में थे। अब्दुल्लाह इबनि मसऊद [रज़ि-अल्लाहु अनह] ने कहा के सूरह अल-फातिहा और माऊज़तीन [दोनों सूरतें "कुल-अऊज़ु" के साथ शुरू हुई।] कुरआन में से नहीं हैं। बहरहाल, ये तीनों सूरतें कुरआन की सबसे नामी सूरतें हैं। अगर उनमें जो फ़साहत है वो एजाज़ की ईकाई में है, तो वो साफ़ तौर पर कुरआन के असल से मिलता हुआ है, और कोई उसमें शक नहीं कर सकता के वो कुरआन की हैं।"

**जवाब:** सहाबत अल-किराम कुछ सूरतों में शक करते हैं के वो कुरआन अल-करीम की नहीं हैं उसकी फ़साहत या एजाज़ की वजह से नहीं वो इसलिए क्योंकि ये हर सूरते वो सिर्फ़ एक शख़्स के ज़रिए बताई गई हैं। उसूल अल हदीस के कानून के मुताबिक़, जानकारी एक ख़बर देने वाला जो अरसां करता है वो पक्की नहीं होती बल्कि वो शक से भरी होती है। जो चीज़ तवातुर रवाना होती वो पक्की जानकारी बन जाती है। कुरआन शरीफ़ तवातुर के ज़रिए ताईद किया गया, वो ये, हम ख़्याली/इतेफ़ाक के साथ। इस सबब की वजह से, ये पक्के तौर पर जाना गया के कुरआन अल-करीम अल्लाहु तआला के लफ्ज़ हैं। ये भी पक्के तौर पर जाना गया के वो सूरतें जो सिर्फ़ एक ख़बर देने वाले के ज़रिए रवाना की गई वो अल्लाहु तआला ने मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) पर ज़ाहिर की और जो एजाज़ की ईकाई के अंदर फ़सीह की गई। बहरहाल, वहाँ पर ग़ैर रज़ामंदी है के क्या ऐसा है या नहीं के वो कुरआन अल-करीम में शामिल हैं, जो हमारे काम के ख़िलाफ़ कोई नुक़सान नहीं लातीं।

उनका तीसरा मज़मून के ख़िलाफ़ बयान है: "जबके कुरआन अल-करीम तालीफ़ किया जा रहा था [रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के बाद गुज़रने के बाद और जबके हज़रत अबु बकर अस-सिद्दिक (रज़ि-अल्लाहु अनह) ख़लीफ़ा थे], अगर एक शख़्स जो के अच्छी तरह जानने वाला नहीं होता था एक आयत की ख़बर लाता था तो उसे या तो हलफ़/कसम खाने की ज़रूरत पड़ती थी या दो गवाही लानी पड़ती थी क्योंकि उनकी वफ़ादारी/सच्चाई पक्की नहीं होती थी; इसलिए, सिर्फ़ ये समझने के बाद के ये कुरआन अल-करीम का है तो उसे कुरआन अल-करीम में शामिल किया जाता था। अगर एक आयत की फ़साहत एजाज़ के मरतबे की होती थी, तो उसे उसकी फ़साहत से नतीजा निकाला जाता था के वो एक आयत है और उससे उस शख़्स की सच्चाई साबित होती थी जो उसकी ख़बर लाता था; एक हलफ़ या दो गवाहियों की ज़रूरत नहीं पड़ती थी।"

**जवाब:** ये शर्ते सब तरतीब में रखी जाती थी आयात की जगहों को कुरआन अल-करीम में तए करने के लिए और ये जानने के लिए अगर एक आयत मुक़दम हो रही है या दूसरी का पीछा कर रही हैं। उनका ये इरादा नहीं होता था के वो इशारा करें के क्या वो हैं या नहीं हैं कुरआन अल-करीम में। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) कुरआन अल-करीम की किरअत किया करते थे और जो किरअत करते थे उनकी सुनते भी थे। ये ख़ास तौर पर जाना जाता था के हर आयत जो ज़ाहिर हुई है वो कुरआन अल-करीम में से थी। एक हलफ़ या गवाहियों की ज़रूरत पड़ती थी आयात की तरतीब की तहक़ीक करने के लिए। इसके अलावा, उनकी फ़साहत एजाज़ के मरतबे में होने की वजह से ये दिखाई देता था के वो आयात थीं। अगर एक या दो आयतें एजाज़ के मापने में नहीं आती थी, तो उसकी कोई एहमियत नहीं होती थी। चूँकि सबसे छोटी सूरह में तीन आयात होती थी, सारी कुरआन अल-करीम की सूरतें मुजिज़ हैं।

उनका चौथा मज़मून के ख़िलाफ़ बयान: “हर फन की शाखा की एक सरहद, एक हद होती है। वो उससे आगे नहीं बढ़ सकती। वहाँ पर हमेशा एक मास्टर/माहिर होता था जो अपने फन में अपने साथियों से आगे बड़ जाता है। इसलिए मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) अपने वक़्त के सब शायरों में सबसे ज़्यादा जोशे तकरीर वाले थे। आप वो चीज़ें बोल देते थे जो उस वक़्त के शायर ज़ाहिर नहीं कर पाते थे। अगर इसे मान लिया जाए के मुजिज़ था, कोई भी चीज़ जो करी जाए एक अज़मत वाले मास्टर के ज़रिए किसी भी शाखा का किसी भी वक़्त लेकिन जो उसके साथियों के ज़रिए न किया जाए, तो ज़रूरी है के उसे मुजिज़ कहा जाए, जो के, अपनी बारी में, एक वाहियात/बीना मतलब बयान है।”

**जवाब: मुजिज़** का मतलब है जो के एक वक़्त में वाक़ेअ हुआ और बहुत ज़्यादा ख़ूबी रखता हो क्योंकि ये वक़्त के ज़्यादा लोग नहीं कर पाए थे और जो के बहुत ऊँचे पैमाने पर उनके ज़रिए किया गया जो इस को करने के लायक़ थे और जिन्होने एक राए से माना जो इंसानी ताक़त के ज़रिए सबकत नहीं की गई, और जिसपर सबकत हासिल की जा सकती है, अगर कभी, सिर्फ उस शख़्स के ज़रिए जो इसे माने और चलाए अल्लाहु तआला की मरज़ी के ज़रिए। कोई चीज़ बिना इन ख़ूबियों के मोअजिज़ा नहीं कहलाई जा सकती। जादू पैग़म्बर मूसा [मोसिस।] (अलैहिस्सलाम) के ज़माने में जाना जाता था; उन दिनों में, जो लोग जादूगरी का अभ्यास करते थे उन्हे मालूम था के जादू की सबसे ऊँची सन्द है किसी मसनूई चीज़ पर, जिस चीज़ का कोई वजूद न हो या वहम/धोका [दूसरों] में ख़्यालात में जादू फूँक कर ऐसा कर देना जैसे के वो मौजूद थीं। जब उन्होने देखा मूसा (अलैहिस्सलाम) की असा/छड़ी एक बहुत बड़ा नाम बन गई और उनके जादू वाले साँपों को खा गई, तो उन्होने देखा के ये जादू की हदों से बाहर था और इंसानी ताक़त से ऊपर। इस वजह से उन्होने यक़ीन किया मूसा (अलैहिस्सलाम) [की नबूवत में]। फिरओन, इस

असलियत को नहीं जान पाया, उसको ये गलत ख़्याल था के मूसा (अलैहिस्सलाम) जादूगरों का सरबराह है और उन्हें जादू सिखाता है। ऐसा ही मामला बिल्कुल ईसा (अलैहिस्सलाम) के ज़माने में हुआ दवाई के साथ, वो बिल्कुल तरक़्क़ी याफ़ता ऊँचे मियार पर था। तवीवों/डॉक्टरों ने अपनी इस कामयाबी पर बहुत गर्व महसूस किया। मशहूर माहिरे ख़ुसूसी का कहना था के उनकी तीव जानकारी इतनी ज़्यादा नहीं है के वो किसी मुर्दे में जान फूँक दें या जो लोग पैदाईशी अंधे हैं उनकी आँखें खोल दें ऐसा हम नहीं कर सकते। वो मानते थे के ऐसे लोग सिर्फ़ अल्लाहु तआला के ज़रिए ठीक किए जा सकते हैं। मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) के ज़माने में फने शायरी और फ़साहत अपनी ऊँचे मरतबे पर थीं। शायर एक दूसरे से अपनी शायरी में फ़साहत के बारे में शेख़ी मारते थे। असल में, सातों क़सीदे/गज़लें सबसे अच्छी उरूस के साथ शायरों की तहसीन जीतते थे और काबे के दरवाज़े पर टाँग दिए जाते थे। कोई भी उनकी तरह नहीं लिख पाता था। तारिख की किताबों में ये तफ़सील से लिखा हुआ है। जब रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) कुरआन अल-करीम को लेकर आए, तो लोगों के बीच झगड़ा हो गया। कुछ ने इस असलियत से इंकार कर दिया के ये अल्लाहु तआला के अलफाज़ थे और वह लोग काफिर के तौर पर मरे। कुछ शायरों ने, कुरआन अल-करीम की फ़साहत में एजाज़ देखा, और समझ लिया के अल्लाहु तआला के अलफाज़ थे वो मुसलमान हो जाते थे। कुछ उनकी देखा देखी/उनकी मिसाल मानते थे और मुसलमान हो जाते थे बग़ैर मरज़ी के, और उन्हें **मुनाफ़िक** (धोकेबाज़) कहा जाता था। कुछ इस सच को इंकार करने की कोशिश करते थे बेकार जवाब देकर; कुछ अपना मज़ाक बनवाते थे उनकी आँखों में जिनके पास कोई सबब था। मिसाल के तौर पर, आयत का जवाब देने के लिए, "वज़ारियात-ए-ज़रान," कहते हैं, "फ़ल-हासिलात-ए हस्दन वतहीनात-ए तहनन वत्ताबीखत-ए तबख़न फल-अकीलत-ए अकलन" [उनको ख़ुद ये पसंद नहीं था, इसलिए वो मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की मौजूदगी में इसको नहीं पढ़ते थे।] और बाक़ी के लोगों ने

लड़ाई ले ली। बदला लेने की कोशिश में मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) को क़त्ल करने के लिए, उन्होने अपने माल, जानें, बीवियाँ और बच्चें ख़तरों में डाल दिए। इस तरह ये समझा गया के पक्का कुरआन अल-करीम अल्लाहु तआला [जैसे के पिछले पैरा में देखा गया, के एक मोअजिज़ा अल्लाहु तआला के ज़रिए बनाया गया। हर चीज़ अल्लाहु तआला ने बनाई है। वहाँ पर अल्लाहु तआला के अलावा और कोई बनाने वाला नहीं है। सिर्फ़, उनके हुक्मों के दुनिया में और दुनयावी मामलात में हुक्म होने के लिए। उसने सब चीज़ों को बताया जो किसी वजह पर मुनहसिर हैं। एक शख़्स जो ये इच्छा करे के कोई चीज़ बन जाए उस चीज़ से वाबस्ता कोई वजह देनी होगी। ज़्यादा सबब वो चीज़ें हैं जो सोचने से, तर्जुबे से या शुमार से हैं। जब किसी चीज़ का सबब इस्तेमाल किया जाए, अल्लाहु तआला उसे बना सकता है अगर उसकी इच्छा हो तो। ये मामला मोअजिज़ा या करामा/करामत के साथ नहीं है। अल्लाहु तआला इन्हे बनाता है बिना किसी वजह के, ग़ैर मामूली तरीके से। सबब को मज़बूती से पकड़ने का मतलब है के उसके असबाबों के कानून की तक़लीद करना। जब वो कोई चीज़ बिना सबब के बनाता है, वो अपने कानून को मोकूफ़/ख़त्म कर देता है और ग़ैरमामूली तरीके से बनाता है। एक मोअजिज़ा सिर्फ़ पैग़म्बरों के ज़रिए ही हो सकता है। ये दूसरे लोगों के ज़रिए नहीं हो सकता। कहावत है, "उसने एक मोअजिज़ा किया," या "वो मोअजिज़े से बच गया," जो किसी की तारीफ़ करने के लिए कहे जाते हैं, वो उसी तरह हैं जैसे कहा जाए के जिस शख़्स का सवाल हो रहा है वो पैग़म्बर हैं। इस मामले में, इरादा नहीं बल्कि वजाहत मानी जाती है। ये कुफ़्र पैदा करता है अगर किसी को नबी से मनसूब करा जाए। वो अगर ऐसा करता है तो अपना ईमान खो देता है। ऐसा ही उस मामले के साथ किसी को अल्लाहु तआला के अलावा "बनाने वाला" कहा जाए या कहा जाए के किसी ने फ़ंला और फ़लानी चीज़ बनाई। मुसलमानों को ऐसे ख़तरनाक अलफाज़ों को कहने से बचना चाहिए।] के ज़रिए नाज़िल किया गया।

उनका पाँचवा मुतज़ाद बयान ये: "वहाँ पर मुख़ालफत/नाइतेफाकी है कुरआन अल-करीम की किरअत और माअनी के मामले में इस्लाम के आलिमों के दरमियान। दूसरी तरफ़, अल्लाहु तआला ने इशारा दिया के कुरआन अल-करीम में नाइतेफ़ाकी खुलने का कोई नुक्ता नहीं है। मिसाल के तौर पर, उसने ईक्यासवीं आयत में सूरह उन नीसा में एलान किया: **'क्या ये कुरआन ऊल-करीम अल्लाहु तआला के अलावा किसी और के लफ्ज़ है, इसमें बहुत सारी नामुवाफिक बातें हैं।'** सूरह अल-क़ारी की पाँचवीं आयत के फ़िक़रे **'कलहिनी ए-मन-फुश'** को इस तरह पढ़ा जाता है 'कसाफ़ी-ए-मनफुश' कुछ के ज़रिए। सूरह-अल- जुमा की नवीं आयत, **'फअशऊ ईल्ला ज़िकरि इल्लाह'** को फ़मदू इल्ला ज़िकरिल्लाह कहा जाता है। सूरत अल-बक़रा की चौहत्तरवीं आयत को कहा जाता **'फ़ाहिया कलहिजारती';** वहाँ पर कुछ हैं जो कहते हैं 'फ़-कानत कलहिजारती'। सूरत अल-बक़रा की इकसठवीं आयत कही जाती है, **'अलैहिमु ज़ि-ज़िल्लतो वलमस्कन्ता';** वहाँ पर वो भी हैं जो इसे ऐसे पढ़ते हैं 'अलैहिम ई-मस-कनता व ज़ि-ज़िल्लता'। कुरआन अल-करीम में मआनी पर जो नाइतेफ़ाकी हुई उसकी मिसाल इस तरह वज़ाहत देकर की गई; सूरह-सबा की उन्नीसवीं आयत में बयान है, **'रब्बना बाईद बएना असफ़ारेना।'** इसका मतलब है, ओ रब! हमारी किताबें हम से वापस ले लो। ये अल्लाह से दुआ करना हुआ। कुछ इसे इस तरह पढ़ते हैं 'रब्बोना बआदा बएना असफ़ारेना' जिसका मतलब है, हमारे रब ने हमसे हमारी किताबें ले लीं। सूरह माईदा की एक सौ बारहवीं आयत का कहना है, **'हल यसततीओ रब्बोका',** जिसका मतलब है, 'क्या तुम्हारे रब ने तुम्हारी दुआ कुबूल की?' कुछ इस आयत को इस तरह पढ़ते हैं, हल तसततीओ रब्बाका, जिसका मतलब है 'क्या तुमने अपने रब से दुआ की? "

**जवाब:** ऊपर हवाला दी गई इख़्तलाफ़े राए हर एक शख़्स की वजह से है। तफ़सीर और किरआ के आलिमों ने इस पढ़ने के तरीकों को मना किया

जो इख्तलाफ़े राए वालों की वजह से पैदा हुई। उन्होने पढ़ने के उस तरीके को मंज़ूर किया जहाँ पर एक राए थी। हमारे पैग़म्बर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया, **"कुरान अल-करीम सात हरफों** [हरफ/हर्फ़ का लफ्ज़ जैसे के किताब में लिखा है **रीयाज़ अन नसीहीन**, मतलब बोली, पढ़ना। कुरआन अल-करीम की कॉपी हज़रत अबू बक्र ने तालीफ़ करी उसमें सातों मुख़्तलिफ़ किस्म के पढ़ने के तरीके शामिल थे। जब हज़रत उस्मान ख़लीफ़ा बने, उन्होने सब सहाबात अल-किराम को ये बात बता दी और ये एक राए से मान लिया गया के नई कापियाँ कुरआन की लिखी जाएंगी जैसे के रसूलुल्लाह (अलैहिस्सलाम) ने अपनी ज़िन्दगी के आख़री सालों में किरअत की। ये वाजिब है कुरआन को उसी तरीके से पढ़ना। दूसरे छः तरीकों से भी इसको पढ़ने की इजाज़त है।] **ज़ाहिर किया गया, उसमें से हर काफी और मुहाफिज़ है।"** इस सबब से, मुख़ालफ़त आना पढ़ने और मआनी में कुरआन अल-करीम में उसके मूजज़ को कमज़ोर नहीं करता।

उनका छठा मुतज़ाद बयान: "कुरआन के अंदर बेकार तराने और बार-बार एक ही चीज़ को दोहराया गया। मिसाल के तौर पर **'इन्ना हज़नी ला सहीरनी'** कितना सुरीली है। दोहराने की एक मिसाल है सूरह अररहमान को पढ़ना। दोहराने का एक और मिसाल है मआनी में मूसा और ईसा (अलैहिमा'स-सलाम) के बारे में कहानियाँ।"

**जवाब:** [यहाँ अल-इमाम अर रब्बानी (कुदिसा सिरोह), ने **शारह-ए-मवाकीफ़** किताब का हवाला दिया, तफ़सील से लिखा, ईल्म की एक शाखा के मुताबिक़ जिसे बलाग़त (फ़साहत) कहते हैं, आयत **"हज़नी ला सहीरनी"** एजाज़ के आला पैमाने में है। हम उस हिस्से को तर्जुमा नहीं करेंगे।] दोहराने के लिए, ये सच है के उनका बार-बार होना दिमागों में मआनी को जमाना है जो के बिना झगड़े के हैं। समझाने के हुनर की क़ीमत कुछ मआनी की

मुख़्तलिफ़ आव भाव के ज़रिए वो जाने जाते हैं जो अदबी तरज़े तहरीर की जानकारी रखते हैं। फिर भी एक अकेली कहानी बहुत सारे वाक्ये महफूज़ करती है, कुछ जगहों पर इसको दोहराना मुख़्तलिफ़ हक़ीक़तों [लोग जो अंग्रेज़ी अदब ज़बान के मुतालिक़ पढ़ते हैं वो वाक़िफ़ होते हैं ज़बानी मुतवाज़न जैसे के सर्वनाम का इस्तेमाल करना था मिलते-जुलते लफ्ज़ बजाए एक लफ्ज़ को बार-बार कहने से, सर्वनाम का इस्तेमाल या ज़बान का तआल्लुक आगे बढ़ाने के लिए लफ्ज़ को एक जुमले में दो या ज़्यादा आगे पीछे जुमले बंद वग़ैरा का दोहराना, बार-बार दोहराना एक लफ्ज़ को या फ़िक़रे को या तो शुरू में या आख़िर में लगातार जुमले में, एक जुमले के आख़री लफ्ज़ का बार-बार कहना था दूसरे के शुरू वाली सतर को ग्रीस के गाने वालों के कसीदे का दूसरा हिस्सा, बार-बार एक हिस्से को दोहराना लफ्ज़ों के बाद बीच में हाईल होना, एक लफ्ज़ का बार-बार दोहराना एक मुख़्तलिफ़ मामले में या उसी जुमले में लफ्ज़ों को तोड़ना मड़ोड़ना और इसी तरह आगे।] पर ज़ोर डालती हैं।

रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास बहुत मुअजिज़े थे; जैसे के चाँद को दो हिस्सों में बाँट देना जब आप अपनी मुबारक ऊँगलियों से निशान बनाते थे, पत्थर और पेड़ आपके साथ चलते और बाते करते थे, आपके बनाए हैवान बोलते थे, थोड़े से खाने में बहुत लोगों के पेट भर देना, आपकी ऊँगलियों के बीच से पानी जारी होना, आपकी बताई हुई माज़ी और मुस्तकबिल। भविष्य की बातें किसी और को पता न होना, और बहुत सारी बातें। अगरचे आपके सारे मुअजिज़े एक राए से नहीं बताए गए, लेकिन बहुत सारे आपके मुअजिज़े एक राए से बताए गए। वो आम मज़मून हैं बातचीत के जैसे के हज़रत अली की बहादुरी और हातिम ताई की सख़ावत [और ज़ुल्म और तकलीफ़ें नेरू की, जोके पाँचवा रोमन बादशाह था] हमें इतने सबूतों से राज़ी/मुतमईन हैं और आपके रसूल होने में यक़ीन रखते हैं।

दूसरा तरीका मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की नब्बूवत साबित करने का वो है आपके आदत-व-अतवार को जानना, ख़ूबसूरत मोहज़ब ख़ासियतें और बातें जो आपकी अकलमंदी से भरी हुई थीं आपके पैग़म्बर बनने के ऐलान होने से पहले, जब आपने अपने रसूल होने का ऐलान किया और आपकी रिसालत सब जानने लगे। मिसाल के तौर पर, आप कभी झूठ नही बोलते थे, न ही दुनयावी मामलों के लिए न ही बाद के सोचने वाले मसलों के लिए। अगर आप कभी अपनी सारी ज़िन्दगी में एक बार झूठ बोल देते, तो आपके तशदूद पसंद दुश्मन एक दूसरे से सबकत ले जाते और इसे दूर दराज़ पहुँचाते। रिसालत से पहले या उसके दौरान, आपको किसी ने नाज़िबा हरकत करते हुए नहीं देखा। हालांकि वो एक उम्मी थे [वो ये, आपने कभी किसी से कोई तालिम हासिल नहीं की], आपकी तकरीर रवाँ और मीठी थी। इस वजह से आप कहते थे, **"मुझे ईनाम दिया गया है जामे-अल-कलिम** (काबलियत होना थोड़े लफ़्ज़ों में पूरी जानकारी दे देना)।" आपको अल्लाहु तआला का मज़हब दूसरों तक पहुँचाने के लिए बहुत तकलीफ़ें उठानी पड़ी। असल में, इस वजह से आपने कहा, **"और किसी पैग़म्बर ने इतनी तकलीफें नही झेंली जितनी मुझे उठानी पड़ीं।"** आपने वो सब तकलीफ़ें झेंली। आपने कभी अपने फ़राईज़ नहीं छोड़े। आपके दुश्मनों के ज़ेर होने के बाद और सबके आपके हुक्म को कुबूल करने के बाद, आपके ख़ूबसूरत सलूक, हमदर्दी और आजज़ी में कोई फ़र्क नहीं आया। अपनी सारी ज़िन्दगी, वो सबको ख़ुशी देते रहे। आपने कभी अपने को दूसरों पर बरतर नहीं समझा। अपनी पूरी उम्मत के लिए, आप बिल्कुल एक बाप की तरह हमदर्द थे [अपने बच्चों के लिए]। आपकी ग़ैर मामूली हमदर्दी की वजह से आपको हुक्म दिया गया, **"उनके गलत कामों की वजह से ग़मज़दा मत हो!"** सूरह अल फ़ातीर की आँठवी आयत में, और **"क्या तुम अपने आपको ख़त्म कर लोगे उनके गलत कामों पर अफसुरदा होकर?"** सूरह अल कहफ़ की छठी आयत में। आपकी सखावत हदों से बाहर थी। इसको तोड़ने के लिए, सूरह अल इसरा की उन्नतीसवीं आयत आप पर नाज़िल हुई: **"इतना**

**ज़्यादा भी खुले हाथ मत हो जाओ के अपना सारा माल दे दो!"** आप कभी दुनिया की आरज़ी और फ़रैब देने वाली ख़ूबसूरतियों को नहीं देखते थे। जब आपने पहले अपनी रिसालत का ऐलान किया उन दिनों में, कुरैश के माने हुए लोगों ने आप से कहा, "हम तुमको इतना माल देंगे जितना तुम चाहते हो। हम तुम्हारी पसंद की लड़की से तुम्हारी शादी करवा देंगे। हम तुमको कोई भी ऊँचा ओहदा देने को तैयार हैं जो आप चाहते हैं, लेकिन इस तरह की सब चीज़ें तुम्हें छोड़नी होंगी।" आपने उनकी तरफ़ मुड़ कर देखना भी गवारा नहीं किया। आप गरीबों और मोहताज़ों की तरफ़ रहम और हलीम वाले थे और जो ज़्यादा माल और ज़मीन वाले थे उनकी तरफ़ मतीन थे और उनकी इज़्ज़त अफ़जाई करते थे। ये कभी नहीं हुआ के आप अपनी मरज़ी से वापस पलटे हों चाहे वो ओहद, एहज़ाब (खंदक खोदना) और हुनैन की मायूस जंगों के ख़तरनाक लम्हे क्यों न हो। इससे आपके मुबारक दिल की ताक़त और आपकी आला पैमाने की बहादुरी का पता चलता है। अगर आपका अल्लाहु तआला की हिफाज़त में पूरा भरोसा नहीं होता, मिसाल के तौर पर, सूरह मैदा की सत्तरवीं आयत में उसका वादा, **"अल्लाहु तआला ने तुम्हें बचाया आदमियों के नुक़सान के बरअकस!"** तो आपके लिए मुमकिन नहीं होता इतनी ग़ैर मामूली बहादुरी दिखाने के लिए। बदलते वाक्यात और हालात ने आपके ख़ूबसूरत अख़्लाक़ या बरताव में कोई तबदीली नहीं की दूसरों की तरफ़ छोटे पैमाने पर भी। वो जो सच्ची और मतलब वाली तारीख़ पढ़ते हैं जिन्हें क़ाबिल हाथों ने लिखा है वो हमारी बातें ज़्यादा अच्छे से समझेंगे। इनमें से एक सबब ये है, अकेला, रिसालत का दस्तावेज़ी सबूत नहीं है, वो ये, एक शख़्स जो दूसरों से मुख़्तलिफ़ है और उसके अंदर इनमें से एक बरतर ख़ासियत उसकी रिसालत का इशारा नहीं करती, इसके अलावा सिर्फ़ पैग़म्बर के अंदर इन सब फ़ज़ीलतों का ढेर है। मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) के अंदर इन सब फ़ज़ीलतों का होना एक पक्का/मज़बूत सबूत है जो इस सच्चाई को बताता है के आप अल्लाहु तआला के पैग़म्बर [उनके लिए जो मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की ख़ूबसूरत ज़िन्दगी के

बारे में जानना चाहते हैं, हम उनको सलाह देते हैं के वो तुर्की किताबें **किस्सा-ए-अंबिया** और **मवाहिब-ए-लादुनिया** पढ़ें। इसी तरह, वहाँ पर तफ़सीली जानकारी है तुर्की के इबतदाई पहले हिस्से में और अंग्रेज़ी तर्जुमे के पहले हिस्से (बाब 56) सआदत इबादत में हिलाया-ए-सआदत की इबादत के नीचे में।] हैं।

तीसरा सबूत जो इस बात की गवाही देता है के मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) अल्लाहु तआला के पैग़म्बर हैं वो इमाम फ़खर ऊद्दीन अर राज़ी की किताब है। मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) ऐसी क़ौम के पैग़म्बर बनाए गए जो आसमानी किताबों के बारे में लाईल्म थी और जिसे ईल्म और सांईस/विज्ञान/ईल्मे हिक्मत के बारे में कुछ पता नहीं था। वो एक ऐसी क़ौम थी, जो सच्चाई के रास्ते से मतभेद रखती थी, जो बुत परस्त थे वो बुतों की पूजा करने लगे थे [पुतले और इंसानी शक्ल पत्थरों या धात से बनी हुई]; उनमें से कुछ को यहूदियों ने फ़रेब दिया और उनकी झूठी, वहमी कहानियों को मज़हब के तौर पर अपना लिया; मजीयान, एक छोटा सा समूह, दो देवताओं को पूजता था और अपनी ही लड़कियों और नज़दीकी रिश्तेदारों से शादी कर लेता था; और बाक़ी दूसरे, ईसाई, ये मानते थे के ईसा (अलैहिस्सलाम) “ख़ुदा के बेटे” थे और तीन देवताओं को पूजते थे। ऐसे दरहम बरहम लोगों के बीच में, मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) एक नबी बने। एक किताब जिसका नाम **कुरआन अल-करीम** है वो अल्लाहु तआला आप पर नाज़िल फरमाई। आपने गंदगी में से ख़ूबसूरत आदते और अच्छे काम उन बुरों में से जो अंदरूनी बर्बादी की तरफ़ ले जाते थे उसमें से आपने छाँटे। आपने सही ईमान और इबादत पढ़ाई। वो जो आप में यक़ीन रखते थे ईमान और इबादत के ज़रिए रोशन हुए। आपने इंसानियत को बिगड़े हुए, मनघड़त मज़हबों से बचाया। आपको फतह नसीब हुई जैसा के अल्लाहु तआला ने वायदा फरमाया था। बहुत जल्द आपके सारे दुश्मन गायब हो गए। ख़राब, नक़ली, उकसाने वाले लफ्ज़ और काम ख़त्म हो

चुके थे। लोगों को मुतलकुल अनान, कब्ज़ा करने वालो और ज़ालिमों से बचाया जा चुका था। हर जगह जगमगा उठा थीं तोहीद के सूरज और तनज़ीह के चाँद की पाक रोशनियों से। ये था वो जो रिसालत से कायम हुआ, 'रसूल' के लिए, जिसका मतलब है सबसे आला शख़्स जो लोगों के मोहज़ब को ख़ूबसूरती बख़्शता था और दिल और रूह की बीमारियों के लिए दवाई भी देते थे। ज़्यादातर लोग अपने नफ़सों के गुलाम थे। उनकी रूहें बीमार थीं। उनके ई लाज के लिए माहरे नफ़स और उसूल अख़्लाक़ ज़रूरी है। वो मज़हब जो मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) लेकर आए वो इन सब बीमारियों के लिए एक दवाई बन गया। इसने बुराईयों और हसद को ख़त्म किया दिलों में से। ये मामला पूरे तौर पर दिखाता है के आप अल्लाहु तआला के रसूल थे और सब पैग़म्बरों से आला थे (सल्लल्लाहु अलैहि वा अलैहिम वआला अलैहि व असहाबी कुल्लीन अजमईन)। हज़रत ईमाम फ़खर अद दीन अर राज़ी ने अपनी किताब **अल मतालिब अल अलिया** में समझाया के ये मामला आपकी रिसालत का सबसे साफ़ सबूत है।

अपनी किताब के शुरू में मैने समझाया था के रिसालत/नब्बुवत का मतलब क्या है और साबित क्या था के इस तरह किसी और के साथ नहीं हुआ जिस तरह मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) के साथ हुआ। इस तरह से, ये समझा जाता है के आप सबसे आला हैं। ये बरतरी आपके मोअजज़ों से भी ज़ाहिर होती है। लेकिन ये पहुँच बिल्कुल उसी तरह है जिस तरह आलिमों ने अपनाई आपकी रिसालत साबित करने के लिए। उनका तरीका इस तरह भी मुख़्तसरन समझा जा सकता है के आदमियों को अल्लाहु तआला के ज़रिए भेजे गए कानूनी मजमूए की ज़रूरत है दुनिया और आख़रत में आराम और अमन हासिल करने के लिए।

यहाँ मेरी किताब के दूसरे मज़मून/तहरीर का ख़ात्मा हुआ। इस तरह इससे ये साबित हुआ के क़दीमी यूनानी फ़लोस्फ़र ग़लत रास्ते पर थे जिसमें वो अपने ज़ाती नुक़्ते लिखते थे मज़हब और रिसालत पर वो गलत मज़हबी जानकारी और अंदरूनी बरबादी की तरफ़ राग़िब हो गए थे।

| हिजरी | मिलादी |
|---|---|
| **989** | **1581** |

**अहमद इबन**
**अबद अल-आहद**
**अस सरहिंदी**

# दूसरा हिस्सा

# दूसरे मज़मून

## 5– एक मज़हब से अंजान शख़्स को जवाब

हमारे पैग़म्बर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने वाज़ेह किया: **“हर बच्चा दुनिया में एक पाक रूह के साथ आता है एक मुस्लिम बनने के लिए। बाद में उसके वालदेन उसे ग़ैर मज़हबी बना देते हैं।”** ये इस बात की दलालत करता है बच्चों को इस्लाम सिखाना ज़रूरी है। उनकी पाक रूहें इस्लाम के लिए मुनासिब हैं। एक बच्चा जो इस्लाम नहीं याद करता है वो इस्लाम को गलत समझता हैं झूठ और तोहमतें लगाने वाले मज़हबी दुश्मनों के ज़रिए। वो सोचता है के ये ग़लत हालत या बुरा है। अगर एक शख़्स जो मज़हब से नावाकिफ़ हो और जिसने कभी कोई मज़हबी जानकारी हासिल न की हो या इस्लाम का क़्यास न लगाया हो वो इस्लाम के दुश्मनों के जाल में फंस जाता है, तो वो मुख़्तलिफ़ और कुल मिलाकर मुख़ालिफ़ तरीका सीखता है बजाए इस्लाम के। वो ज़हरीले टीके का शिकार हो जाता है और उसे शर्मनाक अफ़साने लिख कर दिए जाते हैं। उसे इस दुनिया में अमन नहीं मिलता। और वो न ख़त्म होने वाली आफ़तों और तक़लीफों से दोचार हो जाता है आने वाली दुनिया में।

हर मुसलमान, चाहे हर शख़्स, को जानना चाहिए के ये कितना कमतर है, कितना गलत है तोहमत लगाना जो इस्लाम के दुश्मनों ने नौजवानों को फ़रेब देने के लिए अफ़साने फैला रखे हैं। और अंदरूनी बर्बादी की तरफ

राग़िब न होने के लिए इन झूठी बातों पर ईमान नहीं लाना है, हमें इस्लाम की अज़मत को समझना चाहिए, इस सच्चाई को जानना चाहिए के ईल्म, सांईस, मोहज़ब और सेहत की मदद करता है और ये के हुक्म देता है काम करने का, आगे बढ़ने की, साथ निभाने की और आपसी प्यार की।एक अकलमंद चौकन्ना और मोहज़ब शख़्स, जो इस्लाम को सही तौर पर समझते है, वो इस्लाम के दुश्मनों के झूठ पर भरोसा नहीं करता।ये देखने पर के वो मज़हब से नावाकिफ़, जाहिल है, फ़रेबी और अभागे लोग हैं, वो उनपर रहम खाएगा।वो ये इच्छा करेगा के उसे इस तवाहकुन हालत से छुटकारा मिल जाए और सही काम की तरफ़ लग जाए।

हमें ऐसे बहुत से किताबचे मिले बहुत सारे सफहें जिसमें शर्मनाक तरीके से घसीटे हुए थे फ़रेबी और मज़हब से नावाकिफ़ लोगों के ज़रिए इस नज़रिए से के ज़हरीली बदनामी सब तरफ़ फैलाए उसको ये पढ़ाया गया के सेहतमंद रूहों को छूत की बीमारी हो गई वहम की बीमारी के साथ जो उन्हें न ख़त्म होने वाली तबाही की तरफ़ ले जाती है: वो अच्छे लोगों को ख़राब और ख़स्ता हाल बना देना चाहता है।एक लेखक के ख़िताब को पूरी क़ाबलियत के साथ घबरा देना, वो जो इसकी फ़हरिस्त देखते हैं, जो सच्चाई, अच्छाई और पाकी को बदनाम करते हैं, वो सोचते हैं के ये सब जाँच पर मुबती है जो ईल्म की है और इसकी एहमियत है।जो दुख इससे होता है उसे ख़त्म करने के लिए, ये ज़रूरी समझा गया के सच्चाई को जवाब के तौर पर लिखा जाए उस गलीज़ बदनामी के लिए जो नीचे **12** पैराग्राफ में बयान की गई।वो मासूम नौजवान, इन झूठी घड़ी गई कहानियों और इस मसले की सच्चाई को देखकर, बिल्कुल साफ़ इस्लाम के दुश्मनों की चाल बाज़ियों और साज़िशों को देख लिया और आसानी से उन बद दिमाग़, रिश्वत ख़ोर बेईमानों, जो अपने आपको बहुत तरक़्क़ी याफ़्ता बताते हैं उनको पहचान लिया:

**1–** “मज़हबी ग़ौर व फ़िकर और तरीके जो समाजी ज़िन्दगी में दख़ल देते हैं वो एक ज़ंज़ीर की तरह हैं जो मआशिरह की तरह हैं जो मआशिरह की तरक़्क़ी में हाईल होता है,” उसने कहा।

**जवाब:** रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने बयान किया: **“अपनी दुनियावी फ़ायदों के लिए इस तरह काम करना जैसे तुम कभी नहीं मरोगे!”** एक हदीस हवाला दी गई ईमाम अल-मानवी के ज़रिए जिसमें कहा गया है, **“अल हिकमतु दलालत अल-मोमिन।” (तिब का ईल्म/जानकारी ईमान वालों की खोई हुई जाएदाद है। वो उसे जहाँ मिलती है वो ले लेता है!)**। सब सांईस तिब के आदमी, दुश्मन और दोस्त एक जैसे, एक राए से फरमाते हैं के इस्लाम मज़हब समाजी तरक़्क़ी को बढ़ावा देता है और तहज़ीब की तरफ़ रोशनी डालता है। मिसाल के तौर पर, अंग्रेज़ लार्ड जॉन देवनपोर्ट ने फरमाया, “कोई लोग इतने ज़्यादा ईल्म और तम्दुन की इज़्ज़त नहीं करते जितनी गहराई से मुसलमान करते हैं,” [**हज़रत मौहम्मद और कुरआन,** हिस्सा 2, बाब 2; लंदन।) और तफ़सील से समझाते हैं मिसालों और दस्तावेज़ों के साथ के इस्लाम ने मुआशिरह को तरक़्क़ी और ख़ुशहाली की तरफ़ रहनुमाई करी।

**1972** में डॉ. करीस टरेगलर, जो के तारिख़ के अमरीकी प्रोफ़ेसर थे तकनीकी युनीवर्सिटी टेक्सास में उन्होने एक बहुत बड़े समूह के सामने तकरीर करी, जिसमें उन्होने फरमाया के यूरोप की तबदीली की तहकीक और तरक़्क़ी के लिए इस्लाम उसकी असल वजह था; मुसलमान जो, स्पेन और सिसिली में आए उन्होने जदीद तकनीक और तरक़्क़ीयों की बुनयाद रखी और पढ़ाया के तिब की तरक़्क़ी सिर्फ़ मुमकिन है कैमिस्ट्ररी, दवाई, माहिरे फलकियात, पानी की जहाज़ साज़ी, भूगोल, नक्शा साज़ी और हिसाब में बेहतरी करके; और ये के ये सब ईल्म की शाखाएँ यूरोप नार्थ/शुमाली अफ्रीका और स्पेन से लाई गई मुसलमानों के ज़रिए। उन्होने इस बात पर भी ज़ोर दिया के इस्लामी ईल्म लिखे

हुए का भी बहुत योगदान है जो क़ीमती लिखा हुआ मसूदा और मिस्र का लिखने और तस्वीरें बनाने का हुनर था वो एक ख़ास कड़ी था जदीद सहाफ़त/प्रेस [हफ़तावारी रिसाला, **द मुस्लिम वर्लल्ड/एक मुस्लिम दुनिया**, पाकिस्तान, अगस्त **26, 1972**।] को बढ़ावा देने के लिए।एक ग़ैर मोहज़ब, बुरे इस्लाम के दुश्मन के झूठ, जिसका इस ईल्म/जानकारी में कोई हिस्सा नहीं है सिवाए एक ख़िताब के, ज़रूरी नही है के वो इस सच्चाई को कवर करे।सूरज को चिपचिपी मिट्टी से पलास्टर नहीं किया जा सकता।

**2–** "ये ज़रूरी है," उसने कहा, "के रियासत को मज़हबी पाबंदी से बचाया जाए।मग़रिबी तहज़ीब के हम ज़माना होने के लिए, एक असली ग़ैर जानिबदार कायदे को कायम करने की ज़रूरत है।"

**जवाब:** इस्लाम में, पूरे तौर पर अज़ाद, जमहूरी रियासतें ईल्म, मोहज़ब, सीधे तरीके और इंसाफ पर कायम की गई।ये रियासत को सियासी धोके बाज़ों के हाथों में कठपुत्तली बनने से बचाते है।सरमाएदार, मुतलकुलअनन हाकिम/तानाशाह और साम्यवाद के नौकरों ने तजवीज़ किया इस तरह की तरज़े हकुमत को जो एक ऐसी ज़ंज़ीर हो जो उनके अपने ही बे रहमी, अज़ीयत और बदअख़लाक़ी के कामों को बांध कर पाबंद कर दे।ख़ूनी, चोर और बेईमान लोग इंसाफ़ और मुजरिमों का ज़ाबता को ऐसे देखते है जैसे उनपर ज़ंज़ीरें डाल दी गई हो।जहाँ पर इसकी कोई ज़रूरत नहीं है के काफ़िरों की जहालत और बेवकूफ़ी पने को बयान किया जाए जो अपने मज़हबी ग़ैर जानिबदारी को इस्तेमाल करते हैं एक ऐसे मतलब की तरह अपनी दुश्मनी को ज़ाहिर करने के लिए मज़हब के ख़िलाफ़ और जो मज़हबी ग़ैरजानिबदारी की आड़ में छुप कर इस्लाम को ख़त्म करने की कोशिश करते हैं।ये आदमी क्या चाहता है रियासत से मज़हब की अलेहदगी नहीं, बल्कि मज़हब की तबाही।ये ज़ाहिर है के एक अनाड़ी जो ये चाहता है के कौमें या रियासतें ईल्म, हिक्मत,

मेहनत और मोहज़ब से तरक़्क़ी नहीं करतीं, लेकिन उसके बजाए इस्लाम की तबाही से, जो बयान करती है सारी नैकी को, और जो इच्छा रखती है मग़रीबी बदअख़लाकी ज़नाकारी और अंहकार की, वो महरूम रह जाएगा अक़ल व फ़हम और ईल्म लेकिन मोहज़ब होने से भी।

**3–** वो कहता है, "लोगों को इस्लाम की तसकीन के फलसफ़े से बेहोश करना, वो एक-एक की ये उम्मीद करते हैं के उसे रंज की हालत में कर दे और वो अपने हुकूक भी न मांग सके।इस ख़ुशनुमा वजह के साथ के वो साम्यवाद को रोक रहे हैं, वो गुलामी के ख़्याल को और लोगों के ज़रिए दूसरी दुनिया में ईमान को बचा रहे हैं।तसकीन ऐसा पेचदार लफ्ज़ है जो शोषण के लिए इस्तेमाल होता है।इस्लाम को मानने वाले इस इस्तेहसाल/शोषण को बढ़ावा दे रहे हैं।"

**जवाब:** वहाँ पर कुछ फ़िकरे ऐसे बेमआनी है जैसे के ये फ़िकरा "इस्लाम की तसकीन का फलसफ़ा।" हमने **सआदते अबदिया** में फलसफ़े का मतलब समझाया था और साफ़ कर दिया था के इस्लाम में कोई फलसफ़ा नहीं है।इस तरह के गलत फ़िकरे थे ज़ाहिर करते है के जिस शख़्स ने इनका इस्तेमाल किया है वो इस्लाम और फलसफ़ा के बारे में कुछ नहीं जानता, और वो ये के, कुछ फ़िकरे याद करने से बिना उनके मतलब जाने हुए, कई लफ्ज़ उसने बना लिए इस्लाम के लिए अपनी दुश्मनी ज़ाहिर करने के लिए।सदियों से इस्लाम के दुश्मन अपने आपको छुपाते आए हैं मज़हबी आदमियों के तौर पर और नकाब के पीछे से हमला करके जुर्म का इरतकाब करते हैं।लेकिन आज वो हमला करते हैं किसी पेशे के या हुनर के मास्टर के भेस में एक ओहदे का ख़िताब हासिल करने के बाद।वो झूठे जो, मुसलमानों को धोका देते हैं, अपने आपको ईल्मे हिक्मा के माहिर के भैस में ग़ैर सांईसी बयानात सच्चाई के तौर पर पेश करते हैं जिसे **"सांईस के धोकेबाज़"** कहा जाता है।न सिर्फ़ इस्लाम, लेकिन सब ईल्मे उसूल की किताबें जो हर क़ौम के पास है वो तसक़ीन की

सराहना करती हैं। इसके बरअक्स इस सांईस के धोकेबाज़ के अफ़सानों के मुताबिक़, तसक़ीन का मतलब ये नहीं है के अपने हुकूक छोड़ देना और काहिल बन जाना। तसकीन का मतलब है अपने हुकूक के साथ, जो आप कमा रहे हो उसके साथ राज़ी रहना और दूसरों के हुकूक के साथ तशद्दुद न करना। इसके आलावा, ये लोगों को काहिल नहीं बनाता, लेकिन उनको काम की तरफ़ और तरक़्क़ी की तरफ़ बढ़ावा देता है। इस्लाम, इस धोकेबाज़ झूठ बोलने वाले के बरअक्स, गुलामों को बचाता नहीं है लेकिन हुकुम देता है गुलामों की अज़ादी का। गुलामी इस्लाम में वजूद नहीं रखती, लेकिन तानाशाही और साम्वाद के निज़ामे हुकुमत में थी। आसमानी किताबें और पैग़म्बरों (अलैहिमु'स-सलाम) जिनके मोअजज़े नज़र आते थे, दूसरी दुनिया की और अक़ल की ख़बर देते थे: ईल्म और सांईस इस चीज़ को मना नहीं करता। इस रास्ते से भटके हुए जाहिल के लफ्ज़, बहरहाल, सिर्फ़ जज़बाती और वाहियात दलीलें हैं। उसने न तो कोई हवाला न ही कोई सांईसी बुनियाद की तैयारी करी। आख़रत में ईमान, हुकुम, इंसाफ़, आपसी प्यार और मुआशरे और मुल्कों में एकता कायम करने का सबब बनेगा। इसमें ईमान न रखने का मतलब है आवारगी, काहिली, ज़िम्मेदारी का एहसास ख़त्म होना, अंहकार, झगड़ा और दुश्मनी की तरफ़ रहनुमाई होना। ये बहुत अच्छा है के किसी फायदेमंद चीज़ में ईमान रखना। ये बिल्कुल सही और ज़रूरी है के ऐसी चीज़ों को नज़रअंदाज़ करना जिनसे कुछ साबित न हो, बेबुनयाद हों और बेफ़ायदा हों। इस्लाम इंसानी हकुक के इस्तेहसाल/शोषण और बेपरवाई को मना करता है। ठीक उसी तरह जैसे शोषण एक गुनाह है, इसलिए इसकी इजाज़त नहीं है के नुक़सान होने पर चश्म पोशी करना। इस्लाम में जहालत, काहिली, किसी के हकुक से बेपरवाई और धोका दिए गए हैं ये सब माफ़ करने लायक़ नहीं है; वो सब जुर्म हैं। वहाँ पर मशहूर कहावत है जो ऐसे है, **"वो जो नुक़सान पहुँचाने अपनी मर्ज़ी दे वो माफी के क़ाबिल नहीं है।"** किस तरह इस्लाम में इस्तेहसाल/शोषण हमेशा हो सकता है? किस तरह एक शख़्स ईल्म और वजह के साथ हमेशा ऐसे कह

सकता है? क्या इस जाहिल शख़्स ने जो ऐसा कह रहा है कभी आयात और बेशुमार हदीसों के बारे में नहीं सुना जो इंसानी हकुक को बचाती हैं? नहीं जानता या ऐसा नहीं सुना ये कोई जवाब नहीं है उसके लिए!

**4–** "मशरिक, जज़ब हो चुका है और मदहोश हो चुका है मज़हब के साथ, वो बीमार हो चुका है।ईमान रखने का मतलब है गुलामी, उसने कहा।

**जवाब:** कोई भी तारीख़ का पढ़ने वाला ये साफ़ तौर पर देख सकता है सबाहत अल-किराम (अलैहिमु'र-रिज़वान) की बरतरी और ये सच्चाई के इस्लाम चुस्त, पढ़ाकू, बराबरी और बहादुर क़ौमें बनाता है।हज़ारों मिसालें और लाखों किताबें जो इस सच्चाई को ज़ाहिर करती हैं वो मौजूद हैं।ये एक शर्म वाली बात है के एक अंधा शख़्स सूरज को नहीं देख पा रहा।क्या ये सूरज की गलती है के वो इसे देख नहीं पा रहा? क्या औक़ात है ऐसे जाहिल की, फरेबी शख़्स की तोहमत की जो बुलंद मज़हब पर लगा रहा है, जो ख़ुशियों और तहज़ीब का ज़रिया है, जिसे सारे अकलमंद और मोहज़ब आदमी चाहे वो दोस्त हों या दुश्मन सराहते है? कुछ कहा जाए या लिखा जाए वो उसके मालिक का अकस डालता है।बहुत से लोग, जब वो अपने दुश्मनों से नाराज़/गुस्सा होते हैं, वो अपने ही बुरे बरताव की तोहमत उनपर लगाते हैं।हर बकसे/बालटी में जो होता है वही उसमें से टपकता है।इसलिए एक बुनयादी शख़्स के अलफाज़ उसे दर्शाते हैं।इन नफ़रतों की तोहमतों को हिदायत देने का मक़सद ऐसा है जैसे एक हीरा जो गंदगी में गिर गया हो।एक बुरा शख़्स जो इस्लाम पर हमला करता है वो कोई हैरानी वाली बात नहीं है।क्या ज़्यादा हैरानी वाली बात है वो ये के कुछ लोग इस बेबुनयाद, वाहियात बदनामी को सच मान लेते हैं, उस पर यक़ीन करते हैं और आफ़तों में घिर जाते है।ये तोहमतें जवाब देने के लायक़ नहीं हैं।ये बेकार है कोशिश करना के एक अंधे को बताया जाए सूरज के मौजूद होने का या बताया जाए एक शख़्स को जो बीमार हो सफ़रे की वजह से

या जिगर ख़राब हो के मीठी चीनी कैसी होती है।मुकम्मल और बरतर चीज़ें बीमार, गंदी रूहों को नहीं बताई जाती।उनको जवाब देने का इरादा दूसरों को उनपर यकीन रखने से बाज़ रखता है।दवाई मरीज़ को मरने से बचाने के लिए होती है, न के मुरदे को ख़ुश करने के लिए।

चलो लाखों गंद्याश/पैसेज में से दो का हवाला देते हैं के किस तरह इस्लाम ने तहज़ीब का रास्ता जगमगाया।हम मशरिक से उन्हें नहीं चुनेंगे, जो वो बदनाम कर दें और नफ़रत करें, लेकिन मग़रिब से लेगें, जो वो सराहता है।मोक़ीम [जीन मोक़ीम, जर्मन का दीनयात पढ़ाने वाला और तारीखदाँ, जिसकी वफ़ात **1169 (1755)** में हुई।] ने कहा, "ये पूरी तरह सच्चाई है के हिक्मत की जानकारी, ईल्मे तिब्ब, किमयाई, ईल्मे फलकियात और हिसाब जो यूरोप में दसवीं सदी से पहले से फैला हुआ था वो इस्लामी मदरसों/स्कूलों, ख़ास तौर पर अंडालूसिया (स्पेन) के मुसलमानों से लिया गया, जो यूरोपियन के उस्ताद थे।रोमन और गोथस ने दो सौ साल तक जददोजहद की अंडालूसिया पर कब्ज़ा करने की; दूसरी तरफ़, मुसलमानों ने पैनिनसुला पर बीस साल में कब्ज़ा कर लिया।पाएरेनीस से आगे चले गए, वो आगे फ्रांस तक में चले गए।मुसलमानों की बरतरी ईल्म, अकल और मोहज़ब के लिहाज़ से अपने औज़ारों कम असरदार नहीं थीं।" लार्ड दवेनपोर्ट ने कहा, "यूरोप आज भी मुसलमानों का कर्ज़दार है।हज़रत मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) ने कहा, **"शान-व-शौकत, इज़्ज़त और बरतरी माल से नहीं बल्कि ईल्म और अकल से नापी जाती हैं।"** इस्लामी रियास्तों का निज़ाम बहुत सदियों तक मज़बूत हाथों से चलाया गया।मुसलमान जो तीन बरे आज़मों में फैले हुए थे वो तारीख़ में सबसे ज़्यादा इज़्ज़त वाली जीत बने।"

जबके एक जाहिल नफ़सियाती ने अपने किताबवे में लिखा के मशरिक मज़हब में जज़ब होकर मदहोश हो चुका है, ये ग़ैर मुस्लिम लेकिन ग़ैर

जानिबदार लेखक, जैसे के जॉन दवेनपोर्ट, जो के अंग्रेज़ी लार्ड थे, उन्होने वजह के साथ लिखा: "जैसे के अंडालूसिया में मुसलमानों ने ईल्म और सांईस/ईल्मे हिक्मत का बीज बोया मग़रिब में, मेहमूद अल-गज़नवी ने मशरिक में ईल्म और दानिशमंदी को बढ़ाया और उसका देश सांईसदानों का मरकज़ बन गया। इस्लामी हुकमरान/राजा पैदावार को बढ़ाते थे, और जो दौलत जमा/इकट्ठी होती थी उसके ज़रिए से वो अच्छे कामों में और मुल्क की तरक़्क़ी के लिए लगाया जाता था। जैसे के ख़ुशहाली और तहज़ीब मशरिक में तरक़्क़ी कर रहे थे लूईस VII फ्रांस ने वीतरी शहर पर कबज़ा कर लिया, उसमें आग लगा दी और तेरह सौ लोगों को ज़िन्दा जला दिया। उन दिनों में, शहरी जंगें इंग्लैंड में मौत बरसा रही थीं, जहाँ ज़मीन काश्त नहीं की गई थी, और हर चीज़ ख़त्म हो चुकी थी। चौदहवीं सदी में, एंगलो फ्रेंच जंगें बहुत ख़तरनाक बहुत नुक़सान वाली तारीख़ में ऐसी कभी नहीं देखी गई। लेकिन मशरिक में मुसलमानी देशों में, फिरोज़ शाह तुग़लक़ III, जिसने **752** ऐ.ऐच **(1251)**, में पचास बैराज और नहरें, चालीस मस्जिदें, तीस स्कूल, एक सौ लोगों की रिहाईश, एक सौ अस्पताल, एक सौ हमाम, और एक सौ और पचास पुल बनवाए जब तक के वो **790** में मर नहीं गया। भारत में, ख़ुशहाली और ख़ुशियों का राज था, शाह जहाँन के मुल्क में। उसके पास अली मुराद ख़ान था, जो के एक इंजीनियर था जिसने देहली की नहर बनाई। संगे मरमर के फव्वारे पानी के फव्वारों के साथ और अवाम के लिए मारबल के हमाम शहर में हर जगह बनाए गए। हर घर में पानी पहुँचाया गया। पूरा मुल्क हिफ़ाज़त के मज़े ले रहा था।"

**5–** "मज़हब किस्मत और तसकीन को ज़ाहिर करता है। ये एक ख़्याल है जो दूसरी दुनिया से ताअलुक रखता है, जो ज़ुल्मी और भूखे को बेहिस कर देता है। ये पढ़ाता है के, दूसरी दुनिया की बरकत हासिल करने के लिए, ये ज़रूरी है के इस दुनिया की चीज़ों की इच्छा मत करो। ख़ुशी और ज़रूरत जीने के लिए किस्मत और तसकीन को तोड़ देता है और एक

जद्दोजहद को पैदा करता है अच्छी ज़िन्दगी हासिल करने के लिए। मज़हब उनसे डरते हैं जो ऐसे तरीकों के ख़िलाफ़ हैं जो जमे हुए और ढले हुए रिवाज़ों पर मुनहसिर करते हैं। मज़हब का नशा एक आदमी को बेक्दरा, मातेहते और बिना किसी मतलब के ज़िन्दगी गुज़ारने वाला बना देता है," उसने कहा।

**जवाब:** ऐसे झूठ और सख़्त नफ़रत वाली तोहमतें जवाब देने लायक़ नहीं हैं, एक अक़लमंद शख़्स जो सच जानता है वो उनपर यक़ीन नहीं करेगा। अब तक, अगरचे इस्लाम के दुश्मन अक़लमंद नहीं हैं, वो उनको मसरूफ़ कर देते हैं बेफ़ायदा और बेकार चीज़ों में, वो उनको मनशयात दे देते हैं जो उनके नफ़्ज़ को ख़ुशी/मज़ा देता है और उनकी मस्ती के लायक़ हो। इस तरह से, वो उनको मज़हबी ईल्म हासिल करने से रोक देते हैं। इन मासूम नौजवानों को बचाने के लिए, जो पहले से भरे हुए हैं और बहिस हैं, इन झूठों पर यक़ीन करने से और मुसिबतों की तरफ़ बढ़ने से, ये ज़रूरी हो गया है के मुख़्तसर सा सच लिखा जाए। एक ख़ुशकिस्मत नौजवान शख़्स जिसने हमारी किताब **सआदते अबदिया** अच्छी तरह से पढ़ी, उसने इस्लाम को सही और हूबहू याद किया, वो झूठे अफ़सानों में यक़ीन नहीं रखेगा। हमारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम), के ये फरमाने से, **"वो जो ईल्म रखता है वो मुसलमान बन जाता है। वो जो जाहिल है वो मज़हब के दुश्मनों के ज़रिए धोका खाता है,"** सलाह दी है हमें के हम और अच्छी तरह जानकारी वाले बने।

ये कहना सही है के मज़हब किस्मत और तसकीन में यक़ीन रखना है। लेकिन किस्मत, इस गरीब अंजान की सोच के मुख़ालिफ़/बरखिलाफ़, ये मतलब नहीं है के काम न करना या आरज़ू न रखना। **क़दर** का मतलब है के अल्लाहु तआला पहले से ये जानता है के लोग क्या कर रहें हैं, अल्लाहु तआला आदमी को काम करने का हुक्म देता है। वो तारीफ़ करता है उनकी जो

काम करते हैं। उसने सूरह-अन नीसा की चौरानवीं आयत में बयान किया: **"वो जो जिहाद करते हैं, काम करते है और मेहनत करते हैं वो उनसे ऊँचे और ज़्यादा कीमती हैं जो बैठते हैं और इबादत करते हैं बजाए जिहाद करने के।"** रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया, **"अल्लाहु तआला उनको पसंद फरमाता है जो काम करके अपना गुज़ारा करते हैं।"** जैसा के बहुत अच्छे तरीके से समझा गया तारीख़ को पढ़के और उस बाब में जिसका नाम है **कमाई और तिजारत सआदते अबदिया** के तुर्की वाले तर्जुमे में, इस्लाम काम और तरक़्क़ी का मज़हब है। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हुक्म दिया के रोज़ाना की तरक़्क़ी और बेहतरी के लिए, ये फरमाके के, **"वो जो** [लगातार] **दो दिन तक एक ही दरजे पर रहे या कोई तरक़्क़ी न करे वो अपने आपको धोका देता है।"** आपने ये भी फरमाया, **"दूसरे दिन तक के लिए मत टालो, या फिर तुम तबाह हो जाओगे!"** और **"ग़ैर मुल्की ज़बाने सीखो। इस तरह तुम अपने आपको दुश्मनों की हसद से बचा पओगे!"**

ये बहुत नामुनासिब और बेबुनयाद है कहना के दूसरी दुनिया की रहमतों के बारे में सोचना काम करने में रूकावट है। ये हदीस, **"वो जो काम करके कमाता है वो कयामत वाले दिन पूरे चाँद तरह चमक रहा होगा"; "एक आलिम का सोना इबादत है"; "जो हलाल है वो कमाओ और फायदे वाले कामों पर लगाओ/खर्च करो"; उस शख़्स के गुनाह माफ हो जाएंगे जो इस्लाम में अपने भाई को पैसा देता है,"** और **"हर चीज़ की उसत क रसाई है। जन्नत में जाने का रास्ता ईल्म है,"** हुक्म दो हमें कमा कर गुज़ारा करने का और फरमाइए के वो जो जाईज़ तरीके से कमाते हैं और अपनी कमाई फ़ायदे वाली चीज़ों पर लगाते हैं दुनिया में वो दूसरी हासिल कर लेते हैं। "मज़हब लोगों को बग़ावत करने से रोकता है। "मज़हब लोगों को बग़ावत करने से रोकता है। इसलिए, ये है नशा/अफ़ीम," उसने कहा। ये बहूदा बात इस लेखक की बहुत अच्छी तरह उसकी कम समझदारी को ज़ाहिर करती है मज़हब और

तहज़ीब के वास्ते से। ये साफ़ है के ये अलफाज़ किसी ईल्म या छान बीन को ज़ाहिर नहीं करते। ये कुछ नहीं है बल्कि एक किस्म है शोषण/इस्तेहसाल की जो साम्यवादी/कम्युनिस्ट रहनुमाओं की चापलूसी के इरादे से की जाती है ताकि मज़हब के ख़िलाफ़ अंधी दुश्मनी करके एक ओहदा हासिल किया जाए। वो जो अपना ईमान देते हैं/परे रख देते हैं हासिल करने के लिए जिसे दुनियावी तौर पर कहा जाता है **"मज़हब के धौकेबाज़।"** वो हमेशा गलत होते हैं और आफ़तों में घिर जाते हैं। उनके बड़े, जिनके साथ वो कोशिश करते थे अपने आपको शुक्रिया हासिल करवाने के लिए, वो अपने मरतबों से गिर गए। हर फ़ानी होने होने वाली चीज़ की तरह, ये बड़े, अल्लाहु तआला की मौजूदगी उनका फ़ैसला किया जाएगा, जिसे उन्होने नकारा और वाहियात तरीके से मुख़ालफ़त की, वो कभी न ख़त्म होने वाले अज़ाबों में घूम गए। उनके ख़ुशामदी उन्हें भूल गए और, अपने ज़ाती मफ़ाद के लिए दूसरी जमाअतों की तरफ़ मुंतकील हो गई, उन्होने दूसरी फ़ानी चीज़ों को पूजना शुरू कर दिया।

**6–** "अरब मुल्कों में जहाँ रेगिस्तान का कानून ग़ालिब है, वो भौतिकवाद और जिन्हें अपने माल से सब कुछ लेना होता है उनके फलसफ़े पर हमला करते हैं," उसने कहा।

**जबाव:** पहले, मज़हब के दुश्मन कुछ क़ीमती अलफ़ाज़ जो आला तसव्वुफ़ वालों के होते थे उन्हे याद कर लिया करते थे, लिखते थे और कहते थे लापरवाई के साथ बिना उसका मतलब समझे हुए और नौजवानों को फंसाने के लिए तरीका के आदमी बन जाते थे। लेकिन अब, मग़रिबी आदमी सांईस वाले और ख़्याल के उनके अलफ़ाज़ वो याद कर लेते हैं, तलबे चाट कर और अपने मास्टरों के गिलासों में शराब भरकर, और चापलूसी करके, वो डिपलोमा हासिल करते हैं और एक ओहदे को झपट लेते हैं। एक मोहज़ब और ईल्म का जानने वाला आदमी का नाटक करते हुए वो इस्लाम के ख़िलाफ़ अपनी दुश्मनी

को बाहर निकालते हैं उन अलफाज़ के ज़रिए जो उन्होने याद कर लिए, वो नौजवानों को देते हैं और मुसलमान बच्चों को धोका देने की कोशिश करते हैं उनको मिस्तरी और मुश्तरीक की बहुत लुभावनी पेशकश देकर।

ये कमज़रफ़ लोग जो सांईसी ईल्म में पीछे हैं लेकिन ग़ैर कानूनी तरीके से डिपलोमे हासिल कर लेते है और जो इस्लाम पर एक "सांईसदां" के नक़ाब में हमला करते हैं जिन्हें **"सांईस का दग़ाबाज़"** कहते हैं।एक वक़्त में, ऐसे झूठे सांईसदां एक ज़िले के हाकिम बन जाते हैं अपनी मशकूक डीपलोमे की वजह से।ये देखने पर के लोग उसे कोई इज़्ज़त नहीं दे रहे एक नतीजे वाले शख़्स की तरह, तो वो मीटींग रखता है, गाँव के लोगों को और मज़हब के आदमियों को इकट्ठा करता है, और ऐसे नाम उगलता है जैसे के मादी फलसफ़ा, जदीद और रोशन आदमी।ये देखने पर के हर कोई मज़हबी आदमियों की इज़्ज़त कर रहा है लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा, वो गुस्से में गिर जाता है।वो बे बुनयाद बातें करता है और अपने गंदे किरदार और बुरे ख़्यालों को ज़ाहिर कर देता है।जबके, मज़हब के आदमियों की तरफ़ इशारा करके, उसके कहा, "वो जो यूरोप नहीं गया वो एक एक गधा है।" मुफ़्ती एफ़ेंदी, अपना सबर खो बैठे, कहा, "क्या तुम्हारे बुलंद बाप ने कभी अपनी मौजूदगी से यूरोप को इज़्ज़त बख़्शी?" जब दूसरा झुकने लगा जवाब देने के लिए "नही" खुरदुरी आवाज़ के साथ, मुफ़्ती एफ़ेंदी ने फ़ैसला दिया, "तब, तुम्हारे इज़्ज़त मआब अहमक़ पिज़ही के होंगे," इस तरह वो हाक़िम नुमा शकल अपने ही जाल में फंस गई।वो "तरक़्क़ीयाफ़्ता" और "रोशन" लेकिन बंद दिमाग़ के और जाहिल लोग, जो इस्लामी आलिमों की बड़ाई या मश्हूर और इज़्ज़त से नवाज़े गए बरतर लोगों को नहीं जानते जो इस्लामी तहज़ीब के जिनसे सारी दुनिया के कुतुब खाने भरे पड़े हैं, उन्होने इस्लाम के स्टील के कीले पर धमाके वाली बंदूकों से हमला किया, ऐसा बोला जाता है, और उन्होने सबने अपने आपको बेइज़्ज़त कराया और शिकस्त पाई।

**7–** “वो जो मआशियत में ज़वाल का सबब हैं वो इन हालात का फायदा उठाते है और मशवरा देते हैं के हर किसी को किस्मत के एक निवाले और एक कोट पर राज़ी हो जाना चाहिए।इससे साबित होता है के मज़हब का असर कितना मदहोश कर देने वाला है।तहज़ीब का मतलब है और ज़्यादा मआशी ख़ुशहाली की चाह रखना और उसके लिए मशक़त करना।लेकिन मज़हब समाज के लिए इस तरक़्क़ी की तहरीक को तोड़ देता है और बेहिस कर देता है ऐसे तआसूरात को जैसे तसकीन किस्मत के साथ, दूसरी दुनिया और रूहानियत,” उसने कहा।

**जवाब:** यहाँ एक और ज़िन्दा तस्वीर है ख़ुशामद की, जो हम पिछले पैरा में बता चुके हैं! कितना बड़ा झूठ है के ये कहना के इस्लाम के लड़ाकू, जो तीस साल में तीन बरे आज़मों में आबाद होने आए, उन्होने परशीया और रोम उस वक़्त की दो सबसे बड़ी रियास्तें और ख़ास तौर से पूरी परशीया रियासत को ख़त्म किया) की फौज़ों को हराया, और जिन्होने हर क़ौम को प्यार से जीता अपने इंसाफ और ख़ूबसूरत मोहज़ब सलीके से, वो बेहिस थे, मदहोश लोग थे जिन्हे अफ़ीम दी जाती थी! अगर किसी को थोड़ी सी भी तारीख़ के बारे में पता है वो सिर्फ़ ताना देगा और नफ़रत करेगा ऐसे नीच, बेबुनयाद तोहमत पर।इस्लाम लोगों को काम करके तरक़्क़ी करने का हुक्म देता है और जन्नत का वादा करता है उनसे जो मालदार हो जाते हैं और गरीबों की मदद करते हैं।अगर ये लेखक इस्लामी हुनर का काम देखले, जिसपर यूरोपियों और अमेरिकनों ने तअज्जुब किया, और उनके मज़मून जिसमें उन्होने मुसलमानों के ईल्म और सांईस की काबीलियत को सराहा, वो शायद इन सतरों को घसीटने में शर्म महसूस करता।हम कहते हैं ‘शायद’ वो इसलिए क्योंकि ये एक नेकि है शर्म का एहसास लेकर चलना, और ये सोच से बाहर है के एक बदकार शख़्स से पशेमानी की उम्मीद करना।

इस्लाम मुसलमानों को काम करने और तरक़्क़ी करने का हुक्म देता है। तसकीन का मतलब सिर्फ़ ये नहीं है के "सिर्फ़ एक कोट" पर राज़ी हो जाना और बेकार बैठ जाना। मुसलमान इस तरह के बिल्कुल नहीं है। तसकीन का मतलब है के अपनी कमाई पर राज़ी होना और न के दूसरों की कमाई पर लालची आँखें रखना। ये इस्लाम था जो यूरोप में तहज़ीब लाया था, इस्लाम ने ही उनको मआशी ख़ुशहाली का रास्ता दिखाया और लोगों को हुक्म दिया के काम करो उसे हासिल करने के लिए। नीचे बताई गई हदीस, इसी तरह की दूसरी, बताती हैं के ऊपर हवाला दिए गए लफ़्ज़ बहुत बड़े झूठ हैं: **"इस तरह रहम दिल, लोगों में सबसे बड़े वो है जो दूसरों के लिए ज़्यादा फायदेमंद हैं;" "सबसे बड़ी महरबानी है ख़ैरात देना;" "तुम में से सबसे रहमदिल वो है जो लोगों को ज़्यादा खाना खिलाए,"** और **"तुम में सबसे रहमदिल वो है जो दूसरों से कोई उम्मीद न रखे बल्कि अपना काम करे और गुज़ारे का कमाए।"**

**8–** क्या अपाहिज की कोशिश अपने ज़माने की तहज़ीब के साथ निपत पाएगी उस तारीख़ के रूख़ पर जो के ज़रूरी ताक़त है मज़हब की। मज़हब की बहुत ज़रूरी हुक्म, जो क्रांती के रास्ते में रूकावट है, उसे मिटा देना चाहिए" उसने कहा।

**जबाव:** इस बेशर्म सांईसदां ने दोहारा "तहज़ीब" और कोशिश की नौजवानों के दिमाग़ों को अपने वस में करने की अपने जादूई लफ़्ज़ों के साथ। वो सोचता है ये तहज़ीब है के इतनी बड़ी, मज़बूत कारखानें लगाना और बिजली की मशीनें बनाना और न्यूक्लियर-ताक़त वाले कारखानें लगाना, जिमा को बढ़ावा देना और तफ़रीह के तौर पर औरतों का इस्तेमाल करना। वो अपने को हाकि़म भी बनाना चाहता है बेरूनी सरमाए की तस्करी करके, झूठ बोलकर धोका और फरज़ी कहानियों से, या वहशी इच्छाओं को पूरा करके काम वाली जमाअत के खरचे पर गुज़ारा करके। वो तहज़ीब जो इस्लाम के आलिमों ने

वाज़ेह करी है और मुसलमानों को हुक्म दिया है वो ये है **"तामिर-ए-बीलाद व तरफीह-ए इबाद,"** वो इसलिए के मुल्कों की तरक़्क़ी के लिए इमारतें, मशीने और कारखाने तामीर करो और इस तकनीक को इस्तेमाल करो और सारे माल पैसे को लोगों की आज़ादी, भलाई और अमन के लिए। बीसवीं सदी में, इन दो तहज़ीब की हालतों में से पहली मौजूद है। अगरचे टेकनालोजी में जो तबदीली है वो हैरान करने वाली है, मआशी और तक़नीकी खोजें लोगों को गुलाम बनाने के लिए हैं, ज़ुल्म के जुर्म को बढ़ाने और आफ़तें देने के लिए है। साम्यवादी रियास्तें और तानाशाही हकुमतें इसकी मिसालें हैं। बीसवीं सदी एक इस्तलाहात की सदी है।

ये समाजवादी/इश्तराकी लेखक अपनी इस इच्छा के बारे में बहुत संजीदा है के मज़हब को मिटा दे, क्योंकि इस्लाम ने मना बदअख़लाकी को, बेई मानी को, शोषण, बहाने बाज़ी, तानाशाही, इलज़ाम लगाने को और, मुख़्तसर ये के, हर तरह के बुरे बरताव को जो इंसानियत को काटे। एक हासिद शख़्स गंदे किरदार के साथ बेशक नहीं सोचेगा के कोई अच्छा काम हो। नीची ज़िन्दगी का हारा हुआ बेशक डरेगा इस्लाम की तामीर से। ये बेईमान यक़ीन न रखने वाला तारीख़ को बुलाता है अपनी झूठी कसम खाने के लिए ये साबित करने के लिए के इस्लाम ने तहज़ीब को अपाहीज कर दिया। अगर उसे थोड़ा बहुत तारीख़ का ईल्म होता, तो शायद वो अपने आपको थोड़ा बहुत रोकता। फिर भी ग़ैर मुस्लिम तारीख़दां भी इस सच्चाई को मानते है के इस्लाम ने तहज़ीब की ख़िदमत की और यूरोप और अमेरिका में जदीद तरक़्क़ी पर रोशनी डाली।

ये साफ़ है के ये जाहिल सांईस का धौकेबाज़ इतना अकलमंद या पढ़ा हुआ नहीं है के ये झूठ के अफ़साने अपने आप बना ले। वो कोशिश करता है इस्लाम को छोटा दिखाने की उन हमलों का हवाला देकर जो यूरोप में सही तरीके से ईसाईयत के ख़िलाफ़ थे। बहरहाल, क्योंकि वो गलत है और

क्योंकि उसका जाइज़ा और समझ साथ के साथ उसका ईल्म इतना नाकाफ़ी है, के उसने उसको अबतर कर दिया।

ये मुनासिब रहेगा यहाँ पर उनके बारे में जो ईसाईयत के ख़िलाफ़ हैं और क्यों उन्होने उस पर हमला किया और ये भी वज़ाहत दे दूँ के ये हमले इस्लाम की तरफ़ रूख़ करते।

ईसायत, जो अपनी पाक कदरों को खो चुके थे एक साथ कोनसटेनटाईन द ग्रेट, के ज़माने में, वो सिर्फ़ सियासी फ़ायदों के लिए बन गया था।पादरियों ने ग़ैर ईसाइयों के ख़िलाफ़ ख़ूनी जंग शुरू कर दी थी।वो हर किसी को ज़बरदस्ती बिना सोचे समझे ईसाई बनाना चाहते थे।लूथेर इन हमलों को करने में अपनी इंतेहा को पहुँच गया।वो बहुत तैश (गुस्से) में था हर मज़हब के खिलाफ़, किसी भी क़ौम जो के परोटेसटेनट नहीं थी।तब्लीग़ी तनज़ीमें, दूसरी तरफ़ हर एक को वरग़लाने की कोशिश कर रही थीं, हर एक को भटका रही थीं उनके ज़मीर से और फिर ईसाईयत को फ़ैला रही थीं रोज़ाना एक नया मज़मून निकाल कर।ईसाई हमला, जो न तो ईल्म और न ही सांईस के मुताबिक़ था और जो कभी धोका देकर, अठारवींह सदी में वो यूरोप में ईसाईयत के ख़िलाफ़ नफ़रत भड़काने के ज़िम्मेदार थे।ये लिखा गया था के पादरी लोगों को धोका दे रहे हैं, उनको वहमों में ईमान रखने के लिए मजबूर कर रहे थे और कोशिश कर रहे थे के हर किसी को अपने ख़्यालों का गुलाम बना लें।लेकिन ये दुश्मनी सिर्फ़ ईसाई मज़हब के ख़िलाफ़ नहीं हुई।वहाँ ऐसे भी मौजूद थे जो हर मज़हब को हमले का निशाना बना रहे थे।बनाए ये देखने के ये पादरियों के बुरे काम जन्में उनके मज़हब में गंदगी और दख़लअंदाज़ी से, उन्होने सोचा ये मज़हब से जन्में हैं।बिना मज़हबों को पढ़े, उन्होने ईसाईयत में ज़ाती बुराईयों को मज़हब से मनसूब कर दिया और मज़ाहिब पर हमले करने लगे।उनमें से एक जो अपने मज़हबों से दुश्मनी में बहुत आगे चला गया वो था वोलटेएर।लूथर की तरह, वो भी इस्लाम पर तोहमतें लगाता था और सोचता

था के हमारे मास्टर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) जैसा के लूथर ने बयान किया, वो आपके बारे में गलत बोलता था। बिना इस्लाम को पढ़े, ये भी, आम ईसाइयों की तरह, सब मज़हबों पर हमले करने लगे।

उन्नीसवीं सदी में पहली बार, वोन हरडर, एक जर्मन, ने कहा के अंधों की तरह मज़हबों के ख़िलाफ़ दुश्मनी रखना ऐसा ही गलत है जैसे के ज़बरदस्ती ईसाई बनाना। उसने ये ज़रूरत जताई के मज़हबों को पढ़ो, ख़ासतौर पर इस्लाम को। इस तरह, यूरोप में लोग मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की ज़िन्दगी को समझने लगे और हैरत अंगेज़ बरतर रोशनी से जगमगाते रास्ते जो इस्लाम ने दिखाए वाहिद निज़ाम के लिए, ख़ानदानों और मआशरे के लिए। कारील, एक अंग्रेज़ मूफ़क्कीर, ने मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की ज़िन्दगी, मोहज़ब आदतें और हैरत अंगेज़ियाँ एक इबारत में **एक हीरो जो नबी है** अपनी किताब जिसका नाम **द हिरोज़** है, जो उन्होने **1841** में लिखी थी उसमें ज़िक्र किया है। इस किताब में उन्होने लिखा, "एक बुलंद शख़्स जो हज़ारों लाखों/सेकड़ों लोगों के निज़ाम को बारह सदी तक चलाते रहे और जो सबब बने मशरिक और मग़रिब में तहज़ीबी रियास्तें कायम करने के वो कभी भी खोटे नहीं हो सकते जैसा के लूथर और वोटेएर ने लिखा। एक नीचा शख़्स कभी भी हज़रत मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की हैरत अंगेज़ियों को नहीं जान सकता। सिर्फ़ एक मुकम्मल शख़्स जो ईमान रखता हो और मोहज़ब हो वो दूसरों को यकीन दे सकता है। मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) इंसानियत को बुलंद करने के लिए पैदा हुए। अगर ऐसा नहीं होता, कोई भी उन्हे नहीं मानता। मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) के लफ्ज़ सच्चे है, एक झूठ के लिए एक घर कायम करना भी मुश्किल है, यहाँ तो पूरा एक मज़हब है।" कारिल के ज़माने में, यूरोप में कोई मोअतबिर इस्लामी किताबें नहीं थीं। बहरहाल, अपनी तेज़ बसीरत और पढ़ाई की मदद से, जिसमें कई साल लगे, उन्होने ईसाइयों के झूठ को और न ही मज़हब के दुश्मनों के झूठ को नहीं माना और वो इस क़ाबिल हो गए के तारीख़ी सच को

देख सकें। आज, बहुत सारी इस्लामी किताबें यूरोपियन ज़बानों में तर्जुमा की जा रही हैं, और जो कारिल की तारीख़ी लिखाई में गलतफहमियाँ और शकूक थे वो वाज़ह किए जा रहे हैं।

अगर लूथर के नफ़रत ज़दा मज़ामीन कुरआन अल-करीम के ख़िलाफ़ और खौफ़नाक कहानी फ़साने की तरह वोलटाएर के ज़रिए मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) के बारे में उसे इस मज़मून **एक हीरो जो नबी है** कारिल के ज़रिए से मिलाया जाए, तो किसी को भी ये समझ आ जाएगा अच्छी तरह के कितना मुख़्तलिफ़ इस्लाम को देखा गया पुर जोश ईसाइयों या मज़हब के नावाक़िफ़ दुश्मनों के ज़रिए और ईल्म के आदमियों और जाँचने वालो के ज़रिए। कारिन के बाद, अंग्रेज़ी आलिम लार्ड दवेनपोर्ट ने बहुत तफ़सील के साथ मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) की ख़ूबसूरत ज़िन्दगी और मोहज़ब किरदार और इस सच्चाई को के कुरआन अल-करीम एक ऐसा ईल्म का ज़रिया है जो लोगों की ख़ुशियों की तरफ़ रहनुमाई करता है उसे समझाया है। उन्होने जवाब देकर उनको ख़ामोश कर दिया जो कुरआन अल-करीम और मौहम्मद (अलैहिस्सलाम) पर तौहमतें लगाते थे।

ऐसे देखा गया है, आज, इस्लाम के दुश्मन, गलत नुमाइंदगी की आग को जलाने के लिए, ज़हर हासिल करते हैं तीन ज़रियों से: ईसाई तबलीग़ी जमाअत, वो जो मज़हब पर बंद आँख से हमला करते हैं वोलटेएर की तरह, और इश्तराकी जो लोगों को जानवरों और मशीनों की तरह इस्तेमाल करते हैं हर तरह का सच और अच्छाई को ख़त्म करके।

**9–** "मज़हब का मतलब है वो सब रख देना जो उसके पास है, तसकीन, मुसिबतें और नबराबरी को मान लेना। ये मुआशरे पर मौजूदा हदों को बांध/मुकर्रर कर देता है। ये एक अच्छी ज़िन्दगी हासिल करने से रोकता है जो फर्क को घटाता है दर्जो [समाजी] के बीच में और इस्तेहसाल/शोषण को रोकता

है। ये ज़ुल्म पूरा होता है दोज़ख़ के डर के साथ। जो मुसिबत झेलते हैं उन्हें जन्नत से तसल्ली दी जाती है। ये फरदों की शख़्सियतों को मार देता है," उसने कहा।

**जवाब:** वो मुसलमान बच्चों को ज़हरीला बना देना चाहता था उस ज़हर के साथ जो उसने ऊपर बताए गए ज़रियों में से हासिल किया, लेकिन वो इसमें कामयाब नहीं हुआ। आज, नौजवान लोग इस्लामी किताबें पढ़ते हैं और ईमान को सही से जानते हैं। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने बयान किया: **"एक शख़्स दो दिन (लगातार) एक जैसी कमाई करता है वो नुक़सान उठाता है। एक मुसलमान को हर दिन तरक्की करनी चाहिए।"** एक अकलमंद जवान जिसने इस हुक्म को सुना और ध्यान से पढ़ा इस हुक्म को **"आगे!"** हज़रत उमर, रसूलुल्लाह (अलैहिस्सलाम) के ख़लीफ़ा के ज़रिए, वो बेशक उस नावाकिफ़ शख़्स के झूठ पर ईमान नहीं रखेंगे, जो अपने आपको "तरक्कीयाफ़्ता" आदमी बताता है। इस्लाम ग़ैर मसावात को मंज़ूरी देने का हुक्म नहीं देता, बल्कि उसको ख़त्म करने का देता है और इंसाफ़ का हुक्म देता है। हदीस असशरीफ़, **"मैं एक इंसाफ पसंद राजा के ज़माने में आया,"** मुशरिकों के इंसाफ़ को सराहना बिना पाक किताबों के। हदीस असशरीफ़ लिखी गई **अल मानवी** और **अद दाइलामी** में बयान करती हैं: **"वो जो सबसे पहले जन्नत में दाख़िल होंगे वो इंसाफ वाले काज़ी और ईमानदार मुदब्बिर।"** क्या ये हदीस शरीफ़ हुक्म देती है और बढ़ावा देती है तकलीफ़ और ग़ैर मसावत को या नज़रअंदाज़ करती है? हमारे पढ़ने वालों का ज़मीर ज़रूर इसका सही जवाब देगा, और ये अच्छी तरह से समझा जाएगा के ये गुमराह नास्तिक लेखक कैसा है और किसकी ख़िदमत करने की कोशिश कर रहा है।

इस्लाम ज़कात, उधार और आपसी मदद का हुक्म देता है। ये हमें बताता है के जो इन अहकाम को मानते हैं, जिससे समाजी दर्जों में फर्क को

ख़त्म किया जाता है, वो जन्नत में जाएंगे। वो नहीं जो दर्द को झेल रहे हैं, बल्कि वो जो अपने आपको दर्द देने वाले के लिए छोड़ दें, बनाने वाला/पैदा करने वाला, वो जन्नत में जाएंगे। इस्लाम एक तरक़्क़ीयाफ़्ता, हरकत वाला मज़हब है जो सबको एक अच्छी ज़िन्दगी की तरग़ीब देता है। इस्लाम "मौजूदा हदूद को बांधना" ये नहीं करता बल्कि बोलने वाले को आज़ादी देता है अपने को हम ज़माना हालतों में रखने की तिजारत, सनत, काशतकारी और जंगी इस्तलाहात, और हर किस्म की सांईसी खोज को तरक़्क़ी करने के लिए इस्तेमाल करने की। अल्लाहु तआला ने अपने सबसे प्यारे नबी (अलैहिस्सलाम) को भी हुक्म दिया, जो सबसे आला और अकलमंद इंसान थे हर मामले में, के **"सहाबत अल-कराम से मश्वरा लिया करो! उनके साथ सलाह किया करो!"** हर इस्लाम के ख़लीफ़ा के पास मशावरती जमाअत, सलाहकार और ईल्म को जानने वाले आदमी थे। ये उनको इजाज़त नहीं थी के बग़ैर उनके मश्वरे/राए से कोई काम किया जाए। वहाँ पर 'इबादत' में कोई तबदीली या तरमीम नहीं थी, लेकिन तरक़्क़ी और बढ़ोतरी टेकनोलॉजी में और दुनियावी कामों में उसका हुक्म है। यही सबब था के इस्लामी रियास्तें मशरिक में और मग़रिब में कहीं भी कायम हो गई और हर लिहाज़ से आगे बढ़ीं। इस्लाम एक ऐसा मज़हब है जो वाहिद शख़्सियत को सहल करता है और सोचने की आज़ादी देता है। हर मुस्लिम पूरी दुनिया से ज़्यादा क़ीमती है।

**10–** ये मज़हब अंदरूनी और बेरूनी शोषण का नतिजा है। तसकीन और किस्मत पर छोड़ देना काहिली और शोषण का सबब बनता है। पैदावार के ज़राए कुछ ही हाथों में रह जाते हैं। बड़े हुजूम दुनियावी ख़ुशियों को हासिल करने के लायक़ नहीं समझे जाते। 'एक निवाला और सिर्फ़ एक कोट' की फिलोसफ़ी जीने की ताक़त और मेहनत के साथ चली गई। दूसरी दुनिया की उम्मीद तकलीफ़ें और परेशानियों का सबब बनती हैं," उसने कहा।

**जवाब:** मज़हब के बारे में बात करने के लिए कम अज़ कम थोड़ी बहुत मज़हबी जानकारी तो होनी चाहिए। इस्लाम को आज के सरमाएदार और साम्यवादी इस्तेसाहलियों से मुकाबला करना, इस्लाम पर हमला करना उसकी इस्लाम के ख़िलाफ़ दुश्मनी को दिखाता है, एक दुश्मनी जो इतनी बढ़ी हुई है के इसने आँखें बंद कर दीं और अकल को गुस्से से भर दिया। जबके मग़रिबी सरमाएदारों और ज़ालिम साम्यवादियों के ख़िलाफ़ कुछ नहीं कहा, जो पैदावार के ज़रियों को कुछ हाथों में रखते हैं और लोगों का शोषण करते हैं, उसने इस्लाम पर हमला किया, जिसने समाजी बराबरी का हुक्म दिया, वो अलग से नफ़रत करता हैं इस्लाम से और खुली चाकरी करता है रूस की। क्योंकि उसे इस्लामी ईल्म, वक़्त के बारे में कुछ नहीं पता और दोबारा उसने तसकीन और कदर/कज़ा पर हमला किया। तहज़ीब के नाम में वो सिर्फ़ मआशियत और पैसा कमाने की बात करता है। वो नहीं समझता के तसकीन ऐसा हिस्सा है जो नफ़सियाती बीमारियों को रोकता है, नामुनासिब और दुश्मनी को ख़त्म करता है, और समाज में कायदा कायम करता है। तसकीन ने इस्लाम को बहुत तेज़ी से पूरी दुनिया में फ़ैलाने और ईल्म और सांईस के स्मारक खड़े किए। क्या ये आयतें, **"जो काम करेगा वो पाएगा",** और **"सबको मिल जाएगा** [अजर के लिए] **जो उसने किया है",** और दूसरी बहुत सी हदीस, जैसे के, **"अल्लाहु तआला उनको पसंद फरमाता है जो काम करके कमाते हैं,"** और **"अल्लाहु तआला बिल्कुल उन जवान लोगों को पसंद नहीं करते जो काम नहीं करते,"** जो के **अल-मुनावी** में लिखी हुई हैं, मुसलमानों को हुक्म देते हैं काम करने और तरक्क़ी करने का या सुस्त रहने का? क्या उमय्यद, अब्बासिद, ग़ज़नवी, हिंदुस्तानी तेमरलंग, अंडालूसियन और ऑटामन/उस्मानिया तहज़ीबें, जो के मुसलमानों के ज़रिए कायम हुई, इशारा करती हैं मुतालआ करने वालों का या काहिली का? क्या एक देरवेश के बहुत ज़्यादा ये लफ़्ज़ कहने से "एक निवाला और सिर्फ़ एक कोट" तबदील कर देगा कुरआन अल-करीम और हदीसों के अहकाम को? एक दरवेश का बहुत ज़्यादा बोलना अपनी सर

मस्ती/जुनून की हालत में वो उसके लिए सही और उसकी हालत को काबू में करने के लिए है, लेकिन ये पूरे इस्लाम के लिए नहीं है। दूसरी दुनिया पे ईमान रखना तक़लीफ़ों को पैदा नहीं करता बल्कि क़ायदा और आराम पैदा करता है अलग-अलग, खानदानों और समाज के लिए। इस्लाम ख़ुद को मारने का हुक्म नहीं देता, बल्कि समान और रूहानी तकलीफ़ों को ख़त्म करने को और ज़हमत और दुखों को टालने के लिए है।

**11–** "इन मुल्कों का निज़ामें हुकूमत अभ भी रेगिस्तान के कानून के साथ चल रहा है," उसने कहा।

**जवाब:** वो हुक्म और तालिमात जो कुरआन अल-करीम में अल्लाहु तआला ने ज़ाहिर कीं और हज़ारों हदीसों ने सारी दुनिया से इल्म के आदमियों में और अकल में ख़ुशी जगा दी। इन तालिमात और अहकाम की बरतरी और ख़ूबी समझाने के सिलसिले में, इस्लाम के आलिमों ने हज़ारों किताबें लिखी, उनमें से कुछ का इस किताब में हवाला दिया गया है। ग़ैर मुस्लिम ईल्म के जानने वाले आदमी भी जल्दी से इस सच्चाई को बता देते हैं। गोएथे ने कहा, "वो जो कुरआन अल-करीम को पहली बार पढ़ता है उसे मज़ा नहीं मिलता, लेकिन उसके बाद ये पढ़ने वाले को ख़ुद अपनी तरफ़ खींचता है। बाद में, ये अपनी ख़ूबसूरती से उसे फतह कर लेता है।" गीब्बन ने कहा, "कुरआन अल-करीम न सिर्फ़ अल्लाहु तआला में और दूसरी दुनिया में ईमान को ज़ाहिर करता है बल्कि शहरी कानून और जराईम के ज़ाबते में भी। ये न तबदील होने वाले एहकाम अल्लाहु तआला के और कानून जो इंसानों के सब मामलात और रियास्तों पर हुकूमत करते हैं।" [**'रोमन सल्तनत का ज़वाल और तनज़्ज़ुल'**, एडवर्ड गीब्बन, मुरतब किया डेरो ए सोनडरस, पी पी **650-660**।]

दवेनपोर्ट ने कहा, "कुरआन अल-करीम मज़हबी फराईज़, रोज़ाना के काम, रूहानी पाकी, जिस्मानी सेहत, आदमियों के समाजी और शहरी फराईज़

और हुकुक, वो चीज़ें जो लोगों और मआशरे के लिए फ़ायदेमंद हैं, और मोहज़ब और सज़ा का ईल्म इन सबका इंतेज़ाम करता है। कुरआन अल-करीम एक सियासी निज़ाम है हर जानदार और बेजान की रियास्तें ये तरतीब देता है। मोहज़ब पर, ये बहुत साफ़ और मज़बूत है। कुरआन अल-करीम हमेशा मदद करने का हुक्म देता है। ये समाजी मसावात को मज़बूत करता है। ये तहज़ीब पर ज़ोर का सहायक असर छोड़ता है। वहाँ पर ऐसा कोई बरताव ऐसे नामुनासिब और ऐसे मज़ाक उड़ाने वाले ऐसे आमने सामने, ज़िददी पने और दुश्मनी से बाहर, ये कुरआन अल-करीम नावाकिफ़ तनकीद के साथ; ये सबसे ज़्यादा किताब है जो अल्लाहु तआला ने भेजी है इंसानियत की भलाई और ख़ुशहाली के लिए।"

ऐसा देखा गया है के हर अकलमंद और माकूल शख़्स कुरआन अल-करीम से जुड़ जाता है और उसकी इज़्ज़त करता है जितना ज़्यादा वो उसको समझता है। कोई बदअख़लाकी, बेबुनयाद या अहमक पन इतना ख़राब नहीं है जितना के ये कहना "रेगिस्तान का कानून" इस पाक किताब के बारे में।

**12–** "दूसरे मशरीकी मुल्क अपने आपको एक क़ौम परवर मानते हैं, मग़रिबी विचारधारा ने रेगिस्तान का कानून परे फेंका, और वो ज़मीर वाले बन गए मज़हब की अफ़ीम छोड़कर", उसने कहा।

**जवाब:** ग़ैर मुस्लिमों ने भी अपनी ख़ुशी ज़ाहिर की है इस्लाम के लिए, जिसे ये नवाक़िफ़, वहमी लेखक अफ़ीम कह रहा है। मोकीम ने कहा, "कोई वक़्त इतना ख़राब नहीं सोचा जा सकता जितना के वो काले दिन जब यूरोप धूँधला हो चुका था दसवीं सदी में। फिर भी लातेन क़ौमें जो उस ज़माने की सबसे ज़्यादा तरक़्क़ी वाली थीं, उनके पास कुछ नहीं था ईल्म और सांईस के नाम पर मन्तक़ के सिवा। मन्तक़ को सबसे बरतर समझा जाता था और दूसरी ईल्म की शाखाओं की बनिसबत। उस वक़्त मुस्लिम ने स्पेन और इटली में

अपने स्कूल तामिर किए। नौजवान यूरोपियन आदमी इन जगहों पर ईल्म सीखने के लिए जमा होते थे। इस्लामी आलिमों के पढ़ाने के तरीकों को सीखने के बाद, उन्होने अपने ईसाई स्कूल खोले।"

हैरान करने वाली इस्लामी तहज़ीब, जिसे लिखा गया और सराहा गया है एक राए से पूरी दुनिया की तारीख़ की किताबों में, उसे कुरआन अल-करीम के मानने वालो के ज़रिए कायम किया गया। आज, सांईस तरक़्क़ी कर रहा है और बड़ी-बड़ी सन्नतें यूरोप, अमेरिका और रशिया/रूस में कायम की गई। खला में सफ़र शुरू हुआ, लेकिन इनमें से किसी मुल्क में भी दिमागी सकून हासिल नहीं हुआ। मालिकों की फज़ूल खर्ची और बरबाद करना और मुलाज़िमों की गरीबी किसी का ख़ात्मा नहीं किया गया। इश्तराकियत में रियास्त लोगों का शोषण करती है; सेकड़ों लोग सिर्फ़ अपने खाने के लिए काम करते हैं, वो वैसे ही भूखे और नंगे हैं जैसे थे, और एक ज़ालिम, कातिल अक़लियत उनके खर्च पर चल रही है। वो महलों में मज़ेदार ज़िन्दगी गुज़ार रहे हैं और हर बुरा काम कर रहे हैं। क्योंकि वो कुरआन अल-करीम को नहीं मानते, इसलिए उन्हें सुकून और आराम नहीं मिल पाता। तहज़ीबयाफ़्ता होने के लिए, ये ज़रूरी है के उन्हें सांईस और टेकनॉलोजी में नकल किया जाए, काम करने के लिए और चीज़ों को पूरा करने के लिए जैसे वो करते थे, क्योंकि कुरआन अल-करीम और हदीस में हमें हुक्म हुआ है के सांईस और फन में तरक़्क़ी करो। मिसाल के तौर पर, इबन अदी और अल-मुन्नवी (रहमतुल्लाहु तआला अलैहिमा) के ज़रिए हदीसों के बयान के मुताबिक़ ये वाज़ेह हुआ: **"अल्लाहु तआला बेशक अपने उन बन्दों को पसंद फरमाता है जो तरक़्क़ी करते हैं और एक हुनर रखते हैं,"** और जो हदीस **हकीम अत तीरमज़ी** और **अल मुन्नवी** में लिखी है वो वाज़ेह करती हैं: **"अल्लाहु तआला बेशक ये देखना पसंद करते हैं के उसका बन्दा हुनर जानता है।"** अकेले ये पूरा करने के लिए, बरहाल, ये काफ़ी नहीं है तहज़ीबयाफ़्ता होने के लिए। जो बरकतें कमाई गई वो बराबरी के साथ बांटी

जाए, और काम करने वाले को उसकी मेहनत के बराबर मिले। और ये इंसाफ सिर्फ़ तब ही हासिल हो सकता है जब कुरआन अल-करीम को माना जाए। आज, यूरोप, अमेरिका और रशिया/रूस उन मैदानों में कामयाब हैं जहाँ वो इस्लाम के मेल मुताबिक काम करते हैं। बहरहाल, क्योंकि फायदे कुरआन अल- करीम के इंसाफ के उसूलों के मुताबिक नहीं बांटे जाते, इसलिए लोगों को आराम और सुकून नहीं मिल पाता, और दर्जो/मरतबे की लड़ाई को टाला नहीं जा सकता। वो जो कुरआन अल-करीम को नहीं मानते वो कभी ख़ुश नही रह सकते। वो जो इसकी फरमाबरदारी करते है बिना यकीन के या यकीन के साथ, वो ये, ख़्वाह वो मुसलमान हैं या नहीं, उसको फरमाबरदारी है उसके लिए। वो जो इसमें यकीन रखते हैं और मानते हैं उन्हें दोनों के फायदे मिलते हैं दुनिया में भी और बाद में भी; वो आराम और ख़ुशहाली से इस दुनिया में रहते हैं और बाद में कभी न ख़त्म होने वाली ख़ुशियाँ, बेहद रहमतें उनपर नाज़िल होंगी। तारीख़ और रोज़ाना के वाक्य दोनों ये साफ़ बताते हैं के ये लफ़्ज़ सच्चे हैं। उनके लिए जो नहीं चलते उस रास्ते पर जो कुरआन अल-करीम ने उन्हें दिखाया है, कोई मसअला नहीं चाहे वो मुस्लिम हैं या नहीं; जितना दूर वो उसके बताए हुए रास्ते से जाएंगे उतना ही नुक़सान उन्हें झेलना पड़ेगा और सबसे ज़्यादा तबाह उनका मुस्कबिल होगा।

साकिब सबानजी, एक मशहूर तुर्की के कारोबारी, उन्होने बताया के जब वो अमेरीका में एक ख़ास दिल के ऑपरेशन के लिए था, तो एक मग़रिबी ईसाई के चर्च का पादरी उस अस्पताल में काम करता था वो ऑपरेशन से पहले मेरे पास आया और उसने कहा, “कल तुम्हारा एक ख़ास ऑपरेशन है। तुम मेरे मज़हब से नहीं हो, तुम एक मुस्लिम हो। लेकिन हम सब लोग एक ही पैदा करने वाले को मानते हैं। हम सब उसके इंसानी गुलाम हैं। ये एक फर्ज़ है उसके सारे गुलामों का के वो उसकी पनाह में जाए क्योंकि ये बहुत नाज़ुक वक़्त है। इसलिए, आज रात मैं तुम्हारे लिए दुआ करूँगा।” सकीप सबानजी के

तासिर ये हैं: "मैं बता नहीं सकता के उस पादरी के लफ़्ज़ों ने मुझे कितना हिला दिया और मुझे कितना हौसला मिला।" मंदरजाज़ेल उनका मज़मून एक रोज़नामा में शाआ/छपा **8** मार्च **1981,** में इस उन्वान के साथ "रूहानी कदरों की तरफ़ मुड़ना"।

"ये देखा गया है के सांईस और टेकनॉलोजी में बेहतरी के लिए कोई हदूद नहीं हैं। अगरचे, दूसरी दिखाई देने वाली हक़ीक़त ये है के सांईस और टेकनॉलोजी में बेहतरी, कच्चे माल की ताक़त को बढ़ाता है, और रोज़ाना का सुधार जीने के ढंग पूरा नहीं पड़ता आदमी को ख़ुशी दिलाने के लिए।

"इन सब से ऊपर, एक खास मकाम पर आने के बाद, सांईस और टेकनॉलोजी में बेहतरी और कामयाबी बढ़ते हुए समान के सरमाए में ये सब मुकम्मल होंगे **'रूहानी और अख़लाकी कदरों को हासिल करके।'**

"अब जो तरक़्क़ी हुई है जिसे **'जापानीस मॉडल'** कहते हैं वो इसकी एक खुली मिसाल है। **जापानियों की किस्म** और **'जापानियों की तरह कारखाने'** की आरज़ू आजकल तुर्की में रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में आम तौर पर बार-बार दोहराई जा रही है।

"जापानियों ने कारे बनाना मुत्हिद रियास्तें अमेरिका में एक बहुत बड़े कायम मकाम में कारखाने में सीखा। बहुत थोड़े अरसे में, बहरहाल, वो इस क़ाबिल हो गए के अन्तर्राष्ट्रीय और अमेरिका के बाज़ारों में इन स्थापनाओं का मुकाबला कर सकें। वो अपना माल बेचने में ज़्यादा कामयाब रहे।

"मेरे यकीन में, वहाँ पर तीन सबब थे इस कामयाबी के:

"**1.** टेकनॉलोजी;

"**2.** एक निज़ाम में काम करना;

“**3.** अपने कदीमी और रूहानी कदरों पर साबित कदम रहना।

“टेकनॉलोजी को एक मुल्क से दूसरे में तबदील करना मुमकिन है बावजूद इसके पैसे या मेहनत के।

“लेकिन नज़म-व-ज़वत/अनुशासन के काम, अपनी रिवायतों और रूहानी कदरों पर साबित कदम रहना इतनी जल्दी तबदील नहीं हो सकता जितनी जल्दी उन्हे उसके पैसे मिल जाएगें।बदकिस्मती, ये सारे हिस्से ऐसी ग़फलत की हालत में गिर चुके हैं और हल्के हो गए है हमारे मुल्क में।

“जब हम बहुत ध्यान से अपने माज़ी को देखेंगे और जापान के साथ मवाज़ना करेंगे, तो हमें दिखेगा के तुर्की नायाब क़ौमों में से थे दुनिया में अपनी रिवायतों में साबित कदम रहने में, काम करते हुए नज़्म-व-ज़नत बनाए रखने में और रूहानी कदरों को मानते में।

“वहाँ पर एक मज़बूत खानदानी/कुंबे का ढाँचा मौजूद है।घर के फरद अपने खानदान के बूढ़े के पास जमा होते हैं।वहाँ पर उनके लिए बहुत इज़्ज़त है, और वो नौजवानों को महफूज़ रखने के ज़िम्मेदार होते हैं।

“तुर्की अपने मुल्क, झंडे, मज़हब और पाकदामनी को बचाने के लिए मेहनत कर रहा हैं।ये उसके लिए मुकदस लड़ाई है।

“जंग में, वो लड़ता है **‘अल्लाह के नाम में।’** झब नया काम शुरू करता है, वो उसके नाम के साथ शुरू करता है।वो अपने प्यारों को अल्लाह के भरोसे छोड़ता है।

“वहाँ पर एक तरीका है ढंग का और रिवायतों का जो तुर्कीयों के बीच में दस्तकारी और तिजारत को चलाती है।पुरानी तिजारत करने वालों की अंजुमन, इनका फिरका/बिरादरी, हर हुनर को बचाने वाले मास्टर और उन

मास्टर के नायब उनके शार्गिद सबका आपस में संबध एक मिसाल है नज़म-व-ज़बत की जो तुर्कीयों ने तिजारत और दस्तकारी में कायम की हैं।

"और कई सदियों से इस्लाम मज़हब रूहानी कदरों की बुनयाद रहा है जो सेकड़ों तुर्की दुनिया के हर कोने में फैले हुए हैं उनकी वाब्स्तगी को आसान किया हुआ है।

"जबके हमारे एक तुर्की के खाके को जांचा जाए **1981** के दूसरे मध्य में, तो वहाँ पर बहुत सारे फ़ायदे नज़र आएंगे इन **'रूहानी कदरो'** को याद रखने के जो हमारे माज़ी में थी लेकिन आज के वक़्त में हम उसे भूल चुके हैं।

"हम अपने संजीदा समाजी और सियासी नाहमवारी को मनसूब नहीं कर सकते, जो अब उससे बाहर निकलने की कोशिश कर रही हैं, अकेली मआशी वजूहात की बिना पर।

"हमारी आबादी के लिए, जो **50** मिलियन से ऊपर हो चुकी है और हर साल एक मिलियन बढ़ रही है।हम एहसानमंद है एक मुल्क को देने के लिए **'हम ज़माना तहज़ीब के मुताबिक तरक़्क़ीयाफ़्ता होना'** और **'एक ख़ासियत ज़िन्दगी की जो इंसानी इज़्ज़त से मेल खाती है।'** हालांकि हम कामयाब हो गए हैं, लेकिन ये दिखाई देता है के **50 मिलियन लोगों को हर वक़्त ख़ुश रखना बहुत मुश्किल है** सिर्फ़ माल के ज़रिए बढ़ाने से।

"ये हमारा बहुत अहम फर्ज़ है के **रूहानी कदरों को सबमें आम किया जाए** उन्हे तलाश करके आगे लाया जाए, वो कदरें जो **50** मिलियन लोगों को एक साथ करेंगी और उनके अंदर काम करने का इरादा पैदा होगा ज़्यादा अमन से वो एक साथ काम कर पाएंगे।**50** मिलियन लोगों में एकता को जताने के लिए हमें इस सीख को इस्तेमाल करना होगा।

“अल्लाह में यकीन, उससे डरना और इस्लाम मज़हब ये सब अहम हैं जो उम्मीद और काम करने का जज़्बा जगाते हैं उनमें जो माल के मसअले की वजह से मजबूर हैं।

“ये समझ आ गया के रूहानी तरक़्क़ी ज़रूरी है मआशी तरक़्क़ी को फायदेमंद बनाने के सिलसिले में।

“बराए मेहरबानी याद रखिए के जब **एक खलाबाज़ चाँद पर उतरा तो उसकी जेब में उसकी मज़हब की किताब थी।**

“यही हमारा मक़सद होना चाहिए: टेकनॉलोजी हासिल करना और चाँद पर सफ़र करने की काबीलयत होना...लेकिन, अगर हम इस टेकनॉलोजी और इससे ज़राए पर काबिज़ हो जाते है, तो हमें **अल्लाहु की ताक़त और मदद माँगते रहना है...**

“हमें अपनी तलाश को बनाए रखना है इस्लाम मज़हब की बड़ी ताक़त को इस्तेमाल करने के लिए अपनी नई पीड़ी को रूहानी कदरों को बनाए रखने के लिए होसला देना है। हम एहसानमंद हैं इस बात पर ज़ोर डालते हैं के स्कूलों में मज़हबी तालिम को रूहानी सहायता के तौर पर पढ़ाया जाए। इससे पहले के काफ़ी वक़्त ज़ाया हो जाए, हमें अपने स्कूलों में काफ़ी मज़हबी तालिम के प्रोग्राम शुरू कर देना चाहिए।

“रिवायतों में साबित कदम रहने का नतीजा ये निकलेगा बहुत बड़े पैमाने पर आपस में बरदाशत करने की ताक़त सोचों में और कामों में और फिर आपसी प्यार और इज़्ज़त बढ़ेगी, जिसकी हमें ज़्यादा ज़रूरत है। ये आपसी मुख़ालफ़त को कम और शांत कर देगा और अंदरूनी अमन को कायम करने में मदद करेगा। इसलिए, एक खरा और मज़बूत समाजी इदारा इसके नतीजे में कायम किया जाता है।

“वरना, ये बहुत मुश्किल है के किसी को ख़ुश करना और इतने बड़े आदमियों के हुजूम पर हुकूमत करना जो के रूहानी कदरों और रिवायतों से मेहरूम हैं।समाजी हुक्म इतनी आसानी से ऐसे मआशरे में कायम नहीं हो सकता। “कुरान अल-करीम में, ये बयान है: **‘ग़ाफिलमत हो जाओ; परेशान मत हो।अगर तुम्हारा ईमान मज़बूत है, तुम बेशक कामयाब होगे।’**

“आज हम ये सुनते हैं और पढ़ते हैं के दुनिया में सारे लोग एक दूसरे को करीब से जानने में लगे हुए हैं और अब एक दूसरे तरीके से उन चीज़ों को देखते हैं जो उन्होने इस्तेमाल करने से मना कर दिया।आईए में आपको एक सादा मिसाल दूँ: अमेरिकनस इस बात का दावा करते है के इस्लाम में बहुत सारे ज़ालिम कानून थे और जो चारी के हाथ सामने रखकर काट देते हैं ख़ास उनमें से होते हैं।हम हैरान हैं और अपने को हाल की योजना पर मुसकराने से नहीं रोक पा रहे जो डुगलस हफ़, एक अमेरिकी सेनेटर जो स्टेट आफ़ ईलीनोइस से थे, उन्होने दिया, जो अपने स्टेट में डाके के मामले बढ़ने पर उन्होने कहा- ये एक कानून की तरह नाफ़िज़ होना चाहिए के चोरों के हाथ का टदिए जाएं जैसे के मुस्लिम मुल्कों में किया जाता है।सेनेटर ने अपनी तजवीज़ में लिखा, ये आपको एक ज़ालिम की तरह मार सकते हैं।लेकिन मैं और किसी हल के बारे में नहीं सोच सकता।मैं सोचता हूँ ख़ुदा ने अपने गुलामों पर एक सज़ा आयद की है जो के सही है।वो जो एक जुर्म करते है उन्हे उससे डरना चाहिए।जैसे के तुम देख रहे हो, आदमी दिन पर दिन इस्लाम के कानून के करीब होता जा रहा है।इस्लाम मज़हब में हर चीज़ का सबब है; सबसे नया मज़ाहिब में से अपने पैदा करने वाले को, दुनिया का मज़हब बनाना।

“हम ये दोबारा बता रहे हैं के मज़हब एक ताक़त का खज़ाना है जो हमें नुक़सान देने वाले और बुरे कामों से बचाता है, जो हमारी उमंगों को बंद करता है, हमारे ज़मीर/रूहों को कुव्वत देता है और पाक करता है, हमें बनाता

है- हमारी अच्छी आदतों को खोलता है- नरमदिल और मददगार इंसान जो हमारे बड़ों का कहना मानते हैं, वो हमें बग़ावत और कानून की नाफरमाबरदारी से बचाते हैं, हमें उम्मीद देते हैं और हौसला देते हैं अपने मकासिद को हासिल करने में, जब हम नाकाम होते हैं तो हमें ख़ुश करते हैं, हमारी परेशानियों को कम करते हैं, हमें ताक़त से भरता है और जीने की उम्मीद लाता है, हमें खोलता है और रहनुमाई करता है अल्लाह के रास्ते पर हमें दुरूस्त और मुकम्मल आदमी बनाने के लिए, खुलासे में, हमें इस दुनिया में अमन हासिल करने के लिए और बाद में कभी न ख़त्म होने वाली ख़ुशियाँ हासिल करने के लिए। "हम अपने मज़हब को गले लगाते हैं, उसके हुक्मों और मना की हुई बातों को मानते हैं, और उसकी कीमत को समझते हैं।लेकिन हमें इसे सख़्ती से इसको आसान, दुनियावी मामलों में या फिर बुनयादी, ज़ाती फ़ायदों के लिए हमें इसका इस्तेमाल टालना होगा।ये रहमतों वाला मुल्क और ये पाक मज़हब नुक़सान उठाते हैं ऐसे फरेबियों के हाथों जो लोगों को धोका देते हैं अपने ज़ाती इच्छाओं और गंदे मकासिद के पूरा करने के लिए ये कहकर, 'मज़हब खो गया है! वो हर एक को मजबूर करते हैं बग़ावत करने के लिए।

"मज़हबी और सांईसी फरेबियों ने इस मुल्क के हमारी क़ौम की ख़ुशियों को बहुत नुक़सान पहुँचाया है।मज़हब के फरेबी, मज़हब के ज़राए को अपने ज़ाती मफ़ाद और सियासी मकासिद के लिए इस्तेमाल करने लगे, ग़ैर मज़हबी चीज़ों को आगे बढ़ाने लगे जैसे के वो मज़हब से ताअलूक रखती हों।उसी वक़्त में, सांईस के फ़रेबी, दोबारा अपने मज़हब में यकीन को बरबाद करने की कोशिश करने लगे और, इसको ख़त्म करने के लिए, अपने ग़ैर सांई सी, ग़ारत करने वाले और नामंज़ूर लफ़्ज़ नौजवानों के आगे रखने लगे के वो उन्हें सांईसी ईल्म के तौर पर कुबूल करें।मज़हब के फरेबी, मज़हबी आदमी बनाने की कोशिश करते हैं, उन लोगों का शोषण करते हैं जो अपने मज़हब में साबित कदम हैं, जबके सांईस के फरेबी, अपने आपको सांईसदां दिखाते हैं

और अपने सांईस के डीपलोमे दिखलाते हैं, लोगों के कामिल यकीन को सांईसी ईल्म में इस्तेहसाला शोषण करते हैं। हमें इन मज़हबी और सांईसी फरेबियों की चालों से पूरे तौर पर सावधान रहना चहिए।

“आज के वक़्त में, भी, वहाँ पर कुछ धोकेबाज़ हैं जो मज़हब और सांईस को सियासत के औज़ार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बात का ईल्म हुआ के ज़्यादातर बाग़ी लूटेरे, जो अपने बम्ब, दूरबीनी गन, एंटीटेंक रौकेट और तरसील और हासिल करने वाले रेडिओ सेट के साथ पकड़े गए थे वो बाद में यूनीवर्सिटी में सांईस के फरेबियों के तौर पर मिले। बाक़ी बचे हुए काम करने वाले, आदमी या आरतें तालिब-ए-ईल्म जो उनके ज़रिए धोका दिए गए। जैसा के हम पढ़ते हैं अख़बारों में जालसाज़ी और कतल के बारे में के आम हो रहे है या उन हज़ार में से दस सांईस के फरेबी जो अभ्यास करते हैं, हम खौफ़ और डर में उसको समझते हैं के क्या नुक़सान या ज़वाल की तरफ़ वो हमारे मुल्क को ले जा रहे हैं। हम नहीं जानते के किस तरह कमांडर का शुक्रिया अदा करें जो, क़ौम के बुलावे पर मदद करने पहुँचती है, इस ख़ौफ़नाक कोर्स को बंद कराती हैं और हमें इस नागहानी आफ़त से बचाती है। दिन और रात हम पाशा के अच्छे के लिए दुआ करते हैं के उसने हमें बचाया। हम उन रहमतों का अच्छी तरह शुक्रिया अदा नहीं कर पाते जो हमें हासिल हुई अगर हम हर लमहे के लिए ज़मीन पर ओधे मुंह लेटकर अपने रब का शुक्रिया अदा करें जिसने उन्हें हमारी सदारत करने भेजा! हम न ख़त्म होने वाला शुक्रिया अपने रब का अदा करते हैं उसकी इस इतनी बड़ी मेहरबानी के लिए।

“मज़हब और सांईस के दो बहुत ज़रूरी, बहुत फ़ायदेमंद मददगार है आदमियों के लिए। सांईसी ईल्म ज़राए और वजूहात बनाता है जो अमन, ख़ुशहाली और तहज़ीब के बहुत ज़रूरी है। मज़हब आसान करता है इन ज़राए के इस्तेमाल को अमन, ख़ुशहाली और तहज़ीब के लिए। इश्तराकियों ने बड़ी-बड़ी सनअतें कायम कीं, बड़े कारखाने, हैरान करने वाले रोकेट और सेटेलाईट

इस सांईसी ईल्म के ज़रिए उन्होने उसे जर्मनी और अमेरिका से चुराया। फिर भी, सिर्फ़ उनमें सांईस मौजूद है; वहाँ कोई मज़हबी तत्व नहीं है। यही वजह है के वो सांईसी पैदावार को अपने लोगों को तक़लीफ़ देने के लिए इस्तेमाल करते हैं, दूसरों पर हमला करने के लिए, और दुनिया के दूसरे हिस्सों में बग़ावत और क्रांती लाने के लिए। उन्होने हर जगह को एक तहख़ाना बना दिया। उनकी तरक़्क़ी सांईस में तहज़ीब का नतीजा नहीं बल्कि जंगली पने में है। अमन, ख़ुशहाली और इंसानी हुकूक को तोड़ा गया। सेकड़ों लोग मोहताज कर दिए गए अकलियतों के **मज़े के लिए**। इस वजह से, हमें कोशिश करनी चाहिए असली मज़हब को सीखने की और सच्चा मुसलमान बनने की।

"देखिए कुरआन अल-करीम सच्चे मुसलमान के बारे में क्या कहता है:

**"अच्छे से जानते है! अल्लाहु तआला के दोस्तों के लिए कोई डर नहीं है। उन्हे परेशान नहीं किया जाएगा!** (सूरह युनूस, **62**वीं आयत)

"आओ इस्लाम के कानून में यकीन रखें, वो ये, अल्लाहु तआला के एहकाम और मना किए हुए काम, इन कानून को मानने से, हमारे प्यारे पढ़ने वालों, हम एक दूसरे की मदद करने के क़ाबिल हो जाएगें, अपने मुल्क की मदद करेंगे अमन, ख़ुशहाली और ख़ुशियाँ लाने में ।"

# 6– इशतराकीयत और इशतराकियों की मज़हब से दुश्मनी

समाजी इंसाफ एक ऐसा ख़्याल है जो पुराने ज़माने से ही माना चला आ रहा है और जिसकी सभी मज़हबों, निज़ामें हुकुमतों और समाजी फिरकों ने वकालत की है। सिर्फ समाजी इंसाफ के साथ ही एक अच्छी तरह से तरतीब दिया हुआ और बाउसूल मुआशिरह कायम करना मुमकिन है उनके फ़रदों और जमाअतों के बीच बग़ैर किसी नफ़रत और गुस्से के।

समाजी इंसाफ़ का मतलब है के हर एक को उसके काम, जानकारी/ईल्म, हुनर और कामयाबी के मुताबिक उसको बराबरी का मुनासिब हिस्सा मिला और किसी का भी गलत इस्तेमाल या हक़ तलफ़ी/शोषण न हो। समाजी इंसाफ़ का मतलब है ज़िन्दा रहने के हक़ की शनाख़्त करना, उस शख़्स के लिए भी जिसने चाहे थोड़ा ही काम किया हो। समाजी इंसाफ़ की ये एक बुनियादी ज़रूरत है के हर काम करने वाला फर्द कम से कम जीने के मेयार तक पहुँच जाए।

समाजी इंसाफ़ का मतलब समाजी मसावत नहीं है। ये इंसाफ़ नही है बल्कि हर एक के लिए नाइंसाफ़ी है एक जैसी आमदनी होना, जैसे के एक क्लास में होता है सारे शार्गिदों के लिए, चाहे कामयाब हो या नहीं, अपने कोर्स /पाठय क्रम को पास करने के लिए। न तो कुदरत में न मुआशरे/समाज में, न ही कहीं ओर, मुकम्मल मसावत कहीं वजूद नही रखती।

अदलिया मसावात का मतलब है के लोगों पर एक जैसे मामले और हालात में एक जैसा बरताव करना। ये दोनों ग़ैर ज़रूरी है और नाकाबिले अमल

है के समाजी और ख़ासतौर पर मआशी मसावत को देखना या उसकी इच्छा रखना क्योंकि ये इंसाफ के ख़्याल की तसदीक नहीं करती। ग़ौर तलब बात ये नहीं है के मौजूदा सरमाए को कैसे बाँटा और तकसीम किया जाए सरबराहों के नम्बर के मुताबिक, बल्कि ये है के कैसे काम करने और कमाने के हालात को कैसे मुहैय्या कराया जाए के सबको उसकी मेहनत के बराबर मिले और मुनासिब पैसा उसको मिले।

समाजी इंसाफ़ कौमी आमदनी के बटवारे की अच्छे से हिफ़ाज़त करता है और शोषण और ज़ोर ज़बरदस्ती को ख़त्म करता है। ये कुछ लोगों के हाथों में सरमाए को इकट्ठा होने से रोकता है। ये हर किसी को ये हक़ देता है के वो अपनी ज़िन्दगी अपने मिआर के मुताबिक गुज़ारे। ये एक ऐसा मुआशरा कायम करता है बिना दुश्मनी का फिरकों और कौमों के बीच में। इस तरह के मुआशरेह में हर फर्द अपने हाल और मुसकबिल को ज़्यादा महफूज़ पाता है।

समाजी इंसाफ़ को कौमियत के नज़रिए से और एक मिली जुली मआशियत के ज़रिए भी समझा जा सकता है इसके आज़ाद ख़्याल जुज़ पर ज़ोर डालते हुए।

कौमियत एक ऐसा जोश है जो एक कौम को बेहतर करने के लिए इस्तेमाल होता है। कौमियत का मतलब है अपनी कौम से प्यार करना जहाँ का वो है, उसकी तरक्की के लिए काम करना, उसकी कौमी कदरों, इदारों, मज़हब और रिवायात को बचाना और उन्हे कायम रखना। समाजी इंसाफ़ को सबसे अच्छा और ज़्यादा फ़ायदेमंद पेश करने में जो ताकत है वो है इस्लाम मज़हब। मुसलमान ये यकीन रखते है के वो आपस में एक दूसरे के भाई है और उसी तरह एक दूसरे को प्यार करते हैं। वो ग़ैर मुसलमानों की जाएदाद, ज़िन्दगी और पाकिज़गी पर हमला नहीं करते। इस्लाम मज़हब लोगों के बीच आपसी प्यार और मदद को बढ़ावा देता है, नाइतेफ़ाकी से बाज़ रखता है,

काम करने का और हलाल तरीके से पैसा कमाने का हुक्म देता है, हर काम करने वाले को उसका मुनासिब पैसा देता है और हर किसी के माल की हिफ़ाज़त करता है। हर मुस्लिम, अपनी कमाई पर राज़ी है, सुकून और अमन से रहता है। कोई नही किसी के माल और ज़मीन को नुकसान पहुँचा सकता। वो जो ये जानते हैं के समाजी इंसाफ़ किया है और जो ये अपने सबब में ईमानदार हैं। वो इस्लाम का एहतराम और साथ देते हैं।

इशतराकीयत/समाजवाद का मतलब समाजी इंसाफ़ नहीं है। अपनी आम फ़हरिस्त के बावजूद, वो मुख़्तलिफ है और बल्कि पूरे तौर पर अलग हैं। वो ईमान और कुफ्र (कोई यकीन न होना) की तरह हैं, वो ये के, उनमें से एक वहाँ मौजूद नही होती जहाँ दूसरी होती है।

समाजवाद एक फर्द की मिलकीयत के खिलाफ़ दुश्मनी की मुख़ालफत करता है, मरकज़ी रियास्त पैदावार और तिजारत के सारे ज़रए पर काबू रखती है, तानाशाही का कयाम, मज़हब के ख़िलाफ़ दुश्मनी, सब काम करने वालों को मज़दूर बना लेती है, और मज़हब, तारीख़, कौम, मुल्क और रियास्त के ख़्यालात को मिटा देती है। थोड़े से खाने, कपड़े, घरेलू ज़िन्दगी की ज़रूरयात और एक या दो कमरों के सिवाए जिससे के एक शख़्स का मुश्किल से गुज़ारा होगा, एक फर्द की सारी आमदनी और कमाई उससे ले ली जाती है। इस तरह, लोग हर तरह के कारोबार, मुकाबले, ईजाद, यकीन और तरक्की से महरूम रह जाते हैं। उनकी सारी क़ाबिलियत और शख़्सीयत बेकार हो जाती है। गुलामों या मशीनी आदमी/रोबोट की तरह उनपर काबू रखा जाता है शदीद ज़ुल्म और अज़ीयत के साथ एक अकेले, ज़ालिम और बेरहम मरकज़ के ज़रिए, वो तब तक काम पर रखे जाते हैं जब तक के वो अपनी ताकत से थक नहीं जाते।

आज समाजवाद एक नकाब और एक औज़ार बन चुकी है लाल और पीली साम्राजयवाद की तानाशाही के लिए। अगर ऊपर कहे गए एक या ज़्यादा समाजवाद के उसूलों को बहुत नरमी से लगाया जाए या सिरे से लगाया जाए या सिरे से लगाया ही न जाए, तो उसे **कौमी समाजवाद** कहेंगे। अगर उनमें से सारे अज़ीयत और कत्ल के साथ नाफ़िज़ किए जाए, तो उसे **क्रान्तिकारी समाजवाद** या **इशतराकीयत/साम्यवाद** कहा जाएगा। समाजवाद और इशतराकीयत के मआनी हैं, बोलने के लिए, पहला और आख़री नाम फ़ितना अंगेज़ की फ़लसफ़े का। दोनों ही आदमी को माददा शे और नफ़सियाती इच्छाओं की इबादत करने वाला बनाती हैं। उसको अल्लाहु तआला से और अपने ज़मीर और अख़लाक से अनजान रहना सिखाती है, वो उसको सिर्फ़ खाने के लिए जीना सिखाते हैं, बिल्कुल वहशियों की तरह। और हुकुमत करने वाली अकलियती तानाशाही, पागल कुत्तों की तरह, हमला करती है और मार देती है लोगों को और एक दूसरे को दगाबाज़ी और बेईमानी से। इस तरह रूस और चीन में हर साल लाखों लोग मारे जाते हैं।

इशतराकीयत न सिर्फ ज़ालिम और बेरहम है बल्कि दग़ाबाज़, बातों में बहलाने वाली और छूत की बीमारी वाली भी है। मक्कार तरीके के साथ और शैतानियत पर कायम रहते हुए, बिना पसीजे हुए लगातार काम करता रहता है। ये न सिर्फ़ कई वज़अ/रूप बदल लेता है बल्कि ये भी जानता है अपने मक़सद/निशाने के कमज़ोर, ढीले पहलू पर कैसे वार किया जाए। मुसिबत और गरीबी का फ़ायदा उठाते हुए और मआशी/समाजी उसूलों को बरबाद करते हुए और अपने उकसाने वाले तरीकों के ज़रिए, ये जातियों के बीच झगड़ा पैदा करते हैं। ये अपना जासूसी का जाल बुनती है और मकड़ी के जाल की तरह इसे फ़ैलाती है। पैसा बाँटकर, ये आसानी से नीच, कमज़र्फ़ लोगों को अपने लाल जाल में फ़साने की बुनयाद रखती है। फिर, जान से मारने की धमकी देकर, वो उनसे हर बुरा काम करा लेती है। ये अपनी शैतानियत, की बहुत

अच्छी चाल खेलते हुए उनका सबसे अच्छा इस्तेमाल करती है उनको तोड़ने में और अपने मक़सद को अंदर से बिल्कुल बरबाद करने के लिए।

एक बार कोई मुल्क उसके भयंकर चंगुल में फँस जाता है, तो वहाँ कोई उम्मीद नहीं होती बचने की।इशतराकीयत एक सियासी आफ़त है जो ऐसी ख़तरनाक और इतनी मोहलिक एक मुल्क और उसके लोगों के लिए जैसे के एक फर्द के लिए कैंसर होता है।

अपने आपको इस धोखे में नहीं रखना चाहिए ये मानते हुए के इशतराकीयत एक ऐसा निज़ाम है उन सब सियासी जमाअतों में से एक का जो जमहूरियत पर कायम हुई हैं; और आज़ादी की छत के नीचे के इसके मुसत्कबिल की किस्मत पूरे तौर पर लोगों की इच्छा पर है, और ताकत में आएगी अपने वोटों से गिरेगी; और जैसा के आज़ाद दुनिया में देखा गया है, तहज़ील और इंसानियत के उसूलों की रसाई की तकलीद होती है।इसके दिलकश और लुभाने वाले अल्फाज़ों पर यकीन करते हुए, किसी की अपने आपको एक बेचारे मेंढक की तरह नहीं समझना चाहिए जिसे एक बड़े साँप ने अपने ज़हरीले दाँतों में पकड़ा हुआ है।

इशतराकी/साम्यवादी उन लोगों को जो जल्दी यकीन कर लेते हैं उन्हें अपने आपको कोशिश करते हैं “जन्नत का बाग़” दिखाने की उस फ़ासले पर जहाँ मौत का गढ़ा है जिसे नशरो इशाअत के कवर से छुपाया हुआ है, लेकिन लाखों मासूम लोगों की हडडियों से भरा हुआ है।

वो जो बहुत ज़्यादा ले लेते हैं और अपनी जानने की इच्छा की वजह से नशरो इशाअत/प्रचार की खुराकों का मज़ा चख़ते हैं और उसके आदी हो जाते हैं जो आज़ाद दुनिया की ज़मीन पर बिखरा पड़ा है बाल जादूगरों के ज़रिए; जो इशतराकीयत के प्यार में डूब जाते हैं इस दिखावे और वहमों में जो

इस नशे के असर से पैदा हुई, जब वो ठीक होते हैं तो पश्ताचाप और अफ़सोस में घिर जाते हैं।

**1952** में, मसेनटो, जो इटली में एक इशतराकी लीडर था, उसे इटली की अदालत ने उसकी इंकलाबी/बरबाद हरकतों की वजह से तीन साल के लिए जेल में डाला था।किसी तरह से वो जेल से बाहर निकलने में कामयाब हुआ और भाग कर चैकोसलोवाकिया चला गया, जो पहले से "जन्नत का बाग़" हासिल कर चुका था।अपने सपने के बीच में जागने पर और कढ़वा, नंगा सच देखने पर, वो वहाँ ज़्यादा देर नहीं ठहर पाया।थोड़े अरसे के लिए, वो अपना अफ़सोस और वहम में न पड़ना छुपाने की कोशिश करता रहा, लेकिन आख़िरकार उसे एक आज़ाद मुल्क की तरफ भागना पड़ा, ऑस्ट्रिया में, जहाँ उसने अपने आपको इटली को सौंपे जाने के लिए कहा इस नज़रिए से के वो अपने तीन साल कैद के पूरे करे सही तरीके से वो जेल में भेजा गया था।उसने कहा "इटली की जेलों में ज़िन्दगी गुज़ारना बहुत आरामदह और अच्छी है बनिस्बत इसके के एक साम्यवाद मुल्क में रहा जाए, जो हमें लगता था के जन्नत है।" कुछ के नाम जो, एक जैसे अफसोस और वहम से बाहर निकले हुए थे, जो उस लाल मौत के गढ़े से बच गए थे जो आज़ाद दुनिया के ज़रिए जाने गए वो हैं: करावचेनको, सखारोव, कसीअतोवा और बहुत सारे।ये जानी मानी सच्चाई है के तकरीबन डेढ़ लाख से ऊपर मुसिबतज़दा लोग, जिनमें से ज़्यादातर गाँव वाले और काम वाले/मज़दूर थे वो मग़रिब की तरफ भाग गए और कई आज़ाद मुल्कों में उन्होने पनाह ली जब दूसरी जंग-ए-अज़ीम ने आहिनी दीवार में सुराख़ किया तो उन्हे मौका मिल गया।उसके बाद, किस तरह ये वहमी बाए दल वाले इन तबाह हाल ग़मज़दा लोगों की हालत बयान करते जो लाल दुनिया से भागने में कामयाब रहे थे, जिसे उन्होने कोशिश की थी "जन्नत" की तरह बताने की?

